मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 10:30 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 30 नवंबर 2024
वर्ष 6, अंक 10, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





वेब के कैमरे में पहली बार कैद हुई गैलेक्सी सोम्ब्रेरो 16

बेस्टसेलर द किडनी स्कैम में काम करेंगी प्रभलीन 15


## हाइब्रिड मॉडल नहीं तो पाक के बिना ही होगी चैंपियंस ट्रॉफी : आईसीसी

- पीसीबी को हाइब्रिड मॉडल मंजूर नहीं, भारत के बिना टूर्नामेंट खेलने पर नहीं मिलेगा पैसा

**नई दिल्ली/दुबई।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अड़ियल रुख पर कड़ा रवैया अपनाते हुए कहा है कि वह या तो हाइब्रिड मॉडल अपनाए या फिर इस प्रतियोगिता से बाहर होने के लिए तैयार रहे। पीसीबी ने शुक्रवार को दुबई में आईसीसी कार्यकारी बोर्ड की आपात बैठक में हाइब्रिड मॉडल के अनुसार प्रतियोगिता की मेजबानी करने से स्पष्ट इनकार कर दिया था। सुरक्षा चिंताओं के कारण भारत के पाकिस्तान की यात्रा करने से इनकार करने के बावजूद पीसीबी ने एक बार फिर हाइब्रिड मॉडल को खारिज कर दिया, जिसके बाद आम सहमति नहीं बन सकी। आईसीसी के सूत्र ने कहा कोई भी प्रसारणकर्ता आईसीसी की ऐसी किसी भी प्रतियोगिता के लिए पैसा नहीं देगा जिसमें भारत शामिल न हो। पाकिस्तान के हाइब्रिड मॉडल पर सहमत होने के बाद ही शनिवार को आईसीसी की बैठक होगी। यदि पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार नहीं करता है तो चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन एक अन्य देश में किया जा सकता है और उसमें पाकिस्तान शामिल नहीं होगा।

### पाकिस्तान नहीं जाएगी भारतीय टीम

इस बीच दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने बीसीसीआई के रुख को दोहराया कि भारतीय टीम सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान की यात्रा नहीं कर सकती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता से जब नियमित संवाददाता सम्मेलन में भारतीय टीम के चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने की संभावना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा बीसीसीआई ने बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि वहां सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं हैं और इसलिए यह संभावना नहीं है कि टीम वहां जाएगी। नकवी ने बैठक में व्यक्तिगत रूप से भाग लिया क्योंकि वह पाकिस्तान का पक्ष रखने के लिए गुरुवार से दुबई में डटे हुए हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह बैठक में ऑनलाइन सम्मिलित हुए। शाह एक दिसंबर को आईसीसी चेयरमैन का पद संभालेंगे।

## वे अब चौकीदार को चोर नहीं बोल पाते : प्रधानमंत्री

### विपक्ष पर मोदी ने किया कटाक्ष, बोले- जनता से सिर्फ झूठ बोलते आए हैं सत्ता के भूखे लोग

- ओडिशा में पार्टी के कार्यक्रम में मोदी ने कहा- सत्ता के लिए विपक्ष जनता को कर रहा गुमराह

भुवनेश्वर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को विपक्षी दलों पर सत्ता हासिल करने के लिए देश को गुमराह करने का आरोप लगाया और कहा कि सत्ता के भूखे ये लोग जनता से सिर्फ झूठ बोलते आए हैं। उन्होंने इस क्रम में साल 2019 के लोकसभा चुनाव में राफेल विमान सौदे में कथित भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस की ओर से चलाए गए चौकीदार चोर है अभियान का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो चौकीदार 2019 में उनके लिए चोर था, वह साल 2024 आते-आते ईमानदार हो गया और अब वे एक बार भी चौकीदार को चोर नहीं बोल पाते। उन्होंने कहा कि विपक्ष का मकसद सिर्फ किसी तरह देश की जनता को गुमराह कर सत्ता पर कब्जा किया जाए, ताकि देश को लूटा जा सके। लगातार हो रही चुनावी हार ने विपक्षी दलों के भीतर इतना गुस्सा भर दिया है कि वे अब देश के खिलाफ साजिश करने में जुट गए हैं। भाजपा की ओडिशा इकाई के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी झूठ और अफवाह की दुकान 50-60 साल से चल रही है।



भुवनेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### राजनीति में नीतिगत विरोध बहुत स्वाभाविक

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने ओडिशा को केंद्र से मिलने वाले बजट को तीन गुणा किया, नई-नई योजनाएं चलाईं। इसलिए ओडिशा की जनता भाजपा की नीति और कार्यशैली को जान सकी। उनके मन में भाजपा को लेकर विश्वास पैदा हुआ और उन्होंने भाजपा को अशीर्वाद दिया। मोदी ने कहा कि दुनिया में भारत का प्रभाव 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद कई गुना अधिक हो गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीति में नीतिगत विरोध बहुत स्वाभाविक है, लेकिन कुछ समय से एक बहुत बड़ा बदलाव यह हुआ है कि संविधान की भावनाओं को कुचल दिया जाता है और लोकतंत्र की सारी मर्यादाओं को अस्वीकार किया जाता है। जो लोग सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं, उनके पास केंद्र की सत्ता पिछले एक दशक से नहीं है। कहा कि आज केंद्र सरकार ओडिशा के गौरव को बड़ी प्राथमिकता दे रही है और वह इस राज्य को देश- दुनिया के नक्शे पर लाना चाहती है।






## एक नजर

### डॉ. रतन पाल सिंह बने स्वास्थ्य महानिदेशक



**लखनऊ।** प्रदेश में महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ. रतन पाल सिंह सुमन को नया स्वास्थ्य महानिदेशक बनाया गया है। विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी की ओर से जारी आदेश में महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ. सुषमा सिंह को महानिदेशक परिवार कल्याण बनाया गया है। अन्य आदेश में बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण को महानिदेशक प्रशिक्षण नियुक्त किया गया है। अपर निदेशक अयोध्या मंडल डॉ. सुशील गुप्ता को बलरामपुर अस्पताल का निदेशक नियुक्त किया गया है।

### मप्र में करंट लगने से हाथी की गई जान

**सतना।** मध्यप्रदेश के मैहर जिले के रामनगर थाना क्षेत्र के कुंआ गांव में करंट लगने से एक जंगली हाथी की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार 11 केवी की विद्युत लाइन के तार के छू जाने के कारण गुरुवार की रात एक जंगली हाथी की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार हेतु हाथी को वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया।

### टीएमसी के पूर्व नेता कुंतल घोष को जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस के पूर्व युवा नेता कुंतल घोष को जमानत (बेल) दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि इस मामले में निकट भविष्य में सुनवाई पूरी होने की संभावना नहीं है, जबकि घोष पिछले 19 महीनों से हिरासत में हैं। घोष एक साल से अधिक समय बाद जेल से बाहर आएंगे, क्योंकि उन्हें घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में 20 नवंबर को जमानत दे दी गई थी।

## निचली अदालत मस्जिद सर्वे पर आगे न बढ़े

### संभल विवाद : सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को हाईकोर्ट जाने को कहा, तब तक यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने संभल की शाही जामा मस्जिद सर्वेक्षण विवाद के मामले शुक्रवार को जिला अदालत से कहा कि वह हाईकोर्ट में सुनवाई होने तक कोई कार्यवाही न करे। इसके साथ ही याचिकाकर्ता शाही जामा मस्जिद समिति को इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने और राज्य सरकार को इलाके में शांति और सद्भाव बनाए रखने का निर्देश दिया।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ ने प्रदेश सरकार को उस क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखने का निर्देश दिया, जहां भारी पथराव के दौरान पांच उपद्रवियों की पिछले दिनों मौत हो गई थी। पीठ ने आदेश दिया कि यदि कोई पुनरीक्षण आवेदन दाखिल किया जाता है, तो उस पर हाईकोर्ट में तीन दिनों के अंदर सुनवाई की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह भी आदेश दिया कि अधिवक्ता आयुक्त की सर्वेक्षण रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में रखी जाए। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि हम नहीं चाहते कि इस बीच कुछ भी हो उन्हें (शाही जामा मस्जिद समिति) उचित उपाय करने दें। हम इसे लंबित रखेंगे। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने कहा कि यह सर्वेक्षण करने का आदेश जनता को बहुत नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा कि देश भर में 10 ऐसे मुकदमे लंबित हैं, जिनमें सर्वेक्षण कराने की मांग की गई है। पीठ ने कहा कि हमें उम्मीद है और भरोसा है कि ट्रायल कोर्ट कोई कार्यवाही नहीं करेगा। हमने गुण-दोष के आधार पर कोई राय नहीं दी है। वादीगण के अनुसार, शाही जामा मस्जिद का निर्माण मुगल बादशाह बाबर ने श्री हरिहर मंदिर को ध्वस्त कर 1526 में करवाया था।




चंदौसी में कोर्ट के बाहर मौजूद भारी पुलिस बल। ● अमृत विचार

### इलाहाबाद हाईकोर्ट में दो और याचिकाएं दाखिल

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में संभल में हुई हिंसा को लेकर दो और याचिकाएं दाखिल की गई हैं। पहली याचिका में संभल के जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक, संबंधित एसएचओ तथा अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई है। हजरत ख्वाजा गरीब नवाज वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा अधिवक्ता साहेर नकवी और मोहम्मद आरिफ के माध्यम से यह याचिका दाखिल की गई। इसके अलावा पुलिस की गोलीबारी पर सवाल उठाते हुए नागरिक अधिकार संरक्षण संगठन द्वारा अधिवक्ता पवन कुमार यादव के माध्यम से एक अन्य याचिका दाखिल की गई है।

### सुनवाई टली, अब 8 जनवरी को होगी

- कड़ी सुरक्षा के बीच पेश हुए दोनों पक्षों के अधिवक्ता
- सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए दिया 10 दिन का समय

**चन्दौसी।** कड़ी सुरक्षा के बीच जिला न्यायालय स्थित सिविल जज सीनियर डिवीजन न्यायालय में शुक्रवार को जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने का दावा करने वाले मामले की सुनवाई हुई। इसमें कोर्ट कमिश्नर ने सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए समय मांगा। इस पर न्यायालय ने 10 दिन का समय सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए दिया। न्यायालय में आगामी सुनवाई 8 जनवरी को होगी। अदालत ने कहा कि इस बीच जामा मस्जिद में कोई सर्वे नहीं होगा। सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष से विष्णु शंकर जैन के स्थान पर श्रीगोपाल शर्मा और मुस्लिम पक्ष की ओर से शकील वारसी समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे। सिविल जज सीनियर डिवीजन आदित्य सिंह की कोर्ट में दिन में 11.20 बजे सुनवाई शुरू हुई। इसमें कोर्ट कमिश्नर रमेश राघव ने प्रार्थना पत्र देकर सर्वे रिपोर्ट तैयार नहीं होने की बात कही। रिपोर्ट पेश करने के लिए समय मांगा। इस पर कोर्ट ने 10 दिन में रिपोर्ट पेश करने को कहा। मस्जिद पक्ष के अधिवक्ता ने मंदिर पक्ष के दावे की कापी नहीं मिलने की बात कही। कोर्ट ने मस्जिद पक्ष को दावे की कापी देने के निर्देश दिए।

### जनवरी में सूचीबद्ध करने का निर्देश

पीठ ने मामले को 6 जनवरी से शुरू सप्ताह में विचार के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष वादी हरि शंकर जैन और अन्य की ओर से पेश हुए अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा था कि सिविल जज के समक्ष सुनवाई की तिथि 8 जनवरी तय है।

### मथुरा शाही ईदगाह मामले में 9 दिसंबर को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित हिंदू पक्ष के 18 मामलों की विचारणीयता को चुनौती देने वाली मस्जिद समिति की याचिका पर 9 दिसंबर को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हम इस पर 9 दिसंबर को दोपहर 2 बजे विस्तार से विचार करेंगे। हमें यह तय करना है कि कानूनी स्थिति क्या है।

## राज कुंद्रा-शिल्पा शेट्टी के घर ईडी का छापा

- कानपुर, गोरखपुर और कुशीनगर में भी छापेमारी, पोर्नोग्राफी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का मामला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/कानपुर

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और व्यवसायी राज कुंद्रा समेत कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर छापेमारी की। मामला अश्लील कंटेंट (पोर्नोग्राफी) से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का है, जिसे लेकर मुंबई के अलावा उत्तर प्रदेश में करीब 15 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है।

उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को कानपुर, कुशीनगर समेत कई जिलों में ईडी ने छापेमारी की। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राजकुंद्रा बड़े कारोबारी हैं। राज कुंद्रा के खिलाफ ही मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की टीम राजकुंद्रा प्रोडक्शन का काम देखने वाले कर्मचारियों और उनके करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। कुंद्रा के एक करीबी अतुल श्रीवास्तव को गोरखपुर से ईडी ने हिरासत में लिया। अतुल के पडरौना बैंक खाते से लेन-देन के शक में जांच की जा रही है। राज कुंद्रा के पोर्नोग्राफी और मनी लांड्रिंग के मामले में राज प्रोडेक्शन का काम संभालने वाले अरविंद श्रीवास्तव के कानपुर में श्यामनगर स्थित सदन अपार्टमेंट के फ्लैट पर भी ईडी ने छापेमारी की। अरविंद कानपुर आईआईटी से इंजीनियरिंग करने के बाद पत्नी हर्षिता के साथ सिंगापुर में रहता है। अरविंद सिंगापुर में रहकर राज कुंद्रा प्रोडक्शन का काम संभाल रहा था। सूत्रों ने बताया कि अरविंद की पत्नी हर्षिता के बैंक खाते में मई 2019 से 2021 के बीच 2 करोड़ 33 लाख 222 रुपये आए थे। इसी के बाद हर्षिता और अरविंद की जांच चल रही है। वर्ष 2021 में मुंबई पुलिस ने एक लड़की की शिकायत पर कुंद्रा के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इसके बाद पुलिस ने पोर्न फिल्म बनाने के ठिकाने पर छापेमारी की और कुंद्रा समेत 11 लोगों को गिरफ्तार किया था। ताजा कार्रवाई में ईडी ने 27 नवंबर को नोटिस दिया था।

### 40 प्रतिष्ठानों पर आयकर विभाग की छापेमारी जारी

**लखनऊ/कानपुर :** आयकर विभाग की टीम कानपुर की एक बड़ी इस्पात कंपनी समेत उनसे जुड़े 40 से अधिक प्रतिष्ठानों में छापेमारी कर रही है। कानपुर के साथ ही उन्नाव, हमीरपुर, गाजियाबाद, नोएडा समेत कई शहरों में आयकर टीमें जांच करती रहीं। कंपनी संचालक के आवास, अलग-अलग शहरों में फैक्ट्रियों के अलावा कारोबार से जुड़े कई व्यापारियों के ठिकानों पर भी टीमें पहुंचीं।

## बांग्लादेश में तीन हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़

- सैकड़ों की भीड़ ने फेंके ईंट पत्थर, मंदिरों के द्वार क्षतिग्रस्त
- मातृ मंदिर, शनि मंदिर और कालीबाड़ी को बनाया निशाना

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश के चट्टोग्राम में शुक्रवार को नारेबाजी कर रही भीड़ ने तीन हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ की। इस्कॉन के एक पूर्व सदस्य के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किए जाने के बाद से चट्टोग्राम में विरोध प्रदर्शन जारी है। न्यूज पोर्टल बीडीन्यूज24 डॉट कॉम ने अपनी खबर में कहा कि यह हमला बंदरगाह शहर के हरीश चंद्र मुनसेफ लेन में दोपहर करीब 2:30 बजे हुआ और इस दौरान शांतानेश्वरी मातृ मंदिर, शनि मंदिर और शांतनेश्वरी कालीबाड़ी मंदिर को निशाना बनाया गया।

समाचार पोर्टल ने मंदिर अधिकारियों के हवाले से बताया कि नारेबाजी कर रहे सैकड़ों लोगों के एक समूह ने मंदिरों पर ईंट-पत्थर फेंके, जिससे शनी मंदिर और अन्य दो मंदिरों के द्वार क्षतिग्रस्त हो गए। कोतवाली पुलिस स्टेशन के प्रमुख अब्दुल करीम ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि हमलावरों ने मंदिरों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। पुलिस ने कहा कि मंदिरों को बहुत कम नुकसान हुआ है।




बांग्लादेश में इस्कॉन के खिलाफ प्रदर्शन करते लोग। ● एजेंसी

### बिरसा मुंडा के प्रपौत्र मंगल मुंडा का निधन

**रांची।** आदिवासी नेता बिरसा मुंडा के प्रपौत्र मंगल मुंडा की शुक्रवार को हृदय गति रुकने से मौत हो गई। मंगल मुंडा (45) एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे और यहां राज्य के शीर्ष अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में उनका इलाज किया जा रहा था। उन्होंने रिम्स में रात साढ़े 12 बजे अंतिम सांस ली। झारखंड के खूंटी जिले में 25 नवंबर को एक यात्री वाहन की छत से गिरने के कारण मंगल मुंडा के सिर में गंभीर चोट आई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुंडा के निधन को आदिवासी समाज के लिए क्षति बताया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्यपाल संतोष गंगवार ने भी शोक व्यक्त किया है।

## दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि घटकर 5.4 % पर आई

- दो साल के निचले स्तर पर, एक साल पहले 8.1 % पर थी

नई दिल्ली, एजेंसी

विनिर्माण और खनन क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर लगभग दो साल के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई। हालांकि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। एक साल पहले की समान अवधि में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था धीमी होकर 5.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी। जीडीपी वृद्धि का पिछला निम्न स्तर वित्त वर्ष 2022-23 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 4.3 प्रतिशत रहा था। जीडीपी वृद्धि में आई इस सुस्ती के बावजूद भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहा। इस साल जुलाई-सितंबर तिमाही में चीन की जीडीपी वृद्धि 4.6 प्रतिशत रही। राष्ट्रीय सांख्यिकी आंकड़ों के मुताबिक, कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर पिछली तिमाही में 3.5 प्रतिशत हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 1.7 प्रतिशत थी।

### सज्जन कुमार के एक मामले में 16 को फैसला

- 1984 के सिख विरोधी दंगे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत 1984 के सिख-विरोधी दंगों के सिलसिले में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार के खिलाफ हत्या के एक मामले में 16 दिसंबर को अपना फैसला सुनाएगी। यह मामला सिख-विरोधी दंगों के दौरान सरस्वती विहार इलाके में दो लोगों की कथित हत्या से जुड़ा है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा को शुक्रवार को आदेश पारित करना था, लेकिन उन्होंने यह कहते हुए इसे टाल दिया कि फैसला तैयार नहीं है। अदालत ने एक नवंबर, 1984 को जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या से संबंधित मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## महाराष्ट्र में बस पलटने से 11 यात्रियों की मौत

- गोंदिया जिले में दोपहिया वाहन को बचाने के प्रयास में हादसा

गोंदिया, एजेंसी

महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में शुक्रवार दोपहर महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बस पलट जाने से 11 यात्रियों की मौत हो गई और 25 घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि बस 36 यात्रियों को लेकर भंडारा से गोंदिया जिले की ओर जा रही थी, लेकिन सड़क अर्जुनी तालुका के खजरी गांव में अचानक सामने आए दोपहिया वाहन से टकराने से बचने के लिए चालक ने ब्रेक लगाया जिससे बस पलट गई। हादसा दोपहर करीब साढ़े 12 बजे हुआ। कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों के लिए 10-10 लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की। शिंदे ने कहा कि जरूरत पड़ने पर घायलों को विशेष उपचार के लिए निजी अस्पतालों में भर्ती कराया जाए जिसका खर्च राज्य सरकार देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुख जताया और मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख तथा घायलों को 50 हजार रुपये की मदद देने की घोषणा की।

### सात हत्यारोपियों को मौत की सजा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के चुचुरा में जिला सत्र न्यायालय ने 2020 में एक व्यक्ति की जघन्य हत्या के मामले में सात लोगों को मौत की सजा सुनाई है। सभी पर बिष्णु मल की हत्या करने और शव को क्षत-विक्षत करने का दोष सिद्ध हुआ तथा एक अन्य को मृतक के अंग को नष्ट करने का दोषी पाया गया। फास्ट ट्रैक कोर्ट, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चुचुरा ने मल की हत्या के लिए गुरुवार को विशाल दास और उसके छह अन्य साथियों को मौत की सजा सुनाई। अभियोजन के अनुसार, दास और उसके सहयोगियों ने 11 अक्टूबर 2020 को मल को उसके घर के पास से अगवा कर उसकी हत्या कर दी और शव के टुकड़े कर फेंक दिए।

**विडंबना** — लंबी पढ़ाई और हाई रिस्क जोन बना बड़ी वजह, अमृत विचार ने वरिष्ठ चिकित्सकों से बातचीत कर जाना सर्जरी का भविष्य

## सर्जिकल विशेषज्ञता लेने से कतरा रहे एमबीबीएस डॉक्टर्स

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** सुपर स्पेशलिस्ट सर्जन्स की मांग के बावजूद एमबीबीएस डॉक्टर्स नॉन सर्जरी जैसे पाठ्यक्रम को अधिक महत्व दे रहे हैं। इस वर्ष नीट पीजी ऑल इंडिया काउंसलिंग में इसके प्रमाण मिले हैं।

पहले राउंड में मात्र 14 प्रतिशत एमबीबीएस चिकित्सकों ने एमएस (सर्जरी की सभी शाखाएं) में दाखिला लिया है। ये डॉक्टर, विशेषज्ञ तो बनेंगे मगर सर्जन नहीं होंगे। विशेषज्ञों से इसका कारण पूछा गया तो किसी ने इसकी वजह अस्पतालों में तोड़फोड़, मरीज-तीमारदारों का अभद्र व्यवहार बताया तो किसी ने लंबी पढ़ाई व महंगे सेटअप का हवाला दिया। सर्जरी का भविष्य क्या होगा, अमृत विचार ने इस सवाल का जवाब वरिष्ठ चिकित्सकों से बातचीत कर समझा।



"विशेषज्ञता कोई भी हो, सरकारी नौकरी में वेतन बराबर है। जबकि सर्जन को इमरजेंसी समेत हर स्तर पर सतर्क रहना पड़ता है। सर्जिकल ब्रांच में इमरजेंसी होती है, जिससे सरर्जन्स की निजी लाइफ खासी प्रभावित होती है। कम एडमिशन हो रहे हैं, भविष्य में इसका खास प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि सीटें सभी फुल होती हैं।
– **प्रो. निशा सिंह**, क्वीन मेरी, केजीएमयू



"मेडिको लीगल मामले अधिक आते हैं, आए दिन मारपीट की घटनाएं हो रहीं हैं। सभी डॉक्टर अपनी जान बचाना चाहते हैं और सुरक्षित जोन चुन रहे हैं। टापर्स के पास विकल्प होता है, इसलिए नॉन सर्जरी ब्रांच अपना रहे हैं। इतना ही नहीं अच्छा सर्जन बनने में करीब 40 साल की उम्र बीत जाती है।
– **डॉ. अंकित पचौरी**, पूर्व उपाध्यक्ष आरडीए कैंसर इंस्टीट्यूट, लखनऊ



"जनरल सर्जरी के बाद बाद सुपर स्पेशयलिटी करनी होती है। सर्जरी सीखने में समय अधिक लगता है। ओटी सेटअप लगाना अत्यधिक महंगा है। साथ ही इलाज से असंतुष्ट होने पर तीमारदारों के अभद्र व्यवहार की वजह से सर्जरी क्षेत्र हाई रिस्क जोन बन चुका है। इसलिए युवा डॉक्टर्स नॉन सर्जिकल ब्रांच को महत्व दे रहे हैं।
– **प्रो. जेडी रावत**, विभागाध्यक्ष पीडियाट्रिक सर्जरी, केजीएमयू



"सर्जन ही नहीं, स्त्री रोग विशेषज्ञों को भी रात-दिन ड्यूटी करनी होती है। इमरजेंसी ड्यूटी करने का घर-परिवार पर खासा प्रभाव पड़ता है। प्रसव के दौरान ब्लीडिंग होने का खतरा ज्यादा होता है। अगर सुरक्षित प्रसव के लिए सिजेरियन किया तो रुपये कमाने के आरोप लगते हैं। डॉक्टर तनाव नहीं सुकून चाहता है। इसलिए टॉपर्स, जिसके पास विकल्प हैं, नॉन सर्जिकल ब्रांच को महत्व दे रहे हैं। इतना ही नहीं नॉन क्लीनिकल ब्रांचों में भी मेडिकल छात्र बढ़ रहे हैं। – **डॉ. अतुल कुमार अग्रवाल**, बाल रोग विशेषज्ञ, बरेली।

## आज का मौसम

सुबह कोहरा छाएगा और फिर धूप खिलेगी।

25.0° अधिकतम तापमान | 10.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- बरेली जिला फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से आईवीआरआई स्टेडियम में जिला फुटबॉल लीग दोपहर 2 :30 बजे।
- जिला पंचायत बरेली बोर्ड की बैठक जीआईसी ऑडिटोरियम में दोपहर 12 बजे।
- रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज ग्राउंड पर ईपीएफओ उत्तरी अंचल की वालीबॉल और बास्केटबॉल प्रतियोगिता सुबह 9 .30 बजे।
- डांस स्पोर्ट्स एसोसिएशन बरेली यूनिट की ओर से आईएमए हाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- एसआरएमएस में दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव जेस्ट-2024 सुबह 10 बजे।
- बिशप इंटर कालेज मैदान में स्काउट एवं गाइड रैली का समापन दोपहर 1 बजे।
- यूपी स्टेट कंस्ट्रक्शन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन के चैयरमेन वाईपी सिंह का मिनी बाईपास पर रोडवेज बस स्टैंड का निरीक्षण सुबह 11 :45 बजे और स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण दोपहर 12 :15 बजे।
- नेता विरोधी दल विधानसभा माता प्रसाद पांडे सर्किट हाउस में दोपहर 1 बजे।
- एमजी कान्वेंट स्कूल के वार्षिक उत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम रामलीला ग्राउंड सुभाष नगर में शाम 4 :30 बजे।
- सनातन धर्म सेवा समिति की ओर से कीर्तन एवं भंडारा शीतला माता मंदिर आयकर विभाग के पीछे सुबह 11 बजे।

## एक नजर

### जिला पंचायत बोर्ड की बैठक आज

**बरेली, अमृत विचार :** अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत डॉ. नीतू सिसौदिया ने बताया कि जिला पंचायत बरेली बोर्ड की बैठक 30 नवंबर को 12 बजे जीआईसी ऑडिटोरियम में जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में होगी। बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही पुष्टि, जिला पंचायत बरेली का वित्तीय वर्ष 2024-25 का पुनरीक्षित बजट, वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना की स्वीकृति, वित्तीय वर्ष 2024-25 के कर प्रस्तावना सूची का अनुमोदन, लाइसेंस उपविधि के संशोधन आदि पर विचार होगा।

### टूटा खंभा नहीं किया जा रहा है सही

**बरेली, अमृत विचार :** शाहजहांपुर रोड पर कैंट क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट का खंभा कई दिनों पहले हादसे में टूट गया था लेकिन इसे अब तक दोबारा नहीं लगाया गया है। इसके अलावा लाइटें भी नहीं जल रही हैं।





## 10 करोड़ का 'झाड़' है ये

स्मार्ट सिटी कंपनी की ओर से 9 .59 करोड़ खर्च करके संजय कम्युनिटी हॉल के तालाब का सौंदर्यीकरण कराया गया था और इसे अमृत सरोवर नाम दे दिया था। जितने जतन से अफसरों ने यहां बजट खर्च किया, उतने जतन पब्लिक को इसका उपयोग करने का मौका देने के लिए नहीं किए। उससे भी ज्यादा दुखद यह है कि अमृत सरोवर की देखभाल की जिम्मेदारी संभालने को कोई तैयार नहीं है। नतीजा क्या है, इस अमृत सरोवर की हालत खुद ही बता रही है। सरोवर के किनारे विकसित किए गए पार्क में झाड़-झंकाड़ के सिवा कुछ नहीं बचा है. सरोवर का पानी भी कीचड़ जैसा हो गया है। ● अमृत विचार



## अब संजय कम्युनिटी हॉल पर नगर निगम खर्च करेगा एक करोड़

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नगर विकास विभाग को डीपीआर भेजकर मांगी वित्तीय स्वीकृति

**अमृत विचार:** संजय कम्युनिटी हॉल को सजाने के लिए नगर निगम एक करोड़ रुपये खर्च करेगा। इसकी डीपीआर बनाकर नगर विकास विभाग को भेजी गई है।

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से संजय कम्युनिटी अमृत सरोवर का निर्माण हुआ है। अब नगर निगम ऑडिटोरियम को सजाएगा। इसके लिए डीपीआर भेजकर नगर विकास विभाग से वित्तीय मंजूरी मांगी गई है। योजना इस




ऑडिटोरियम को भी जीआईसी ऑडिटोरियम की तरह विकसित करने की है ताकि लोग इसका ज्यादा उपयोग करें और इसे नगर निगम की आय का जरिया बनाया जा सके। बता दें कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत संजय कम्युनिटी अमृत सरोवर पर 9.59 करोड़ खर्च किए गए थे। पिछले सप्ताह कुछ एजेंसियों ने इसे चलाने के लिए टेंडर की शर्तों में कुछ बदलाव की मांग की। उनकी आपत्तियों पर अधिकारी मंथन कर रहे है। इस कारण टेंडर प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हो पाई है।

# पहली कार्रवाई... हाउस टैक्स का बकाया अदा न करने पर होटल चड्ढा पैलेस कुर्क

## नगर निगम की टीम ने फर्नीचर, बेड, टीवी बगैरह कब्जे में लेकर होटल पर लगाई सील

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 27 लाख का था बकाया, कई नोटिस के बाद भी नहीं किया अदा

**अमृत विचार :** हाउस टैक्स के बकायादारों के खिलाफ नगर निगम ने शुक्रवार को कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी। पहली कार्रवाई पुराना रोडवेज स्टैंड से सटे होटल चड्ढा पैलेस के खिलाफ हुई, जहां नगर निगम की टीम ने सारा सामान कब्जे में लेने के बाद मेन गेट पर अपनी सील लगा दी।

होटल चड्ढा पैलेस पर हाउस टैक्स के 27 लाख रुपये बकाया थे। नगर निगम की ओर से डिमांड नोटिस के बाद कुर्की नोटिस भी जारी किया जा चुका था लेकिन इसके बावजूद बकाया अदा नहीं किया गया। शुक्रवार दोपहर मुख्य कर निर्धारण अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्र, कर निर्धारण अधिकारी राजवीर सिंह और उप नगर आयुक्त पूजा त्रिपाठी के साथ नगर निगम की टीम रोडवेज स्टैंड पहुंच गई। अधिकारियों ने चड्ढा पैलेस के मालिक से बकाया टैक्स अदा करने को कहा लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद टीम ने होटल में मौजूद, बेड, कुर्सी, मेज, काउंटर, टीवी आदि सामान जब्त कर नगर निगम भिजवाने के बाद मेन गेट पर सील लगा दी। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने बताया कि बड़े बकायादारों के खिलाफ सख्ती शुरू कर दी गई है। नए और पुराने सभी टैक्सदाताओं को पूरा बकाया जमा करना होगा।



होटल चड्ढा पैलेस में कुर्की के दौरान सामान जब्त करके ले जाती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार



होटल मालिक से बात करते नगर निगम के अधिकारी।

## होटल कुर्क करने के बाद अचानक शुरू किया अतिक्रमण विरोधी अभियान तो मची खलबली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** होटल चड्ढा पैलेस में कुर्की करने पहुंची नगर निगम की टीम ने अचानक पुराना रोडवेज के पास अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान शुरू कर दिया। इससे खलबली मच गई। टीम ने जेसीबी चलाकर कई दुकानों के रैंप और होर्डिंग तोड़ दिए और सामान जब्त कर लिया। विरोध हुआ तो प्रवर्तन दल ने लाठी फटकार कर भीड़ को खदेड़ दिया। हालांकि गुस्सा बढ़ता देख टीम कुछ ही देर बाद लौट गई।

होटल की कुर्की करने वाली टीम मे अतिक्रमण हटाओ अभियान के वरिष्ठ प्रभारी संयुक्त नगर आयुक्त मयंक यादव और प्रभारी राजवीर सिंह भी शामिल थे। होटल गेट पर सील लगाने के बाद अचानक उन्होंने टीम के साथ पुराने रोडवेज अड्डे के पास अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया। आसपास की कई दुकानों के बाहर रखा सामान जब्त करने के साथ नालियों पर बनाए गए रैंप और बाहर लगे होर्डिंग तोड़ते हुए नगर निगम की टीम नावल्टी चौराहे तक पहुंच गई।

नगर निगम की इस कार्रवाई से दुकानदारों में भारी गुस्सा फैल गया। भीड़ इकट्ठी होने पर पहले नगर निगम के प्रवर्तन दल ने उसे डंडे फटकार कर खदेड़ा, फिर दुकानदारों का गुस्सा बढ़ता देख अफसर अभियान बंद कर चलते बने।



रोडवेज बस अड्डे के पास अतिक्रमण हटाकर नगर निगम की टीम ने सामान जब्त किया।

### कार्रवाई के विरोध में खोखे में लगा दी आग



नगर निगम की टीम का कुछ लोगों ने विरोध किया लेकिन कार्रवाई जारी रही। इस दौरान किसी ने एक खोखे में आग लगा दी, जिससे अफरातफरी मच गई और आग को बुझाया गया। आग से कुछ सामान भी जल गया।

# स्मार्ट सिटी : वार्डों के बीच आज से शुरू होगी स्वच्छता प्रतियोगिता

- सात दिन की प्रतियोगिता के बाद शासन जारी करेगा सभी वार्डों की रैंकिंग
- चैंपियन बनने वाले वार्ड के कर्मचारियों-अधिकारियों को किया जाएगा पुरस्कृत

**बरेली, अमृत विचार:** प्रदेश में शनिवार से शुरू होने जा रही स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता के लिए नगर निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। सात दिन की इस प्रतियोगिता के बाद तय गाइड लाइन के मुताबिक शासन स्तर से रैंकिंग जारी की जाएगी।

राज्य मिशन निदेशक की ओर से जारी आदेश के मुताबिक स्मार्ट सिटी को स्वच्छ बनाने के लिए नगर विकास मंत्रालय की योजना के तहत इस प्रतियोगिता में वार्डों के बीच स्वच्छता की स्पर्धा होगी। गाइड लाइन के मुताबिक इस प्रतियोगिता के दौरान एक वार्ड के अधिकारी दूसरे वार्ड में क्रॉस चेकिंग कर नोडल अधिकारी को स्वच्छता के लिए किए गए कामों का रिपोर्ट देंगे। इसी रिपोर्ट पर वार्डों को नंबर दिए जाएंगे। बाद में इसी आधार पर उनकी रैंकिंग तय की जाएगी।



स्मार्ट सिटी को स्मार्ट तरीके से स्वच्छ रखने के लिए वार्डों के बीच प्रतियोगिता कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें एक वार्ड के अधिकारी दूसरे वार्ड में जाकर जांच करेंगे और रिपोर्ट देंगे। बेहतर काम करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। मैं भी प्रतियोगिता केदौरान निरीक्षण करूंगा। **– उमेश गौतम, मेयर**

विजेता वार्डों में तैनात कर्मचारियों और अधिकारियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

### इन बिंदुओं पर होगा सफाई का आंकलन

● वार्डों में कचरे का वाहनों से नियमित उठान ● घरों में कंपोस्ट प्लांट के साथ कचरे का पृथक्कीकरण ● लोगों में सफाई के प्रति जागरूकता ● सड़कों और नालियों की नियमित सफाई का स्तर ● निर्माणीधीन भवन और सामग्री का निस्तारण। ● सार्वजनिक शौचालयों की सफाई व्यवस्था ● वार्ड में बगीचों के रखरखाव का स्तर। ● वार्ड में पार्कों के रखरखाव का स्तर

### काठगोदाम-जम्मूतवी 1 दिसंबर से 28 फरवरी तक निरस्त

**बरेली, अमृत विचार:** कोहरे की वजह से रेलवे की ओर से लगातार ट्रेनों को निरस्त किया जा रहा है। अब पूर्वोत्तर रेलवे ने दो और ट्रेनों को निरस्त किया है।

पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 12207 काठगोदाम-जम्मूतवी और 12208 जम्मूतवी-काठगोदाम एक्सप्रेस 1 दिसंबर से 28 फरवरी तक निरस्त रहेगी।

## गांधी आश्रम और यूपिका से खरीदे जाएंगे 20 हजार कंबल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सभी पार्षदों को दिए जाने हैं दो-दो सौ कंबल

**अमृत विचार:** नगर निगम ठंड में बेसहारा लोगों को बांटने के लिए 20 हजार कंबलों की खरीद करेगा। टेंडर प्रक्रिया के लिए फाइल को तैयार कर ली गई है। सभी कंबल उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रियल कोऑपरेटिव एसोसिएशन सहकारी समिति लिमिटेड कानपुर (यूपिका) और गांधी आश्रम से खरीदने के निर्देश दिए गए हैं।

तीन दिन पहले कार्यकारिणी की बैठक में कंबल खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद अधिकारी अब टेंडर प्रक्रिया पूरी करने में जुट गए हैं। इसके लिए मेयर उमेश गौतम ने शुक्रवार को अधिकारियों को निर्देश दिया है कि हर हाल में दिसंबर के पहले सप्ताह में पूरी प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। इसके लिए जिन एजेंसियों से खरीदारी की जानी है, उनसे कोटेशन मांग लिया जाए। इसका ध्यान रहे कि कंबल गुणवत्ता परक होने चाहिए, ताकि लोगों को ठंड न लगे। सभी पार्षदों को 200-200 कंबल दिए जाने हैं। इसलिए कम से कम 20 हजार कंबल खरीदे जाएं, ताकि कम न पड़ें। पार्षदों की ओर से उनके वार्ड में जरूरतमंद लोगों को कंबल समय से मुहैया कराए जाएं।

### सभी वार्डों के सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की होगी व्यवस्था, 20-20 क्विंटल दी जाएगी लकड़ी

नगर निगम के सभी वार्डों में 20-20 क्विंटल लकड़ी की व्यवस्था की गई है। इसके लिए पार्षदों से सूची मांगी गई है कि वह अपने वार्ड के सार्वजनिक स्थानों के बारे में जानकारी दें, ताकि उनके बताए गए स्थान पर अलाव की व्यवस्था की जा सके। आने वाले समय में अलाव का औचक निरीक्षण भी किया जाएगा और अलाव न जलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## ठंड में धुंध छाएगी प्रदूषण विभाग ने निगरानी शुरू की

**बरेली, अमृत विचार:** मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में घने कोहरे के साथ धुंध छाने का अलर्ट जारी किया है। ऐसे में प्रदूषण का स्तर भी खराब होगा। इसकी वजह से प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने टीमों को अलर्ट कर निगरानी शुरू कर दी है।

शहर में वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई मापने के लिए दो यंत्र प्रदूषण नियंत्रण कार्यालय और राजकीय इंटर कॉलेज में लगे हुए हैं। प्रदूषण नियंत्रण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी चंद्रेश कुमार ने बताया कि दिवाली के बाद शहर की हवा खराब हो गई थी लेकिन अब प्रदूषण का स्तर 70 से भी कम है जो सामान्य स्थिति है। आने वाले दिनों में कोहरे के दौरान धुंध छाएगी। इस दौरान एक्यूआई में कुछ बढ़ोत्तरी हो सकती है। विभाग की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं और शहर में एक्यूआई बढ़ाने में जो भी कारक बन रहे हैं उन्हें भी सतर्क कर दिया गया है। शुक्रवार को राजेंद्र नगर में एक्यूआई 66 और सिविल लाइंस में 67 रिकॉर्ड किया गया। इनमें सीओ की मात्रा सबसे ज्यादा है। बता दें कि दिवाली के बाद राजेंद्र नगर में एक्यूआई तीन सौ के करीब पहुंच गया था।

# महीने भर के अंदर खाद्य तेलों पर 10 फीसदी महंगाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आटा-मैदा समेत राशन की चीजें भी हुई महंगी, व्यापारियों ने केंद्र सरकार के सीमा शुल्क बढ़ाने को बताया कारण

**अमृत विचार :** सब्जियों पर छाई महंगाई पहले से आम आदमी का इम्तिहान ले रही है, अब खाद्य तेलों और राशन की चीजें महंगी होने से एक और झटका लगा है। महीने भर के अंदर खाद्य तेलों पर 10 से 15 फीसदी तक दाम बढ़ गए हैं। इसके साथ आटा, मैदा और सूजी समेत राशन की कई चीजों के भी भाव चढ़ने लगे हैं। व्यापारियों का कहना है कि केंद्र सरकार की ओर से खाद्य तेलों पर सीमा शुल्क बढ़ाने से घरेलू बाजार की कीमतों पर असर पड़ा है।

खाद्य तेलों के भाव कुछ महीने पहले भी बढ़े थे जो फिर कम नहीं हुए। अब फिर एकाएक महंगाई बढ़ गई है। सोया रिफाइंड पर एक महीने के अंदर करीब 20 रुपये तक की तेजी आ गई है। अब बाजार में इसका रेट 140 रुपये लीटर तक पहुंच गया है। ब्रांडेड सोया रिफाइंड भी 15 रुपये लीटर महंगा हो गया है। इसकी कीमत अब 150 रुपये लीटर है। इसी अनुपात में सूरजमुखी, पाम और सोयाबीन के तेल के भावों में भी बढ़ोतरी हुई है। व्यापारियों का कहना है कि केंद्र सरकार ने रिफाइंड तेल पर सीमा शुल्क को 12.5 से बढ़ाकर 32.5 फीसदी कर दिया है जिसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है।

कारोबारियों ने बताया कि तेल के साथ आटा और मैदा भी महंगा हो गया है। इसमें दो से तीन रुपये किलो तक की वृद्धि हुई है। ब्रांडेड कंपनी का आटा 32 रुपये था जो अब 35 रुपये का हो गया है। आटे पर लगातार तेजी आ रही है। इसी तरह मैदा 34 रुपये किलो बिक रही थी जो अब 36 रुपये हो गई है।



हाल ही में सरकार ने खाद्य तेल पर सीमा शुल्क बढ़ाया है, इसी कारण खाद्य तेलों के दामों में तेजी दिखने लगी है। 20 दिन में ही रिफाइंड पर 15 से 17 रुपये लीटर तक तेजी आई है। कोई राहत मिलने की उम्मीद भी नजर नहीं आ रही। **– पुलकित,** तेल-रिफाइंड कारोबारी शहामतगंज

कुछ समय पहले केंद्र सरकार की ओर से सीमा शुल्क बढ़ाया गया। इससे खाद्य तेलों में तेजी आई है। सर्वाधिक असर रिफाइंड और सरसों के तेल पर पड़ा। तेल के टिन में 70 रुपये तक की तेजी आई है। और खाद्य पदार्थों के दाम भी बढ़े हैं। **–ऋषि गोयल,** तेल कारोबारी, माधोबाड़ी

# संभल निकले मौलाना तौकीर रजा को सीबीगंज से लौटाया

## पुलिस ने समर्थकों समेत हिरासत में लिया, संभल न जाने की हामी भरने पर थाने से दो घंटे बाद रिहा किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- थाने में मौलाना और उनके समर्थकों की पुलिस से हुई जमकर नोकझोंक
- रिहाई के बाद दिल्ली रवाना हुए मौलाना तौकीर, समर्थक घर लौटाए गए

**अमृत विचार :** गरमाए माहौल में संभल जाने के लिए निकले आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां को सीबीगंज में रोककर पुलिस ने उनके समर्थकों समेत हिरासत में ले लिया और थाने ले गई। थाने में करीब दो घंटे तक नोकझोंक के बाद पुलिस ने मौलाना और उनके समर्थकों को तब रिहा किया जब उन्होंने संभल न जाने के लिए हामी भरी। इसके बाद मौलाना दिल्ली रवाना हो गए।

मौलाना तौकीर रजा खां ने बृहस्पतिवार शाम संभल जाने का एलान किया था जिसके बाद पुलिस सतर्क हो गई थी। दोपहर के वक्त मौलाना ने सिटी रेलवे स्टेशन के सामने मदरसे में जुमे की नमाज अदा की और यहां से समर्थकों के काफिले के साथ संभल जाने के लिए रवाना हुए लेकिन सीबीगंज में ही पुलिस ने उनका काफिला रोककर सभी समर्थकों के साथ उन्हें हिरासत में ले लिया और सभी को थाने ले गई। थाने में सभी को दो घंटे तक रखा गया। इस बीच मौलाना और पुलिस के बीच गर्मागर्मी भी हुई। मौलाना के संभल न जाने की बात स्वीकार करने के बाद पुलिस ने उन्हें समर्थकों के साथ रिहा कर दिया।

मौलाना तौकीर के साथ आईएमसी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी , नदीम कुरैशी, प्रवक्ता डॉ. नफीस, सलीम खान, शान रजा, रईस रजा, आबिद मंसूरी, मुफ्ती एहसानुल हक चतुर्वेदी, साजिद सकलैनी, फरहान रजा, शरोज बुखारी, अल्तमश रजा, शाहनवाज वारसी, अफजाल बेग आदि थे जो थाने से रिहाई के बाद घर लौट गए।


पुलिस अफसर भी नजर आए सक्रिय।


संभल जाने से रोकने के बाद सीबीगंज थाने के बाहर मीडिया से वार्ता करते मौलाना तौकीर रजा। ● अमृत विचार

### यहां से वहां तक...


संभल रवाना होते मौलाना तौकीर।

आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर को उनके समर्थकों के साथ हिरासत में लिया गया था। संभल न जाने की बात मानने पर दो घंटे बाद पुलिस ने सभी को छोड़ दिया। शहर में शांति कायम है। कानून व्यवस्था खराब करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
– अनुराग आर्य, एसएसपी

### संभल हिंसा प्रधानमंत्री मोदी की साजिश, जज पर बनाया गया दबाव

- संभल रवाना होने से पहले जमकर तेवर दिखाए मौलाना तौकीर रजा ने
- कहा- सर्वे टीम के साथ थे आतंकी संगठनों के लोग, पुलिस ने की है हत्या

**बरेली, अमृत विचार :** मदरसे से निकलकर संभल के लिए रवाना होने से पहले मौलाना तौकीर रजा ने मीडिया के सामने जमकर तेवर दिखाए। संभल हिंसा को प्रधानमंत्री मोदी की साजिश बताते हुए कहा कि वहां सर्वे करने वाली टीम साथ में कुछ आतंकवादी संगठनों के लोगों को लेकर गई थी। पुलिस वालों ने दूसरे समुदाय के लोगों पर गोलियां चलाई और उनकी हत्या की।

तौकीर ने कहा कि संभल हिंसा में पुलिस-प्रशासन भी साजिश में शामिल था। इसीलिए वह अलर्ट बैठा हुआ था। ऑर्डर हाथ में आते ही उस पर अमल किया गया। इसके बावजूद मुसलमानों ने सब्र से काम लेते हुए कोई रिएक्शन नहीं किया। लेकिन चूंकि संभल में दंगा कराने का मकसद था और मुसलमानों के कोई प्रतिक्रिया न दिखाने से उन्हें पहली कोशिश नाकाम होती लगी तो दोबारा सर्वे किया और जूते पहनकर मस्जिद में घुसे। मौलाना ने कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत करते हैं लेकिन सुप्रीम कोर्ट को ऐसे सभी मामलों का स्वतः संज्ञान लेना चाहिए जो बेईमानी के आधार पर हुए हैं। संभल को आग में झोंकने के साथ उसके जरिए पूरे हिंदुस्तान में अफरातफरी का माहौल बनाने की कोशिश की गई। उनकी मांग है कि कि इन तमाम अधिकारियों को संभल से हटाकर उच्चस्तरीय जांच कराई जाए।

### जुमे पर अलर्ट

#### धर्म स्थलों और शहर के संवेदनशील इलाकों में तैनात रही पुलिस

मौलाना तौकीर के संभल जाने के एलान और जुमे की नमाज के कारण पुलिस-प्रशासन पूरे दिन अलर्ट रहा। शहर के संवेदनशील इलाकों के साथ धर्मस्थलों पर भी सुबह से ही भारी तादाद में पुलिस और पीएसी के जवानों की तैनाती कर दी गई। एसएसपी भी संवेदनशील इलाकों के भ्रमण पर निकले। बिहारीपुर में पुलिस को जरूरी निर्देश दिए और मौलाना तौकीर के संभल जाने के एलान के दृष्टिगत सतर्क रहने को कहा। इसके बाद वह सीबीगंज इलाके में पुलिस अधीक्षक उत्तरी और सीओ हाईवे के कार्यालय पहुंचे, वहां भी जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, पुलिस अधीक्षक उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा, क्षेत्राधिकारी हाईवे नितिन कुमार समेत समेत कई अधिकारी उनके साथ थे।


सड़कों पर गश्त करती रही फोर्स।

### एक नजर

#### दुकानों की सील तोड़कर शुरू कराया निर्माण बीडीए ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** बड़ा बाजार में दुकानों पर लगाई गई सील तोड़कर उनका दोबारा निर्माण शुरू करा देने पर बीडीए के जेई ने कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है। बड़ा बाजार के दर्जी चौक पर कुंवर कृपाशंकर मार्केट में अवैध रूप से बनी दुकानों को बीडीए ने 24 दिन पहले सील कर दिया था। दुकान मालिक राजेश ने प्राधिकरण से अनुमति लिए बगैर सील तोड़ दी और दुकानों को तोड़कर नए सिरे से निर्माण शुरू करा दिया। शुक्रवार को बीडीए के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया। इसके बाद जेई रमन ने राजेश के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करा दी।

#### धनराज बिल्डर की पत्नी ने एसएसपी से मांगी सुरक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** भोजीपुरा क्षेत्र के माडर्न विलेज के धनराज बिल्डर राकेश शर्मा के परिवार को जान का खतरा सता रहा है। उनकी पत्नी प्रवीन हांडा ने शुक्रवार को एसएसपी अनुराग आर्य को पत्र देकर सुरक्षा की मांग की है। राकेश शर्मा के घर दो दिन पहले हथियारबंद बदमाशों ने फायरिंग की थी। इस मामले में राकेश की पत्नी ने विजय अग्रवाल, प्रीतम यादव, चन्द्रभान, भागीरथ और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

#### निकाह का झांसा देकर युवती का किया शोषण

**फरीदपुर, अमृत विचार :** निकाह का झांसा देकर एक युवक ने युवती का कई साल तक शोषण किया। जब युवती ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने थाना फरीदपुर में आरोपी समेत चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि उसकी बहन के घर शायर खा का आना जाना था, उसने उससे फोन पर बात करना शुरू कर दी और उसे शादी की बात करते हुए कई जगह ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए । सोमवार को जब युवती घर में अकेली थी तो आरोपी ने घर पहुंच कर उसके साथ संबंध बनाए। शादी की बात करने पर परिजनों से बात करने की बात कह कर चला गया। मंगलवार को आरोपी के पिता आरिफ खान निवासी नाद अलगनी उसके घर आए और बहनोई रहीस खा निवासी रहपुरा और खालिद निवासी मोहल्ला बाकरगंज किला बरेली आए और शायर खा के साथ निकाह करने से मना कर दिया और धमकी दी, कि आइंदा उसके बेटे से निकाह की बात की तो जान से मार देंगे।

#### इंस्टाग्राम पर अभद्र पोस्ट करने वाले पर रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार :** कैंट के नकटिया स्थित चेतना कॉलोनी निवासी शोएब अंसारी चिश्ती ने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर धर्म विरोधी पोस्ट की थी। गौ रक्षक यूपी मिशन के एक पदाधिकारी स्नेह कुमार ने एक्स पर आरोपी युवक की शिकायत पुलिस अधिकारियों से की थी। पुलिस अधिकारियों ने कैंट पुलिस को कार्रवाई के लिए निर्देश दिए थे। कैंट पुलिस ने आरोपी शोएब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# हत्या की कोशिश की धारा हटाने के लिए रिश्वत ले रहा अलीगंज का दरोगा दबोचा

## वर्दी पर एक और दाग, 15 हजार रुपये में किया था सौदा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) ने अलीगंज थाने के दरोगा महेश चंद्र को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। दरोगा ने मुकदमे से हत्या की कोशिश की धारा हटाने के बदले में रिश्वत मांगी थी। उसके खिलाफ थाना भमोरा में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

गांव पंडी निवासी अक्षय कुमार ने अलीगंज थाने में 12 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11 नवंबर को 2:30 बजे आंवला-अलीगंज मार्ग पर बिशारतगंज के गांव इस्माइलपुर निवासी कैलाश पाठक ने मनोज कुमार, अरविंद, सुनील समेत चार अज्ञात साथियों के साथ हथियारों और लाठी-डंडों के साथ


आरोपी दरोगा महेश चंद्र।

- एंटी करप्शन की टीम ने भमोरा थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

उनके खेत पर कब्जा करने के लिए तार लगा रहे थे। विरोध करने पर सभी ने मारपीट और सब्बल से गर्दन पर प्रहार कर हत्या की कोशिश की थी। विवेचक महेश चंद्र ने हत्या की कोशिश की धारा हटाने के बदले में कैलाश पाठक से रिश्वत मांगी और 15 हजार रुपये में सौदा तय हुआ था। कैलाश ने मामले की शिकायत एंटी करप्शन से की। इसके बाद ट्रैप टीम तैयार करके अलीगंज में जामा मस्जिद के पीछे शुक्रवार दोपहर 3:30 बजे दरोगा को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया गया।

एंटी करप्शन की टीम दरोगा को उसके पुलिस लाइन स्थित आवास पर लेकर गई और वहां भी तलाशी ली। दरोगा बिजनौर के थाना नगीना क्षेत्र के गांव किशनपुर का रहने वाला है।

मुकदमे से हत्या की कोशिश की धारा हटाने के बदले में रिश्वत लेते हुए दरोगा को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ भमोरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोपी को शनिवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।
– **यशपाल सिंह**, सीओ एंटी करप्शन

# आज सपा नेताओं का संभल पहुंचने का कार्यक्रम

## गिरफ्तारी की आशंका से घर छोड़कर भूमिगत हुए जिलाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रदेश नेतृत्व ने पार्टी के नेताओं को रवाना होने का दिया है निर्देश
- आज बरेली पहुंचेंगे नेता विरोधी दल और नेता विधान परिषद

**अमृत विचार :** मौलाना तौकीर के बाद अब सपा नेताओं ने संभल जाने की तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश नेतृत्व की ओर से जारी निर्देशों के मुताबिक विरोधी दल और नेता विधान परिषद शुक्रवार सुबह बरेली पहुंचेंगे जिनकी अगुवाई में बरेली के सपा नेता शनिवार दोपहर संभल पहुंचेंगे। संभल रवाना होने से पहले गिरफ्तारी की आशंका से सपा जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप शुक्रवार को ही भूमिगत हो गए।

शासन ने फिलहाल बाहरी लोगों के संभल जाने पर रोक लगा रखी है, इसी बीच सपा की ओर से पार्टी नेताओं को संभल पहुंचने का निर्देश जारी कर दिया गया है। बरेली में प्रमुख नेताओं ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। सपा जिलाध्यक्ष ने हर हालत में संभल पहुंचने का एलान किया है। पुलिस के संभल रवाना होने से पहले ही गिरफ्तार कर लेने की आशंका से उन्होंने शुक्रवार को अपना घर भी छोड़ दिया और भूमिगत हो गए हैं।

दरअसल, पिछले दिनों सपा जिलाध्यक्ष के संभल जाने की सूचना जारी होने के बाद पुलिस ने सोमवार रात को उन्हें उनके घर पर नजरबंद कर दिया था। मंगलवार को उन्हें संविधान दिवस के कार्यक्रम में भी हिस्सा नहीं लेने दिया।

सपा जिलाध्यक्ष ने फोन पर बताया कि पार्टी ने उस दिन संभल जाने का कार्यक्रम तय नहीं किया था, सूची में उनका नाम भर था लेकिन अब वह सचेत हैं और पुलिस के हाथ नहीं आएंगे। संभल जाने की पूरी तैयारी हो गई है। शनिवार को वह संभल पहुंचेंगे।

## कॉलेज गई स्नातक की छात्रा लापता

**बरेली, अमृत विचार :** डिग्री कॉलेज में पढ़ने के लिए गई स्नातक की छात्रा लापता हो गई। पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

प्रेमनगर क्षेत्र के मोहल्ला गुलाबनगर निवासी नरेश ने बताया कि उनकी बेटी साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष की छात्रा है। वह गुरुवार को कॉलेज गई थी। वह शाम तक घर नहीं पहुंची तो उन्होंने कॉलेज की शिक्षिकाओं, स्टॉफ और छात्राओं से पूछा तो बताया कि अनुष्का एनसीसी की ड्रिल में 1 बजे तक मौजूद रही।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलसा युवक

- युवक अस्पताल में भर्ती, हालत गंभीर

**बहेड़ी, अमृत विचार :** बिजली विभाग की लापरवाही से एक युवक 11 हजार वोल्ट की लाइन की चपेट में आकर झुलस गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गई, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। नगर के मोहम्मदपुर चौराहे के पास नाले के ऊपर 11 हजार वोल्ट की लाइन की केबिल पड़ी हुई थी और उसमें करंट भी आ रहा था। लाइन का ज्वाइंट खुला था, और इसी दौरान युवक का पैर उस पर पड़ गया और वह झुलस चुका था। युवक की पहचान मोहल्ला शेरनगर निवासी यूसुफ (35) के रूप में हुई है।

# फर्जीवाड़ा... 12 साल सरकारी नौकरी के बाद हो गए पैदल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मृतक आश्रित कोटे में नौकरी पाने वाला पीडब्ल्यूडी का बाबू बर्खास्त
- मां के सरकारी नौकरी होने का तथ्य छिपाकर हासिल की थी नौकरी

**अमृत विचार:** फर्जी दस्तावेज के जरिए मृतक आश्रित कोटे में नौकरी पाने के आरोपी पीडब्ल्यूडी के बाबू अंबर सक्सेना को बर्खास्त कर दिया गया है। एसई ने प्रांतीय खंड के एक्सईएन को बाबू को दिए गए वेतन की वसूली के साथ उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया है।

अंबर सक्सेना की पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड में करीब 12 साल पहले मृतक आश्रित कोटे में नियुक्ति हुई थी। पिछले साल तत्कालीन चीफ इंजीनियर संजय कुमार तिवारी से शिकायत की गई कि अंबर ने अपनी मां के सरकारी नौकरी में होने का तथ्य छिपाकर मृतक आश्रित कोटे में नौकरी हासिल की है। तत्कालीन एक्सईएन नारायण सिंह से कराई गई जांच में प्रथमदृष्टया आरोपों की पुष्टि के बाद तत्कालीन एसई अभिनेश कुमार ने अंबर को सात महीने पहले निलंबित कर दिया था।

इसके बाद कई महीने तक कार्रवाई लंबित रही। हाल ही में शासन और लोकायुक्त तक मामला पहुंचने के बाद चीफ इंजीनियर ने शाहजहांपुर के एक्सईएन से जांच कराई। इस जांच में भी पुष्टि हुई कि अंबर ने अपनी मां के सरकारी सेवा में होने के तथ्य को छिपाकर नौकरी हासिल की है।

जांच रिपोर्ट के आधार पर अब पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता प्रकाश चंद्र ने अंबर सक्सेना को बर्खास्त कर रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी है। इससे पहले पीडब्ल्यूडी के निर्माण खंड में तैनात दो महिला बाबुओं समीक्षा सिंह और श्वेता जौहरी को मृतक आश्रित कोटे में फर्जी दस्तावेज के जरिए नौकरी हासिल करने पर बर्खास्त किया गया था।

### निलंबन पर कोर्ट से स्टे लाया तो थमाया बर्खास्तगी का आदेश

पीडब्ल्यूडी अफसरों के मुताबिक अंबर को करीब सात महीने पहले निलंबित किया गया था। इसके खिलाफ वह हाईकोर्ट चला गया था। पिछले सप्ताह हाईकोर्ट ने अंबर का निलंबन रद्द करने का आदेश दिया। ऑर्डर की कॉपी लेकर अंबर विभाग में पहुंचा जहां उसे बताया गया कि उसे बर्खास्त कर दिया गया है।


**फिर भी खत्म नहीं होता जाम**
ट्रैफिक पुलिस के तमाम प्रयोगों के बाद भी जाम का संकट खत्म नहीं हो पा रहा है। पुराना रोडवेज अड्डे सड़क पर वाहनों के खड़े होने से शुक्रवार को भीषण जाम लग गया। कई बसें भी फंसी रहीं।

# चार सौ मीटर बढ़ेगी पुल की लंबाई उसके आगे बनाई जाएगी एप्रोच रोड

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बदायूं से फरीदपुर के लिए रामगंगा पर बने पुल की बाढ़ में बह गई एप्रोच रोड
- आईआईटी रुड़की करेगी रामगंगा पुल का सर्वे, इसके बाद होगा निर्माण कार्य

**अमृत विचारः** मौत का कारण बने पुल को बनाना आसान नहीं है, क्योंकि रामगंगा अभी कटान कर रही है। पुल की करीब 400 मीटर लंबाई बढ़ाई जाएगी। इसके बाद ही सुरक्षात्मक एप्रोच रोड का निर्माण हो सकेगा। इसमें कंक्रीट की कई लेयर की दीवारें बनाई जानी हैं। यह सब तभी संभव होगा जब आईआईटी रुड़की मॉडल स्टडी सर्वे का काम पूरा करेगी।

बदायूं से बरेली के फरीदपुर की ओर जाने के लिए रामगंगा पर बने पुल की एप्रोच वर्ष 2022 में आई बाढ़ में बह गई। पीडब्ल्यूडी के अधिकारी पुल को पूरा करने लिए मंथन कर रहे हैं।अधिकारियों के अनुसार रामगंगा का पानी अब भी कटान कर रहा है। जिस ओर से एप्रोच बह गई थी उसी ओर पानी का रुख भी है। अधिकारियों की माने तो पुल का निर्माण पूरा करने के लिए लंबाई करीब 400 मीटर बढ़ाई जाए तब कहीं जाकर उसकी एप्रोच बन सकेगी। मॉडल स्टडी सर्वे का काम पूरा होने के बाद विभाग फिर से प्रस्ताव शासन में भेजेगा। इसकी मंजूरी के बाद ही पुल का निर्माण शुरू हो सकेगा।



### जल्द आएगी रुड़की की टीम

अधिकारियों के मुताबिक फिर से आईआईटी रुड़की के लिए पत्राचार किया है और शासन में भी बजट की मांग की गई है। दिसंबर के प्रथम सप्ताह में शासन में बजट मिलने के साथ ही आईआईटी रुड़की की ओर से मॉडल स्टडी सर्वे का काम भी शुरू कर दिया जाएगा। फिलहाल पुल की ओर जाने वाले रास्ते को अवरोधक लगाकर बंद किया जा रहा है।

शासन से बजट की मांग की गई है। जल्द ही बजट मिल जाएगा। रुड़की आईआईटी के लिए भी पत्र जारी किया गया है। दिसंबर के प्रथम सप्ताह में मॉडल स्टडी सर्वे शुरू होने की संभावना है।
– **नरेश कुमार**, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी

## निजी अस्पताल में युवती की मौत पर परिजनों का हंगामा

**बरेली, अमृत विचार :** पीलीभीत रोड स्थित एक निजी अस्पताल में युवती की मौत पर परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। थाना बारादरी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत किया।

पीलीभीत के थाना न्यूरिया के गांव मझोला निवासी राजकुमार रस्तोगी ने बताया कि उनकी बेटी मिनी रस्तोगी (22) के पेट में दर्द हो रहा था। उन्होंने पीलीभीत रोड स्थित एक निजी अस्पताल में 19 नवंबर को भर्ती कराया था। डॉक्टरों ने पेट में गंभीर बीमारी बताते हुए ऑपरेशन की सलाह दी। ऑपरेशन के बाद डॉक्टरों की लापरवाही से बेटी की मौत हो गई। मिनी की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा किया। सूचना पर थाना बारादरी प्रभारी सुनील कुमार मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाकर शांत किया। थाना प्रभारी ने बताया कि युवती के पिता की तहरीर पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पेट्रोल पंप पर प्रदर्शित होंगे उद्यमियों के उत्पाद

**बरेली। अमृत विचार :** जिले के उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए इंडियन ऑयल कार्पोरेशन ने योजना शुरू की है। इसके तहत उद्यमियों के उत्पादों को पेट्रोल पंप पर रखकर उनका प्रचार किया जाएगा।

आईओसी के सेल्स ऑफिसर विशाल सिंह ने बताया कि कंपनी के जिले में 130 पेट्रोल पंप हैं और सभी अच्छी लोकेशन पर हैं। इन जगहों पर प्रोडक्ट का अच्छा प्रचार हो सकता है। इसमें परंपरागत उत्पाद जरी, बांस के फर्नीचर के अलावा भी कुछ नए उत्पाद जो मौजूदा समय के अनुकूल हों वह भी रखे जा सकेंगे। इसके लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पेट्रोल पंप पर रखे गए उत्पादों की संक्षिप्त जानकारी देनी होगी ताकि लोग उसके बारे में जानकर लाभ उठा सकें। इससे उनकी कंपनी का भी प्रचार होगा और उद्यमी भी अपने उत्पाद की जानकारी ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचा सकेंगे। पंपों पर रखे जाने वाले ये उत्पाद ऐसे होने चाहिए जो ज्यादा जगह न घेरें और ज्वलनशील न हों। पंप पर एक तय जगह पर उत्पाद का प्रदर्शन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आईओसी अपनी बिक्री और लोगों तक पहुंच बढ़ाने के लिए अपने उत्पाद को भी बेहतर कर रही है। पंप से पेट्रोल भरवाने पर रिवार्ड प्वाइंट भी ग्राहकों को दिए जाते हैं। प्रभा सिनेमा के सामने वाले पंप की तरह से अन्य पंप पर भी बिक्री बढ़ाने के प्रयास हैं।

भारत सरकार द्वारा छात्रवृति आधारित इंटर्नशिप
C-DAC, CERT-IN, CMET, ERNET, NIELIT, SAMEER तथा STQC (अखिल भारत) मे कार्य आधारित शिक्षण कार्यक्रम के तहत
प्रौद्योगिकी क्षेत्र
ए आई, एम् एल, बी डी ए, मशीन विज़न, आर पी ए, ए आर/ वी आर, ब्लॉक चेन, सी पी यू डिज़ाइन, वायरलेस नेटवर्क्स (5 जी, वाई -फाई 6 इत्यादि) , आई ओ टी , एज कंप्यूटिंग तथा क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी तथा साइबर फोरेंसिक, डिजिटल प्रिजर्वेशन, लैंग्वेज कंप्यूटिंग, हेल्थ इन्फार्मेटिक्स , सॉफ्टवेयर - डिफाइंड रेडियो, सिलिकॉन फोटोनिक्स , क्वांटम कंप्यूटिंग व अन्य तकनीकी क्षेत्र
रिक्त पद - 770
Meity, भारत सरकार द्वारा निधित
भारत सरकार के प्रीमियर संगठनों में प्रमुख प्रौद्योगिकियों पर केंद्रित रियल वर्ल्ड की अत्याधुनिक राष्ट्रीय परियोजनाओं पर काम करके व्यावहारिक अनुभव, तकनीकी ज्ञान : विश्लेषणात्मक सोच, रियल टाइम वर्किंग, प्रॉब्लम सॉल्विंग, रीज़निंग ,तर्क कौशल, विचार कौशल आदि प्राप्त करके व्यावसायिक कौशल में वृद्धि करने का अवसर यहां दिया जा रहा है I
PARTICIPATING INSTITUTES
जनवरी 2025 बैच के लिए पंजीकरण
अवधि - 6 माह
छात्रवृत्ति -10,000 रूपए प्रति माह
अंतिम तिथि 30 दिसंबर 2024
योग्यता
• बी.टेक./बी.ई./एमसीए/एम.एससी. पिछले 3 वर्षों में उत्तीर्ण
• बी.टेक./बी.ई./एमसीए/एम.एससी. के अंतिम वर्ष के छात्र
• एससी, एसटी और ईडब्ल्यूएस श्रेणी के छात्र
• महिला छात्र
जल्द आवेदन करें- https://internship.aicte-india.org/ernet.php or https://wblp.in/wbl-Opportunities
PMU सी डैक CDAC | प्रगत संगणन विकास केन्द्र
इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार की एक वैज्ञानिक संस्था, ए-34, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-8, मोहाली, पंजाब, भारत
CBC-06134/12/0002/2425

PRIME HOSPITAL
प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरी चैनपुर रोड, नरियावल, बरेली



डॉ. मिनहाज अली खान
एम.डी.
मेडिसिन विभाग
सर्जरी विभाग
स्त्री एवं प्रसूति विभाग
मानसिक रोग विभाग
हड्डी रोग विभाग
न्यूरो विभाग
बाल रोग विभाग
ICU NICU वेन्टीलेटर युक्त
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
7302532226
9758044442

# सिर्फ 7 फीसदी फैमिली आईडी... फिर चलेंगी कैसे सरकारी योजनाएं

## किसान सम्मान निधि, विधवा-वृद्धा पेंशन जैसी कई योजनाओं के लिए फैमिली आईडी की लागू की जा चुकी है अनिवार्यता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** राशन कार्डधारकों को छोड़कर उन सभी लोगों के लिए फैमिली आईडी की अनिवार्यता लागू की जा चुकी है जिन्हें किसान सम्मान निधि, विधवा, वृद्धा और दिव्यांग पेंशन जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ लेना है।

यह भी आदेश जारी किया जा चुका है कि फैमिली आईडी न होने पर उन्हें योजनाओं से वंचित कर दिया जाएगा। इसके बावजूद जिले में अब तक सिर्फ सात फीसदी लोगों की ही फैमिली आईडी बनी है।




फैमिली आईडी-एक परिवार एक पहचान पत्र योजना सरकार ने पिछले साल लागू की था। इसे राशन कार्ड से वंचित परिवारों के लिए सरकारी योजनाओं में आवेदन करने का विकल्प बनाया जाना था। सिस्टम की लापरवाही के कारण फैमिली आईडी बनाने का काम दयनीय स्थिति में है। लोगों ने बड़ी संख्या में फैमिली आईडी बनवाने के लिए ई-ड्रिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर आवेदन किया है लेकिन ब्लॉक स्तर पर इन आवेदनों को लटका दिया गया है। आवेदन करने वालों की यह भी शिकायत है कि पंजीकरण कराने के बाद भी उनके मोबाइल पर ओटीपी ही नहीं आ रहा है।

यह स्थिति तब है जब ये निर्देश जारी किए जा चुके हैं कि दिसंबर के बाद कई सरकारी योजनाओं का लाभ उन्हीं को दिया जाएगा जिनके पास फैमिली आईडी होगी। दो दिन पहले मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने भी फैमिली आईडी बनाने की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए दिसंबर तक आंकड़ा 15 फीसदी तक पहुंचाने का निर्देश दिया था।

- ई- ड्रिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर आवेदन के बाद ब्लॉक स्तर पर लटके हैं तमाम केस
- दिसंबर के बाद फैमिली आईडी धारक को ही लाभ देने की हो चुकी है घोषणा

### ये है सरकार का इरादा

फैमिली आईडी राज्य में रहने वाले सभी परिवारों के लिए एक अनिवार्य पहचान दस्तावेज के रूप में होगी। हर परिवार को एक 12 अंकों का यूनिक नंबर जारी किया जाएगा, जिसमें परिवार का संपूर्ण विवरण मौजूद होगा। राशन कार्ड धारकों के लिए राशन कार्ड नंबर ही फैमिली आईडी के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। आने वाले समय में आईटीआई, पॉलिटेक्निक जैसे शिक्षण संस्थानों में नए प्रवेश के समय भी आधार प्रमाणीकरण के साथ फैमिली आईडी का उपयोग अनिवार्य रूप से किया जाएगा।

### हर ब्लॉक में लटके हैं आवेदन

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक ब्लॉक मझगवां में 71, भुता में 63, रिछा में 61, बिथरी चैनपुर में 55, फतेहगंज पश्चिमी में 46, रामनगर में 44, फरीदपुर में 30, आलमपुर जाफराबाद में 26, मीरगंज में 26, शेरगढ़ में 25, क्यारा में 17, भदपुरा में 12 और नवाबगंज में दो आवेदन लंबित है। बहेड़ी और भोजीपुरा की स्थिति सबसे खराब है। बहेड़ी के 237 और भोजीपुर के 218 आवेदन भेजे ही नहीं गए हैं। जांच अधिकारी भी दिलचस्पी रूचि नहीं ले रहे हैं। इसलिए फैमिली आईडी बनाने का काम थमा हुआ है।

# धनराशि बढ़ी तो गोवंशीय पशु गोद लेने में बढ़ा रुझान

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना में पशु पालकों का धनराशि अधिक मिलने पर रुझान बढ़ा है। पशु पालन विभाग का दावा है कि 1648 लक्ष्य के सापेक्ष 2935 गोवंशीय पशु पशुपालकों को सुपुर्द किए गए।

- गोवंश सहभागिता योजना के तहत अब मिलते हैं 15 सौ रुपये

पहले पशुपालक को प्रति गोवंश 900 रुपये प्रति महीने दिया जाता था। अब इसे बढ़ाकर 15 सौ रुपये कर दिया गया है। इसके अलावा गोशाला से चार निराश्रित गोवंश लेने पर पशुपालक के यहां मुफ्त में एक टीनशेड निर्माण कराया जाएगा।

करीब दो साल पहले सरकार ने योजना शुरू की थी। उस दौरान 1648 गोवंशीय पशु दान में देने का लक्ष्य जारी किया गया था। जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग ने योजना का लाभ अधिक से अधिक पशुपालक ले सके, इसके लिए तमाम प्रयास किए लेकिन योजना परवान नहीं चढ़ी। पशुपालन विभाग की ओर से सुपुर्द किए गए गोवंश के लिए पशुपालकों के खाते में 2.60 करोड़ का बजट भेजा जा चुका है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मेघश्याम ने बताया कि मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना पशुपालकों को अब खूब भाने लगी है।

# कागजों में जागरूकता, दो साल में सिर्फ 18 पुरुषों ने कराई नसबंदी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शासन ने एक साल में 53 पुरुषों की नसबंदी का दिया था लक्ष्य
- पुरुषों को जागरूक करने के लिए पखवाड़े का हुआ आरंभ

**अमृत विचार :** जागरूकता के तमाम अभियानों के बावजूद जिले में पुरुष नसबंदी के स्तर में कोई सुधार नहीं हो रहा है। सिर्फ महिलाएं ही परिवार नियोजन की जिम्मेदारी निभा रही हैं। पिछले दो साल में सिर्फ 18 पुरुषों ने ही नसबंदी कराई है। इनमें वर्ष 2023 में पांच और 2024 में जनवरी से अक्टूबर तक 13 पुरुषों ने नसबंदी कराई, जबकि शासन ने वर्ष 2024 में ही 53 पुरुषों की नसबंदी का लक्ष्य तय किया था।

स्वास्थ्य विभाग जागरूकता के अलावा महिलाओं और पुरुषों की नसबंदी कराने के लिए मोटी रकम खर्च करता है। पुरुष को नसबंदी कराने पर तीन हजार रुपये तो वहीं महिलाओं को दो हजार रुपये सम्मान के तौर पर दिए जाते हैं। महिलाएं तो नसबंदी करा रही हैं लेकिन पुरुष नहीं करा रहे हैं। अब एक बार फिर से स्वास्थ्य विभाग ने 29 नवंबर से 4 दिसंबर तक जागरूकता पखवाड़ा शुरू किया है।

> परिवार नियोजन में महिलाओं की भागीदारी जितनी जरूरी है उतनी ही पुरुषों की भी। पखवाड़े के तहत महिलाओं के साथ पुरुषों को भी जागरूक किया जाएगा। नसबंदी की जो भ्रांतियां हैं, उन्हें भी दूर किया जाएगा।
> –डॉ. विश्राम सिंह, सीएमओ

# फरीदपुर ब्लॉक में सोशिल ऑडिट की हुई समीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** फरीदपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायतों का सोशल ऑडिट पूर्ण होने पर शुक्रवार को मनरेगा लोकपाल शिशुपाल मौर्य ने समीक्षा की। इस दौरान ऑडिट में मिली कमियों का निस्तारण किया गया। मनरेगा लोकपाल ने प्रधानों से अपील की कि वह ग्राम पंचायतों में कराए जाने वाले विकास कार्यों पर सिटीजन इनफॉर्मेशन बोर्ड अवश्य लगाएं ताकि कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे।

एपीओ फरीदपुर को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतों के अभिलेखों और चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण करें ताकि वित्तीय विचलन पैदा न हो। अभिलेखों में त्रुटि मिलने पर मनरेगा एक्ट 2005 की धारा 25 के अंतर्गत कार्रवाई होगी। ग्राम प्रधानों, रोजगार सेवकों से कहा कि सामाजिक उत्थान और राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएं। बीडीओ, एपीओ, एडीओ पंचायत के अलावा ब्लॉक रिसोर्स पर्सन, विलेज रिसोर्स पर्सन, ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक उपस्थित रहे।

# आईवीएफ तकनीक से इलाज कराने आई महिला की खराब हो गई दोनों किडनी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** संतान के लिए आईवीएफ तकनीक से इलाज कराने आई महिला की दोनों किडनी खराब हो गईं। महिला के परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर के गलत इलाज की वजह से ऐसा हुआ। शुक्रवार को उन्होंने जिलाधिकारी से शिकायत कर डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

दातागंज (बदायूं) में रहने वाले राघवेंद्र पाल सिंह का कहना है कि उन्होंने अपनी पत्नी रश्मि को आईवीएफ तकनीक से इलाज कराने के लिए बरेली के सनराइज मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल क्रिटिकल केयर एंड आईवीएफ सेंटर में दिखाया था जहां डॉ. शबीना खान ने 15 जुलाई को उनका इलाज शुरू किया। डॉ. शबीना ने ओवम पिकअप की प्रक्रिया के दौरान लापरवाही की। गलत दवाएं दिए जाने की वजह से रश्मि ओवेरियन हाईपरस्टिमुलेशन सिंड्रोम की गंभीर स्थिति में पहुंच गईं और इससे उनकी दोनों किडनी खराब हो गई।


कलेक्ट्रेट में महिला के साथ शिकायत करने पहुंचे कांग्रेस नेता। ● अमृत विचार

- शहर के सनराइज अस्पताल में चल रहा था इलाज, अब करानी पड़ रही डायलिसिस
- परिजनों ने कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के साथ डीएम को ज्ञापन देकर की कार्रवाई की मांग

रश्मि की ननद रजनी सिंह कांग्रेस की प्रदेश सचिव हैं, इसलिए उनके परिजनों के साथ पहुंचे जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने भी जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। रजनी ने बताया कि डॉ. शबीना के गलत इलाज से उनकी भाभी की दोनों किडनी खराब हुई हैं, उन्हें डायलिसिस करानी पड़ रही है। उनका इलाज अब एम्स से चल रहा है। डॉ. शबीना ने इस बारे में बात करने पर अभद्र व्यवहार भी किया। प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशफाक सकलैनी, प्रदेश प्रवक्ता केबी त्रिपाठी, प्रवक्ता पंडित राज शर्मा, पूर्व पार्षद महेश पंडित, बदायूं जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह शामिल थे।

> आईवीएफ तकनीक से इलाज सामान्य प्रक्रिया है, इसका बच्चेदानी और किडनी का कोई संबंध नहीं है। इसमें हार्मोस के इंजेक्शन के साथ साधारण दवाएं दी जाती हैं। मेरे इलाज से रश्मि को किडनी संबंधी दिक्कत नहीं हुई है। ये सब ब्लैकमेलिंग के लिए किया जा रहा है।
> – डॉ. शबीना खान

# आयुष्मान कार्ड के लिए बुजुर्गों को करना पड़ रहा लंबा इंतजार

**बरेली, अमृत विचार:** जिला अस्पताल में केंद्र में 70 वर्ष से ऊपर के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड पाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। आयुष्मान योजना के जिला समन्वयक डॉ. अनुराग अग्रवाल ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से शासन स्तर से पोर्टल में अपडेशन का कार्य चल रहा है। इसकी वजह से पात्रों का ब्योरा पोर्टल पर अपलोड होने के बाद कार्ड को जारी करने में कुछ समय लग रहा है। जल्द ही इस समस्या से भी निजात मिल जाएगी। पात्र घर बैठे भी वेबसाइट से भी कार्ड ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं।

- पोर्टल में अपडेशन की वजह से हो रही है दिक्कत

# स्वास्थ्य शिविर में लोगों ने कराया इलाज

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** ग्राम मुंडिया हाफिज में अपना दल एस के नेता मनोज गंगवार ने स्वास्थ्य शिविर लगवाया। डॉ. असलम, मो फैज़ हैदर, डॉ. चमन आरा, अफसाना, एवं अनुजपाल ने लोगों का इलाज किया।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली



डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348



आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन



डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

# पुरानी पेंशन की सारी सुविधाएं दिलाकर रहेंगे


वर्कशॉप गेट पर सभा को संबोधित करते बसंत चतुर्वेदी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** एनई रेलवे मजदूर यूनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी ने शुक्रवार को वर्कशाप गेट पर सभा में कहा कि ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन का वादा है कि वह पुरानी पेंशन की सारी सुविधाएं दिलाकर रहेंगे।

उन्होंने कहा कि यह चुनाव तय करेगा कि आने वाले समय में कर्मचारी अडानी और अंबानी के कर्मचारी बनकर रिटायर होंगे या भारतीय रेलवे के। अगर लाल झंडे की ताकत कमजोर हुई तो भारत सरकार रेलवे को बेचने में जरा भी दिन नहीं लगाएगी।

उन्होंने कहा कि शीघ्र ही पास-पीटीओ और चिकित्सा सुविधा में माता-पिता दोनों को शामिल करवाया जाएगा। सभा को वीएन सिंह, सुरेंद्र सिंह मलिक, कामरान अहमद, राम किशोर, मंडल अध्यक्ष परवेज अहमद आदि ने संबोधित किया।

इससे पूर्व डीआरएम कार्यालय और रेलवे कालोनी में पदयात्रा और बाइक रैली भी निकाली गई। इस दौरान बृजपाल सिंह, गीता अरोरा शर्मा, आराम सिंह, मंजीत घाघरा, अपर्णा, दीक्षा, इशू, प्रियंका, सुमेधा महीप कश्यप, सोमनाथ बनर्जी, ओम प्रकाश, आरिफ हुसैन आदि उपस्थित रहे।

# पावरलूम बुनकरों को किया जाएगा सम्मानित

**बरेली, अमृत विचार :** मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में शुक्रवार को हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग की झलकारी बाई कोरी हथकरघा एवं पावरलूम विकास योजना, मुख्यमंत्री हैंडलूम एवं पावरलूम उद्योग विकास योजना की परिक्षेत्र स्तरीय कमेटी की बैठक हुई। इसमें बताया गया कि 78 अनुसूचित जाति के बुनकरों और 300 गैर अनुसूचित जाति के बुनकरों सहित पावरलूम के 18 बुनकरों को योजना का लाभ दिया जाएगा। इनमें बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत के हथकरघा एवं पावरलूम बुनकर शामिल हैं। मंडलायुक्त ने बताया कि योजना में पावरलूम बुनकरों को मंडल में पहली बार लाभान्वित किया जाएगा। वहीं हथकरघा बुनकरों को दो हथकरघे स्थापित करने के लिए सरकार 60 हजार रुपये और हथकरघा कार्यशाला स्थापित करने के लिए 80 हजार रुपये अनुदान देगी। वहीं पावरलूम बुनकरों को दो सेमी ऑटोमेटिक पावरलूम स्थापित करने के लिए 1.80 लाख रुपये और पावरलूम कार्यशाला स्थापित करने के लिए 1.50 लाख रुपये का अनुदान देने के साथ ही विभाग की ओर से प्रशिक्षण दिया जाएगा। बैठक में सहायक आयुक्त, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग सर्वेश कुमार शुक्ला, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी सुधांशु शेखर, संयुक्त आयुक्त उद्योग एवं खादी ग्रामोद्योग विभाग के प्रतिनिधि, हथकरघा विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्पाइनल इंजरी सेंटर के लिए सभी जरूरी उपकरण खरीदने का निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश स्पाइनल इंजरी सेन्टर बरेली की 36वीं कार्यकारी समिति की बैठक हुई। इसमें मंडलायुक्त ने सेंटर में मेडिकल स्टोर बनाकर इसे बेहतर तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया।

डॉक्टरों ने बताया कि वर्ष 2019 से उनका मानदेय नहीं बढ़ा है। इस पर मंडलायुक्त ने एसीएमओ को निर्देश दिए कि शीघ्र मानदेय बढ़ाया जाए। इसके अलावा ओपीडी में जहां पर भी डिजिटल एक्स-रे मशीन लगाई जाए, वहां एक टेक्नीशियन अवश्य रहे और इसका प्रचार- प्रसार भी किया जाए। उन्होंने कहा कि स्पाइनल इंजरी सेंटर की आवश्यकता अनुसार सभी उपकरण खरीदे जाएं। सेंटर की रंगाई पुताई के लिए एस्टीमेट बनाकर कार्य कराया जाए और सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।


स्पाइनल इंजरी सेंटर में बैठक करतीं मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल।

- मंडलायुक्त ने स्पाइनल इंजरी सेंटर की 36वीं कार्यकारी समिति की बैठक में दिए निर्देश

बैठक में जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने कहा कि सेंटर पर एक साइन बोर्ड लगाया जाए और उसमें लिखा जाए कि मरीजों को क्या-क्या सुविधा दी जा रही हैं। ओपीडी खुलने का समय भी दर्शाया जाए। जो लोग गरीब हैं उनका एक्स-रे निशुल्क किया जाए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह, डॉ. अलका शर्मा सहित अन्य डॉक्टर उपस्थित रहे।

# मुख्य यांत्रिक इंजीनियर ने किया निरीक्षण



**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर मुख्यालय से आए प्रमुख यांत्रिक इंजीनियर मनीष अग्रवाल ने शुक्रवार को इज्जतनगर कारखाना में निरीक्षण किया। उन्होंने वैगनशॉप का निरीक्षण कर्मचारियों से जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि रेलवे में चुनाव आचार संहिता चल रही है इसलिए इस समय कोई नई योजना के बारे में जानकारी नहीं दी जा सकती है।

# अपना दल ने मनाई ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि



**बरेली, अमृत विचार :** अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष एडवोकेट अनुज गंगवार की मौजूदगी में पार्टी के डोहरा रोड स्थित कार्यालय पर महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि मनाई गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले और उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले ने समाज में फैली कुरीतियों और छूआछूत से समाज को मुक्ति दिलाई। एडवोकेट आनंद मोहन पटेल ने वंचित वर्ग के हित में उनके कार्यों के बारे में चर्चा कर सच्चा सामाजिक चिंतक बताया। गजेंद्र पटेल, सतीश रिषिवाल, नीरज मिश्रा, नितिन गौड़, केके चंदानी, योगेन्द्र पटेल, दिनेश पटेल, प्रेम बाबूजी, हर्षित पटेल, अतुल पटेल, सिद्धार्थ, साबिर हुसैन, कृष्ण पाल, अखिलेन्द्र चौधरी, विनोद यादव आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इज्जतनगर मंडल के 12 कर्मचारी हुए सेवानिवृत



**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल के 12 कर्मचारी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। डीआरएम सभा कक्ष में हुए समारोह में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी संदीप सिंह ने नवंबर में रिटायर हुए कर्मचारियों को समापक राशि का भुगतान परिपत्र, मेडिकल कार्ड सहित सेवानिवृत्ति के अन्य दस्तावेज एवं पदक प्रदान किए। उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए दिनचर्या में योग अभ्यास को शामिल करने की भी सलाह दी। सेवानिवृत्ति होने वाले कर्मचारियों में ओम प्रकाश, बाबू सिंह, राजेन्द्र सिंह, गौरी शंकर, रामआसरे, देश दीपक मिश्रा, मोहन लाल, नरेंद्र सिंह डुगरियाल, मदन लाल, सत्य प्रकाश, सुनील कुमार, अशोक कुमार आदि शामिल हैं।

# यौन संचारित रोगों की रोकथाम के लिए लगाए शिविर



**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के निर्देश पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. इंतजार हुसैन, दिशा क्लस्टर मैनेजर हिना अयाज और चेतना सेवा संस्थान टीआई की ओर से सघन स्वास्थ्य एवं संचार के लिए शुक्रवार को शिविर आयोजित किए गए। नवाबगंज के ईद जागीर, बहेड़ी के सकरस, मझगवां के जलालनगर, शेरगढ़ के शरीफनगर, क्यारा के अंगूरी टांडा, भदपुरा के करुआ, भुता के बाकरगंज गांवों में लगे शिविरों में उच्च जोखिम समूह व प्रवासियों की सामान्य जांच, दवा वितरण, एसआईवी, हेपेटाइटिस और यौन संचारित रोगों का परामर्श परीक्षण के साथ अन्य गतिविधियां भी की गईं। इस दौरान चेतना सेवा संस्थान की प्रोग्राम मैनेजर शालिनी सिंह, काउंसलर विशाल मौर्य, सुबनीत पाठक, शुभम, अंबिका सक्सेना, रेखा, नंदा, शिवम उपाध्याय एवं एसटीआई काउंसलर डॉ. विवेक उपाध्याय आदि का सहयोग रहा।

## सार-संक्षेप

### बरेली कॉलेज में 19 एनसीसी कैडेट्स ने किया रक्तदान

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज स्थित 21वीं एनसीसी बटालियन परिसर में शिविर में 19 कैडेट्स ने रक्तदान किया। प्रशासनिक अधिकारी ले. कर्नल संजय नायर ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे अन्य लोगों के जीवन की रक्षा होती है। प्रभारी डॉ. अंचल अहेरी ने बताया कि आईएमए ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित शिविर में राजकीय महाविद्यालय फरीदपुर, गंगाशील महाविद्यालय नवाबगंज, बरेली कॉलेज एवं राजेन्द्र प्रसाद महाविद्यालय मीरगंज के कैडेट्स ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में पिंकी शर्मा, रशिका सिंह, अर्चना, गायत्री, निकिता, लक्ष्मी देवी, दीपेन्द्र सिंह, शिवम प्रताप, सचिन गंगवार, हिमांशु, प्रशांत गंगवार, ज्ञान प्रकाश, मो. आकिब, अमित साहू, युवराज सिंह, सहायक एनसीसी अधिकारी डॉ. रत्न लाल, जीसीआई कोमल अवस्थी, हवलदार जी किशोर, मो. जुनैद आदि शामिल रहे।

### रेलवे ग्राउंड के खिलाड़ियों ने जीते 15 पदक



**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में 26 से 28 नवंबर तक हुई अंतर महाविद्यालयी एथलेटिक प्रतियोगिता में रेलवे ग्राउंड में अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों ने भी 15 पदक अपने नाम किए। कोच अजय कश्यप बताया कि अंजलि सिंह ने चार, इरम ने दो, दीपू ने दो, पंचम ने दो, वैशाली यादव ने एक, पुनीत कश्यप ने एक, रामू यादव ने दो और प्रदीप कुमार ने एक पदक जीता। उन्होंने बताया कि ये खिलाड़ी गरीब परिवार के हैं और विपरीत स्थितियों में भी प्रशिक्षण एक दिन भी नहीं छोड़ते हैं। एथलीटों की इस कामयाबी पर योगेश राठी, बलवंत, हसीब, पंकज, संजय सिंह, रेलवे के अधिकारियों ने खिलाड़ियों की बधाई दी।

### बाल रामायण की प्रस्तुति दी

**बरेली, अमृत विचार :** बाल रामायण के रचयिता डॉ. दीपंकर गुप्त ने शुक्रवार को राम भरोसे लाल गर्ल्स इंटर कॉलेज में छात्राओं के मध्य अपने कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि रामायण से रामराज की कल्पना को साकार करने के लिए संकल्पित 108 विद्यालयों की परिकल्पना की श्रृंखला में 100 वीं प्रस्तुति पूरी कर ली है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मीना जैन, रजनी राठौर, तुषारिका तिवारी, प्रतिभा शर्मा, सीमा, शिखा मनचंदा, रजनी यादव, मीनाक्षी रस्तोगी, मीना कक्कड़, सुषमा वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### स्काउट-गाइड ने प्रतियोगिताओं में दिखाया दम




**बरेली, अमृत विचार :** बिशप मंडल इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड की ओर से शुक्रवार को जिला मुख्यायुक्त डॉ. हरिओम मिश्र की अध्यक्षता में रैली निकाली गई। इस दौरान सर्वधर्म प्रार्थना, ध्वज शिष्टाचार, शारीरिक प्रदर्शन (मीनारें, मल्लखम्भ, योगा, जूडो कराटे, लेजम, डंबल इत्यादि), प्राथमिक चिकित्सा, सिग्नलिंग, कार्यानुभव, प्रदर्शनी एवं स्किल, साहसिक कार्य, कैम्प फायर आदि प्रतियोगिताएं हुई। सभी टीमों ने देशभक्ति और धर्म निर्पेक्षता का संदेश दिया। स्काउट वर्ग में जय नारायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, गुलाबराय इंटर कॉलेज, विष्णु इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, मनोहर भूषण इंटर कॉलेज, मौलाना आजाद इंटर कॉलेज, बिशप मंडल इंटर कॉलेज, तिलक इंटर कॉलेज और गाइड वर्ग में श्री महावीर प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज, कस्तूरबा नगर निगम कन्या इंटर कॉलेज, केपीआरसी कन्या इंटर कॉलेज, इस्लामिया कन्या इंटर कॉलेज, साहू गोपी नाथ कन्या इंटर कॉलेज, श्री गुरुनानक रिक्खी सिंह कन्या इंटर कॉलेज, स्त्री सुधार कन्या इंटर कॉलेज, राम भरोसे लाल कन्या इंटर कॉलेज आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम में सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर नेहा कटियार, जिला स्काउट कमिश्नर डॉ. एसपी पांडेय, जिला गाइड कमिश्नर अनु पराशरी, जिला सचिव डॉ. रवि शरण सिंह चौहान, रैली संयोजक राकेश चन्द्रा, जगमोहन इत्यादि उपस्थित रहे।

### राजश्री में मैनेजमेंट एंड टेक्निकल फेस्ट शुरू




**रिठौरा, अमृत विचार :** राजश्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में डॉ. अब्दुल कलाम इंटर–टेक्निकल यूनिवर्सिटी लिटरेरी, मैनेजमेंट एवं टेक्निकल फेस्ट 2024 जोनल लेवल शुरू हुआ। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि डॉ. एमपी आर्या, राजश्री इंस्टीट्यूट के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, वाइस चेयरपर्सन डॉ. मोनिका अग्रवाल समेत अन्य ने किया। विधायक ने प्रतिभागियों से डॉ. अब्दुल कलाम के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की सीख दी। राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने जलवायु परिवर्तन, हयूमन वैल्यू, जैसे मुद्दों पर इस तरह की प्रतिर्स्पधाओं को महत्वपूर्ण बताया। बरेली में संचालित इंजीनियरिंग कॉलेजों में से एमआईटी. मुरादाबाद, श्रीराममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग बरेली, फ्यूचर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, खंडेलवाल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के छात्र–छात्राओं ने टेक्निकल एवं मैनेजमेंट इवेंट्स के अंतर्गत बिजनेस प्लान, बेस्ट थॉट ऑन द स्पॉट, डिबेट डिक्लेमेशन, ड्रोन फ्लाइंग कंपटीशन, इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप आदि में हिस्सा लिया।

# बास्केटबॉल और वालीबॉल दोनों का फाइनल यूपी-हिमाचल में

## दो दिवसीय ईपीएफओ उत्तरी अंचल प्रतियोगिता के पहले दिन हुए छह मुकाबले, पंजाब और दिल्ली समेत कई टीमें हारकर बाहर

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**



गेंद को बास्केट करने का प्रयास करते दिल्ली और पंजाब के खिलाड़ी।

**अमृत विचार :** ईपीएफओ उत्तरी अंचल की दो दिवसीय बास्केटबॉल और वालीबॉल खेल प्रतियोगिता शुक्रवार को रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के ग्राउंड में शुरू हो गई। पहले दिन दोनों खेलों के छह मुकाबले हुए जिसके बाद उत्तर प्रदेश और हिमाचल की टीमें बास्केटबॉल के फाइनल में पहुंचीं। वालीबॉल में भी हिमाचल और उत्तर प्रदेश की टीमें फाइनल खेलेंगी। दोनों खेलों के फाइनल शनिवार को खेले जाएंगे।

बास्केटबॉल कोर्ट में पहला मैच पंजाब और दिल्ली के बीच हुआ। पहले हाफ में पंजाब की टीम दिल्ली पर हावी रही। एक समय तक पंजाब की टीम 10-3 से आगे चल रही थी। कई बार मौका मिलने के बाद भी दिल्ली की टीम बॉल को नेट में नहीं डाल पाई लेकिन दूसरे हाफ में दिल्ली की टीम ने अपनी कमजोरी में सुधार करते हुए पंजाब को संभलने का मौका नहीं दिया और शानदार वापसी करते हुए 21-20 से जीत हासिल कर ली। हिमाचल प्रदेश की टीम ने दिल्ली को 49-6 के बड़े अंतर से हराकर फाइनल में जगह बनाई। उत्तर प्रदेश की टीम ने उत्तराखंड को 45-12 से हराकर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया।

वहीं वालीबॉल प्रतियोगिता में पांच टीमों ने हिस्सा लिया। पहले मैच में उत्तर प्रदेश ने दिल्ली को आसानी से 25-11 व 25-13 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। पिछली बार की विजेता हिमाचल प्रदेश ने दिल्ली को हराकर मैच जीता। नियम के तहत पिछली बार की विजेता को एक ही मैच खेलना था, इसलिए जीत हासिल कर हिमाचल फाइनल में पहुंच गई, जबकि उत्तराखंड, पंजाब, दिल्ली और उत्तर प्रदेश की टीमों ने दो-दो मैच खेले। उत्तर प्रदेश ने दिल्ली और उत्तराखंड को हराकर फाइनल में जगह बनाई।

**अनुभूति केंद्र का भी किया उद्घाटन :** अपर भविष्य निधि आयुक्त उदय बख्शी ने क्षेत्रीय आयुक्त कार्यालय में अनुभूति केंद्र का भी उद्घाटन किया। क्षेत्रीय आयुक्त अनिल कुमार ने बताया कि यह केंद्र अंशधारकों के लिए महत्वपूर्ण सुविधा के रूप में काम करेगा। केंद्र पर स्क्रीन पर अंशधारकों को बेहतर सेवाओं के साथ-साथ उन्हें मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। केंद्र से कार्यालय की कार्यप्रणाली में सुधार होगा और भविष्य निधि अंशधारकों को उच्च गुणवत्ता की सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी। केंद्र को बेहतर बनाने के लिए भी अपर आयुक्त उदय बख्शी ने कुछ सुझाव भी दिए। उन्होंने कार्यालय में बने उद्यान का भी निरीक्षण किया और पौधों की देखभाल के साथ उद्यान में एक फव्वारा लगाने की भी बात कही है। कार्यालय में महिला कर्मचारियों की बनाई गई रंगोली की भी अपर आयुक्त ने प्रशंसा की।

### शांत मन और स्वास्थ्य के लिए खेल जरूरी : उदय बख्शी



ईपीएफओ उत्तरी अंचल की प्रतियोगिता की शुरुआत करते अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त उदय बख्शी।

- **अपर केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त ने गेंद उछाल कर खेल की शुरुआत की**

**बरेली, अमृत विचार :** शांत मन और स्वस्थ रहने के लिए खेल बहुत जरूरी है। हम लोग कार्यालय में अपना काम तो कर ही रहे हैं, साथ ही खेल भी इस संगठन का अंग है। कुछ दिन पहले ही 20 साल बाद नार्थ जोन ने क्रिकेट टूर्नामेंट जीता है। कोई भी टीम जीते या हारे खेल भावना बनी रहनी चाहिए। यह बातें प्रतियोगिता के उद्घाटन पर उत्तर प्रदेश के अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त उदय बख्शी ने कहीं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय आयुक्त अनिल कुमार ने प्रतियोगिता के लिए बरेली को इसलिए चुना, क्योंकि यहां दिल्ली, पंजाब और हिमाचल से पहुंच अच्छी है और यहां का मौसम भी खुशनुमा है। उन्होंने कहा कि वह पंजाब, दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और हिमाचल का मनोबल बढ़ाना चाहते हैं और खेल भावना से खेलते हुए प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करना है।

उन्होंने बास्केटबॉल को गोल में डालकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया और खिलाड़ियों कर्मचारियों, रेफरी और शुभकामनाएं दीं। क्षेत्रीय आयुक्त अनिल कुमार ने कहा कि स्पोर्ट्समैन स्प्रिट ही वर्क कल्चर को बढ़ावा देकर सभी को साथ लेकर चलने का संदेश देती है। क्षेत्रीय कार्यालय समारोह का आयोजक है। उनकी पूरी कोशिश रहेगी कि पंजाब, दिल्ली, उत्तराखंड और हिमाचल से आए खिलाड़ी बरेली में जो समय बिताएं वह हमेशा याद रहे। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और पंजाब की टीमों ने अपनी भागीदारी दिखाई। इस मौके पर सहायक आयुक्त मनोज गुप्ता, एके पालीवाल, संजीव सिंह, संतोष श्रीवास्तव, सौरभ मिश्र, सौरभ रस्तोगी, राबिन सिंह आदि मौजूद रहे।

### दो दिवसीय राज्य स्तर की सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता आज से

**बरेली, अमृत विचार :** आईएमए में नौवीं उत्तर प्रदेश सिंगिंग एंड डांस स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2024 का आयोजन शनिवार से होगा। दो दिवसीय प्रतियोगिता में 17 जिलों के प्रतिभागी भाग लेंगे।

एसोसिएशन की अध्यक्ष मनदीप कौर ने बताया कि प्रतियोगिता में बच्चों से लेकर सुपर मॉम्स वर्ग में डांसर हिस्सा लेंगे। पहले दिन 6 से 13 वर्ष तक के बच्चों और दूसरे दिन 14 से 45 वर्ष तक की डूएट, सोलो और तिकड़ी कैटेगरी में हिप-हॉप, कथक, चरकुला, झोरा, मयूर, कजरी आदि नृत्य प्रस्तुतियां होगी। प्रतियोगिता को भारतीय संस्कृति से जोड़े रखने पर जोर दिया गया है। बैले और अश्लील डांस प्रतिबंधित रहेंगे। इसके बाद राष्ट्रीय स्तर की डांस चैंपियनशिप 2025 बड़ोदरा, गुजरात में आयोजित होगी।

# फुटबॉलः आज होगा झुमका सिटी और स्टेडियम के बीच फाइनल

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**



आईवीआरआई में गोल के प्रयास में भिड़ते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आईवीआरआई के मैदान पर जिला फुटबॉल लीग के शुक्रवार को सेमीफाइनल मैच खेले गए। स्टेडियम हॉस्टल ने यूथ एफसी और झुमका सिटी ने अननोन एफसी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल शनिवार को खेला जाएगा।

पहला सेमीफाइनल में स्टेडियम हॉस्टल बनाम यूथ एफसी के बीच हुआ। मैच की शुरुआत में ही यूथ एफसी ने पहला प्रयास किया लेकिन हॉस्टल के गोलकीपर श्यामू ने गोल बचा लिया। यूथ एफसी के मानवेंद्र ने 11वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। वहीं 28 वें मिनट में हॉस्टल के आफताब ने गोल कर टीम को बराबरी पर ला दिया। अंत तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं।

- **स्टेडियम हॉस्टल ने यूथ एफसी और झुमका सिटी ने अननोन एफसी को हराया**

इसके बाद टाईब्रेकर में स्टेडियम हॉस्टल ने 5-4 से मैच जीत लिया।

दूसरा मैच झुमका सिटी और अननोन एफसी के बीच खेला गया। पहला गोल 7 वें मिनट में 25 मीटर की दूरी से झुमका के अविनाश ने किया। जिसके बाद दोनों टीमों का डिफेंस सावधान हो गया। इसके बाद एक भी गोल नहीं हो सका और झुमका सिटी ने 1-0 अननोन एफसी को हरा दिया।

# परीक्षा फार्म जमा करने का आज अंतिम दिन

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **11 दिसंबर से स्नातक की शुरू होगी परीक्षा**
- **परीक्षा के दौरान ही कराई जाएंगी मिड टर्म**

**अमृत विचारः** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की स्नातक और परास्नातक परीक्षा के फार्म भर 28 नवंबर तक भरे गए। शनिवार तक विद्यार्थी भरे हुए फार्म महाविद्यालय में जमा कर सकेंगे और महाविद्यालयों को भी ऑनलाइन फार्म सत्यापित करने होंगे। परीक्षा में करीब सवा चार लाख छात्र शामिल होंगे।

विश्वविद्यालय ने 11 दिसंबर से स्नातक और 4 जनवरी से परास्नातक की परीक्षाएं निर्धारित की हैं। परीक्षा के दौरान ही मिड टर्म कराई जाएंगी, जल्द ही विश्वविद्यालय इसके लिए तिथि निर्धारित कर महाविद्यालयों को निर्देश जारी करेगा। विश्वविद्यालय ने परीक्षा की तैयारियां शुरू कर दी हैं। परीक्षा फार्म जमा होने के बाद केंद्र निर्धारित किए जाएंगे।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह के अनुसार परीक्षा का आयोजन पूरी तरह से पारदर्शी और सुचारू रूप से किया जाएगा, ताकि छात्रों को कोई परेशानी न हो। परीक्षा हॉल में अनुशासन बनाए रखने के लिए सख्त दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं।

सत्र 2024-25 में स्नातक के अब तक 3,83,649 फार्म भरे गए हैं और 3,41,939 फार्म सत्यापित हुए हैं। इसके अलावा परास्नातक के 46,453 फार्म भरे गए हैं और 40,526 सत्यापति हो चुके हैं।

# आईवीआरआई के दीक्षांत में मुख्य अतिथि होंगी राष्ट्रपति

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **फरवरी 2025 में हो सकता है समारोह, तैयारियां शुरू**

**अमृत विचारः** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) का दीक्षांत समारोह फरवरी 2025 में होगा। इसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू होंगी।

निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने बताया कि दीक्षांत के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। समारोह में संस्थान के स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी छात्रों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। इसके अलावा उत्कृष्ट शिक्षकों और शोधकर्ताओं को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। समारोह में भारत सरकार के उच्च अधिकारी, राज्य के शिक्षा मंत्री और विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे।

स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर पशु चिकित्सा, जैव प्रौद्योगिकी और अन्य संबंधित क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाले छात्रों के लिए यह अवसर महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति का मुख्य अतिथि के रूप में आना संस्थान के लिए एक गर्व का क्षण होगा। समारोह का आयोजन आईवीआरआई के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम है। इसमें न केवल छात्रों की मेहनत को सराहा जाएगा, बल्कि संस्थान के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त होने में भी मदद मिलेगी।

# बरेली कॉलेजः औषधीय पौधों के संरक्षण और संवर्धन के लिए शोध

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **रिसर्च एंड डेवलपमेंट योजना के तहत डॉ. शालिनी सिंह का प्रोजेक्ट हुआ है स्वीकृत**

**अमृत विचारः** बरेली में औषधीय पौधों का एक समृद्ध भंडार है लेकिन समय के साथ इनकी संख्या में कमी आ रही है। बरेली कॉलेज के वनस्पति विज्ञान की असिस्टेंट प्रो. शालिनी सिंह ने इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए शोध शुरू किया है।

डॉ. शालिनी पता लगा रही हैं कि बरेली और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अभी कौन-कौन से पौधे उपलब्ध हैं और उनका संरक्षण कैसे किया जा सकता है। इसके लिए एक सर्वेक्षण कर पौधों की पहचान, उनके औषधीय गुण और उनके उपयोग के बारे में जानकारी एकत्र की जा रही है। इस शोध के लिए प्रदेश सरकार की रिसर्च एंड डेवलपमेंट योजना से डॉ. शालिनी को पांच लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है।

डॉ. शालिनी का कहना है कि शोध का उद्देश्य केवल इन पौधों के अस्तित्व की रक्षा करना नहीं है, बल्कि उनकी जैविक विविधता और उनकी उपयोगिता को भी समझना है ताकि वे भविष्य में भी उपलब्ध रहें। उनके मुताबिक बरेली में पाए जाने वाले कुछ प्रमुख औषधीय पौधों में अश्वगंधा, नीम, अर्जुन, बेल, भृंगराज, तुलसी, शंखपुष्पी, चिरचिटा, कैलोट्रोपिस, मुरैना, और हर श्रृंगार शामिल हैं। अश्वगंधा को तनाव, चिंता और कमजोरी दूर करने, नीम और अर्जुन दिल और रक्तचाप की समस्याओं के उपचार में सहायक होते हैं। तुलसी को तो आध्यात्मिक औषधि के रूप में भी पूजा जाता है और शंखपुष्पी को मानसिक शांति के लिए जाना जाता है। इन पौधों का महत्व न केवल स्वास्थ्य के लिहाज से है बल्कि ये पर्यावरण के लिए भी लाभकारी हैं। कई पौधे प्राकृतिक जैविक नियंत्रण में मदद करते हैं और कृषि की स्थिरता को बढ़ावा देते हैं। उनका शोध जल्द ही इंडियन जर्नल ऑफ एथनो बॉटनी में प्रकाशित होने जा रहा है।

### बैडमिंटन और जूडो के ट्रायल आज

**बरेली, अमृत विचार :** खेल निदेशालय की ओर से स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को जिला स्तरीय जूडो सब जूनियर बालक-बालिका वर्ग और बैडमिंटन के सब जूनियर बालक-बालिका वर्ग के ट्रायल शनिवार को होंगे।

दोनों खेलों का मंडलीय ट्रायल 2 दिसंबर को स्पोर्ट्स स्टेडियम में होंगे। आरएसओ जितेंद्र यादव ने बताया जूडो की प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता कानपुर में 6 से 8 दिसंबर को होगी जबकि बैडमिंटन प्रतियोगिता 4 से 6 दिसंबर को गौतमबुद्धनगर नगर में आयोजित होगी। बैडमिंटन में सब जूनियर वर्ग के लिए अंडर 15 के खिलाड़ी और जूडो में 12 से 15 वर्ष के खिलाड़ी ट्रायल दे सकेंगे।

# बीएएमएस के छात्रों का ट्रांजिशनल करिकुलम कार्यक्रम का समापन



रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में हुआ ट्रांजिशनल करिकुलम कार्यक्रम।

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** नेशनल कमिशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन के निर्देशन में रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में नव-प्रवेशित बीएएमएस छात्रों के लिए 15 दिवसीय ट्रांजिशनल करिकुलम कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ।

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति डॉ. डॉ अशोक अग्रवाल ने प्रशिक्षु छात्रों को आयुर्वेद के अनुसंधान संबंधित विषयों-वैज्ञानिक लेखन पर जानकारी दी। इस मौके पर भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के सदस्य डॉ. अतुल वार्ष्णेय, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी, डॉ. आरके यादव, प्रो. एचएस राय, प्रो. मुकेश सक्सेना, इंचार्ज करिकुलम डॉ. तरुण द्विवेदी, डॉ. माया प्रकाश, डॉ. अभय प्रकाश, डॉ. अरुण, डॉ. अनुराग, डॉ. सौरभ, डॉ. आकांक्षा, डॉ. प्रियंका कश्यप, एडमिनिस्ट्रेटर निधि अवस्थी, सुनील कुमार, अजीत सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# शुरू हुआ सांस्कृतिक महोत्सव जेस्ट विरासत

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**




जेस्ट विरासत महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के शतिक सभागार में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव जेस्ट-2024 विरासत की शुरुआत हुई।

युगल नृत्य, फैशन शो रेनेसा समेत कई सांस्कृतिक स्पर्धाएं हुईं। विद्यार्थियों ने कई प्रदेशों के नृत्य के माध्यम से देश की सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत किया। इसमें एसआरएमएस ट्रस्ट के लखनऊ, उन्नाव और बरेली के शैक्षिक संस्थानों के बीटेक, बीफार्मा, एमसीए, एमबीए, एमबीबीएस, पैरामेडिकल, नर्सिंग, एमटेक, एमफार्मा, एलएलबी, बीबीए, बीसीए के विद्यार्थी 36 स्पर्धाओं में हिस्सा ले रहे हैं। पहले दिन 15 स्पर्धाओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान फाइन आर्ट्स कमेटी की पाइरेट्स ऑफ कैरेबियन गैलरी आकर्षण का केंद्र रही।

- **एसएसआरएमएस में विद्यार्थियों ने नृत्य के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत किया**

इससे पहले श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के चेयरमैन एवं अध्यक्ष देव मूर्ति ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उनके साथ में ट्रस्टी ऋचा मूर्ति, प्रिंसिपल डॉ. प्रभाकर गुप्ता मौजूद रहे।

देव मूर्ति ने कहा कि प्रकृति से हमें नदियां, पहाड़, जंगल, खेत, हवा, पानी और परिवार से संस्कार सब विरासत में मिले थे लेकिन संयुक्त परिवार टूटने से संस्कार पीछे छूटते जा रहे हैं। स्थिति दिनों दिन भयावह होती जा रही है। इसे संभालने के लिए अब युवा पीढ़ी को संकल्प लेना चाहिए। शनिवार को डीजे नाइट के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस मौके पर डॉ. जसप्रीत कौर, डॉ. मुथु महेश्वरी, डॉ. शैलेंद्र देवा, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. आरती गुप्ता, डायरो अध्यक्ष दिव्यांशु, सेक्रेटरी पूजा काराकोटी, विद्यार्थी अनुशा राव, आयुष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सर्वेक्षण की परीक्षा 4 दिसंबर को होगी

**कार्यालय संवाददता, बरेली**

- **जिले के 145 स्कूलों के छात्र होंगे शामिल**
- **एक कक्षा के 30 छात्र ही शामिल हो सकेंगे**

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक सर्वेक्षण परख-2024 के तहत सेक्रेड हार्ट स्कूल में शुक्रवार को बैठक में संयुक्त निदेशक मंडल डॉ. राकेश कुमार ने पर्यवेक्षकों और फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स को सर्वेक्षण के सुचारू और निष्पक्ष संचालन के लिए निर्देश दिए गए।

डीएलसी सीबीएसई एवं प्रधानाचार्य डीपीएस वीके मिश्रा ने सर्वेक्षण के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि 4 दिसंबर को राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में कक्षा 3, 6 और 9 के छात्र शामिल होंगे। यह सर्वेक्षण छात्रों के सीखने के स्तर का आकलन करने और शैक्षिक सुधारों को गति देने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता मनोज कुमार ने बताया परीक्षा के लिए जिले के 145 स्कूल चयनित हैं। इसमें एक कक्षा के 30 छात्र ही शामिल होंगे। यह एक सैंपल परीक्षा होगी। राष्ट्रीय स्तर पर सर्वेक्षण के बाद प्रदेश की रैंकिंग रैंकिंग निर्धारित होगी। कार्यक्रम में सेक्रेड हार्ट स्कूल की प्रबंध निदेशक राधा, कार्यकारी निदेशक निर्भय बेनीवाल, प्रधानाचार्य डॉ. उर्मिला बाजपेई, डायट प्राचार्य कल्पना सिंह, एडी बेसिक अजीत कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह, बीएसए संजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्खलन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

## महिला ने पुलिस पर लगाया मारपीट का आरोप

**बिशारतगंज, अमृत विचार** : बिशारतगंज निवासी एक महिला ने शुक्रवार को एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की। वार्ड नंबर एक निवासी कन्यावती ने बताया है कि उसके बेटे अर्जुन कुमार की शादी छह साल पहले नई बस्ती साहूजी नगर मिलक थाना खास जिला रामपुर के रहने वाले भगवान दास की बेटी से हुई थी।

शादी के बाद उसने गलत आचरण की वजह से बेटे बहू को चल-अचलन संपत्ति से बेदखल कर दिया था। इसके बाद बहू ने बेटे के विरुद्ध रामपुर के पारिवारिक न्यायालय में मुकदमा दायर किया था। इस मामले में बिशारतगंज पुलिस ने 7 नवंबर को अर्जुन कुमार के घर की कुर्की की कार्रवाई की थी।आरोप है कि पुलिस उसके बड़े पुत्र सुभाष सिंह को 26 नवंबर की शाम 7:00 बजे मारपीट कर थाने ले गई। जब उसने पुलिस को बताया कि अर्जुन कुमार को हमने अपनी संपत्ति से बेदखल कर दिया है, फिर क्यों बड़े बेटे को उठाकर लाया गया है। आरोप है कि पुलिस ने कन्यावती के साथ हाथापाई करते हुए धक्का दे दिया, जिससे वह गिरकर घायल हो गई।

महिला का कहना है कि इसके बाद पुलिस ने सादे कागत पर दस्तखत लेकर उसके बेटे को छोड़ दिया। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया की महिला के बेटे के विरुद्ध न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। न्यायालय के आदेश अनुसार कुर्की की कार्रवाई की गई है। महिला चाहती है उसके यहां पर पुलिस न जाए पूछताछ के संबंध में पुलिस गई थी। उसके लगाए सारे आरोप गलत है।

### तलाकशुदा महिला लापता पिता को अनहोनी की आशंका

**बरेली, अमृत विचार** : बारादरी क्षेत्र से तलाकशुदा महिला लापता हो गई है। महिला के पिता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए गुमशुदगी दर्ज कराई है। पिता के मुताबिक 23 नवंबर को महिला छोटी बहन से मामूली तकरार के बाद लापता हो गई। उसके तीन वर्षीय बेटा का भी है रोरोकर बुरा हाल है। पिता का आरोप है कि पुलिस उनकी बेटी की तलाश में रुचि नहीं ले रही है। जिन दरोगा को तलाश की जिम्मेदारी मिली है वह अवकाश पर चले गए हैं। उनकी बेटी के साथ कोई अनहोनी हो सकती है।

### पति से विवाद के बाद महिला ने फंदा लगाकर दी जान

**बरेली, अमृत विचार** : इज्जतनगर क्षेत्र के गांव फरीदापुर चौधरी में पति से विवाद के बाद महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस और फील्ड यूनिट ने मौके पर जांच की। गांव शिकारपुर निवासी साजिया (30) की शादी फरीदापर चौधरी के युसूफ से वर्ष 2019 में हुई थी। उसके दो बेटे हैं। युसूफ दिल्ली में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। साजिया के बार-बार मायके जाने से पति से विवाद होता था। गुरुवार देर रात साजिया ने अपने कमरे में रस्सी के सहारे पंखे के कुंडे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सीओ तृतीय देवेंद्र कुमार, इंस्पेक्टर धनंजय पांडे के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फंदा लगाने से मौत होने की पुष्टि हुई है। थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# उल्टी दिशा में ट्रैक्टर ने बाइक को रौंदा, एक युवक की मौत

## मीरगंज में राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसा, दो गंभीर घायल

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार** : मीरगंज राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार रात 8 बजे गलत साइड में जा रहे ट्रैक्टर ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन लोग सवार गए जिसमें दो गंभीर घायलों को बरेली के जिला अस्पताल ले जाया गया, जिसमें एक युवक ने दम तोड़ दिया और दूसरा जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है। तीसरा मामूली घायल मीरगंज सीएचसी मरहम पट्टी कराकर घर चला गया।

अलीगंज के गांव परतापुर के रहने वाले तीन लोग बाइक से बरेली से मिलक की ओर जा रहे थे, थाना मीरगंज थाना क्षेत्र में लाभारी चौके से कुछ दूरी पर एक पेट्रोल पंप के सामने एक ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक के परखच्चे उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचवाया जिसमें से एक युवक ने दम तोड़ दिया जबकि दूसरा जीवन एवं मौत के बीच झूल रहा है।



ट्रैक्टर की टक्कर से क्षतिग्रस्त बाइक।

मामूली घायल विजय श्रीवास्तव मीरगंज सीएचसी में इलाज के बाद घर चला गया। खबर लिखे जाने तक मृतक और गंभीर घायल का नाम पता नहीं चल सका है। पुलिस ने ट्रैक्टर एवं बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं पुलिस हादसे में मृत व्यक्ति और घायल की पहचान कराने के प्रयास तेज कर दिए है, ताकि परिजनों को समय से सूचना दी जा सके।

# प्रेमी से बात करने से मना करने पर पुत्रवधू ने सास को दी धमकी

- सास ने पुत्रवधू पर इंस्टाग्राम पर अश्लील वीडियो पोस्ट करने का भी लगाया आरोप
- एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र देकर पुत्रवधू पर कार्रवाई की मांग की

कार्यालय संवाददात, बरेली

**अमृत विचार** : किला क्षेत्र में रहने वाली महिला ने पुत्रवधू पर प्रेमी से अश्लील बातें करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि समझाने पर पुत्रवधू ने पूरे घर को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी है। महिला ने एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र दिया है।

महिला ने बताया कि उनके बेटे का विवाह सुभाषनगर थाना क्षेत्र के गणेशनगर गली नंबर तीन निवासी युवती से 14 फरवरी को हुआ था। शादी के बाद से ही पुत्रवधू ने उन लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया।

आरोप है कि पुत्रवधू इंस्टाग्राम पर अश्लील वीडियो बनाकर डालती है और अपने प्रेमी से अश्लील चैट करती है। इसकी जानकारी होने पर जब उन्होंने उसे समझाने का प्रयास किया तो पुत्रवधू नाराज हो गई।

उसने आत्महत्या करके परिवार के लोगों को फंसाने की धमकी दी। उसके भाइयों ने भी घर में घुसकर मारपीट की है। उसकी चैट से पता चला कि पुत्रवधू विवाह से पहले एक युवक से मंदिर में शादी कर चुकी है। उन्होंने एसएसपी कार्यालय में चैटिंग के साक्ष्य भी दिए हैं।

# रेलवे फाटक के पास टूटी सड़क से लग रहा है जाम

- एक तरफ गड्ढे होने से वाहन चालक हो रहे हादसे का शिकार

संवाददाता, बिशारतगंज

**अमृत विचार** : रेलवे फाटक के पास टूटी सड़क होने की वजह से वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे है तो ई- रिक्शा चालक भी हादसे का शिकार हो रहे है। फाटक खुलने के बाद वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है।

बरेली-चंदौसी रेल मार्ग पर अखा गांव के समीप बने फाटक संख्या 3/सी पर रेलवे की ओर से बनाई गई इंटरलॉकिंग सड़क उखड़कर गढ़ों में तब्दील हो गई है। जिस कारण यहां फाटक खुलने पर लंबा जाम लग जाता है। बाइक सवार गिरकर चोटिल भी हो जाते हैं। अखा गांव के लोगों ने बताया कि रेलवे की ओर से कई बार सड़क ठीक की गई है, लेकिन साइड पर रोक न होने के कारण वह बहुत जल्द ही उखड़



टूटी पड़ी सड़क। • अमृत विचार

जाती है, यदि साइड में रोक बना दी जाए तो समाधान हो सकता है। इस मामले में वरिष्ठ मंडल प्रबंधक मुरादाबाद आदित्य गुप्ता ने बताया कि सड़क की मिक्सिंग का काम हुआ है कुछ दिन बाद सड़क के फुटपाथ पर काम होगा।

# सफाई कर्मियों के लिए बीमा और न्यूनतम मजदूरी का हो पालन: भगवत प्रसाद

- मैनुअल स्कैवेंजर्स के हितों और अधिकारों पर मंडल स्तरीय बैठक सम्पन्न

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार**: विकास भवन स्थित सभागार में शुक्रवार को मैनुअल स्कैवेंजर्स के अधिकारों और उनके कल्याण के लिए मंडल स्तरीय बैठक में सेंट्रल मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य भगवत प्रसाद मकवाना ने सफाई कर्मियों के लिए न्यूनतम मजदूरी और बीमा का पालन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मैनुअल स्कैवेंजर्स अधिनियम-2013 के तहत कार्य करने वाले सफाई कर्मियों के अधिकारों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि शुष्क शौचालय, सीवर, सेप्टिक टैंक, रेलवे ट्रैक और खुले नालों की सफाई करने वाले सभी कर्मी मैनुअल स्कैवेंजर्स की श्रेणी में आते हैं।बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से लाखों शौचालयों के निर्माण के लिए धन्यवाद दिया गया, क्योंकि इसके कारण हाथ से मल ढोने की प्रथा पर प्रभावी प्रहार हुआ है। इस दौरान खुले नालों और गटर की सफाई करने वाले कर्मियों की स्थिति सुधारने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। भगवत प्रसाद ने सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए उन्हें सुरक्षा किट और आवश्यक उपकरण देने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान मृत्यु पर 30 लाख और अपंगता पर 20 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाता है।



मैनुअल स्कैवेंजर के सेंट्रल मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक करते भगवत प्रसाद।

बैठक में निर्णय लिया गया कि मैनुअल स्कैवेंजर्स की पहचान के लिए सर्वे कराया जाएगा और उनका पुनर्वासन सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा रेलवे में आउटसोर्स सफाई कर्मियों का सर्वे करने और नगर निगम में सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन दिनेश, अपर नगर आयुक्त एसके यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## आठ जुआरी गिरफ्तार 20 हजार बरामद

**बरेली, अमृत विचार** : थाना बारादरी पुलिस ने जगतपुर क्षेत्र में जुआ खेल रहे आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 19910 रुपये बरामद हुए हैं। थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि गुरुवार की देर रात जगतपुर से एजाजनगर गौटिया निवासी मुशर्रफ, सोनू, आसिफ अली, निहालुद्दीन, मकसूद, नवीस हसन, फईम और नवाब को जुआ खेलते गिरफ्तार किया है।

## युवती से छेड़खानी पर तीन लोगों पर रिपोर्ट

**फरीदपुर , अमृत विचार** :युवती से छेड़खानी करने के मामले में तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज हुई, पुलिस मामले की जांच कर रही है । थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती (25 ) ने थाना फतेहगंज पूर्वी में 28 सितंबर को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि 25 सितंबर को वह बरेली दवा लेने के लिए अपने गांव से पैदल राजमार्ग की ओर जा रही थी। रास्ते में अचानक एक गाड़ी आकर रुकी जिसमें सवार तीन लोगों ने उससे छेड़खानी की और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

गुरुवार को थाने पहुंची पीड़िता ने इस मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है । थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस मामले की जांच की जा रही है, शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## मस्जिद से छात्र का मोबाइल चोरी

**बरेली, अमृत विचार** : किला क्षेत्र में मस्जिद अंसारियान में दीनी पढ़ाई करने वाले छात्र का मोबाइल चोरी हो गया। छात्र की तहरीर पर थाना किला पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। असम के जिला भालुकमारी के गांव रोऊला निवासी मुमताज अली ने बताया कि वह मस्जिद में रहकर दीनी पढ़ाई और देखरेख करता है। 25 नवंबर को वह मस्जिद में सो रहा था। रात 11:30 बजे एक व्यक्ति मस्जिद में घुस आया और मोबाइल चोरी करके भाग गया। आरोपी सीसीटीवी में कैद हो गया है।

## पुलिस पर पीटकर वसूली करने का आरोप



**बरेली, अमृत विचार** : इज्जतनगर के गांव मुड़िया अहमदनगर निवासी दीपक पटेल ने पुलिस पर फर्जी मामले में गिरफ्तार कर 10 हजार रुपये वसूलने का आरोप लगाया है। एसएसपी ऑफिस में की शिकायत में उसने कहा है कि पुलिस के पीटने से उसे सुनाई देना बंद हो गया है। मुड़िया अहमदनगर निवासी दीपक पटेल की शिकायत के मुताबिक वह नान का ठेला लगाता है। इज्जतनगर थाने के दरोगा इंद्रपाल और सिपाही असलम ने 25 नवंबर को उसे रास्ते से पकड़ लिया और मयूर वन चेतना केंद्र ले गए। दीपक के मुताबिक वह ऑनलाइन सट्टा खेलता है। दरोगा ने उससे यह बात स्वीकार कराकर वीडियो बनाया, फिर थाने में सिपाही असलम के क्वार्टर में ले जाकर उसे पीटा। कान पर थप्पड़ मारने से उसे सुनाई देना बंद हो गया। रिपोर्ट दर्ज कर उससे 10 हजार रुपये वसूले गए, फिर थाने से जमानत दे दी। उसने कहा है कि अगर थाने के सीसीटीवी कैमरे की 25 नवंबर की शाम सात बजे के बाद की फुटेज चेक की जाए तो हकीकत सामने आ जाएगी। दरोगा इंद्रपाल सिंह का कहना है कि दीपक सट्टा खिलाता है। उसके खिलाफ सबूत हैं। इसीलिए उसका चालान किया गया। मारने पीटने की बात गलत है।

# बशीर मियां के उर्स में उमड़े अकीदतमंद, कुल आज

- फज्र की नमाज के बाद कुरानख्वानी हुई, नातो मनकबत का पेश किया नजराना

**बरेली, अमृत विचार** : गुलाबनगर स्थित दरगाह शाह मुहम्मद बशीर मियां के 78वें सालाना उर्स के दूसरे दिन शुक्रवार को दरगाह और खानकाह पर अकीदतमंदों की हाजिरी का सिलसिला जारी रहा। फज्र की नमाज के बाद कुरानख्वानी हुई और नातो-मनकबत का नजराना पेश किया गया।

जायरीन गुलपोशी और चादरपोशी करते रहे। खानकाह सकलैनिया शराफतिया के सज्जादानशीन शाह मुहम्मद गाजी मियां से अकीदतमंदों की मुलाकातों का सिलसिला चलता रहा। शाम को खानकाह पर रूहानी महफिल सजी। उलमा-ए-कराम ने शाह मोहम्मद बशीर मियां की जिंदगी पर रोशनी डाली।

खानकाह के मीडिया प्रभारी हमजा सकलैनी ने बताया कि शनिवार की सुबह 8 बजे खानकाह सकलैनिया शराफतिया पर कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। इसके बाद साहिबे सज्जादा गुलाबनगर स्थित दरगाह पर चादरपोशी के लिए हाजिरी देंगे। उर्स की महफिल में हजरत सादकैन मियां सकलैनी, हाफिज गुलाम गौस सकलैनी, मौलाना आफाक सकलैनी, मौलाना रुम्मान कादरी, हाफिज नफीस सकलैनी, जिया सकलैनी आदि मौजूद रहे।

## हिंदू जागरण मंच ने हिंदुओं से संगठित होने की अपील की

**आंवला, अमृत विचार** : हिंदू जागरण मंच की ओर से नगर के एक बरात घर में बैठक हुई, जिसमें हिंदुओं को संगठित करने को लेकर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने संगठन का विस्तार करते हुए कार्यकर्ताओं को पदभार सौंपे। जिलाध्यक्ष अरुण सिंह फौजी ने कहा कि सभी पदाधिकारी हिंदुओं को संगठित करने के लिए प्रयास करते रहें। सभी से जात-पात का भेद भूलकर संगठित होने की अपील की। उन्होंने रूम सिंह को सह संयोजक खंड मझंगवा, विक्रम सिंह को नगर अध्यक्ष युवा वाहिनी आंवला, दीपक वर्मा सहसंयोजक युवा वाहिनी आंवला, अनिल मौर्य संपर्क प्रमुख युवा वाहिनी आंवला, अनिल कश्यप संपर्क प्रमुख हिंदू जागरण मंच, डॉ हरीश मौर्य सहसंयोजक नगर आंवला हिंदू जागरण मंच, रजत राज प्रेमी सहसंयोजक आंवला, अभय सिंह खंड संरक्षक रामनगर समेत अन्य रहे।

## फार्मेसी सप्ताह में लगाया स्वास्थ्य जागरूकता शिविर




**नवाबगंज, अमृत विचार** : आर्य कॉलेज ऑफ फार्मेसी परिसर में राष्ट्रीय सप्ताह के दौरान फार्मेसी से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें आर्य कॉलेज ऑफ फार्मेसी की ओर से नगर में जागरूकता रैली के साथ-साथ स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। लोगों को दवाओं से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम में संस्थान के महानिदेशक डॉ. आनंद पाठक, विभागाध्यक्ष डॉ. विकास रस्तोगी के साथ समस्त स्टाफ ने छात्र एवं छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

# नशे की लत, फिर तस्करी के दलदल में फंस रहीं महिलाएं

दिग्विजय मिश्रा, बरेली

**अमृत विचार** : जिले में मादक पदार्थों का नशा करने में महिलाएं भी शामिल हैं। महिलाएं नशे की लत में फंसने के बाद पैसे न दे पाने पर तस्करी करने लगती हैं। पांच साल में बरेली पुलिस ने 76 महिला तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार कर जेल भेजी गईं 70 फीसदी महिला तस्कर नशे की लत में फंसने के बाद तस्करी करने लगीं। पकड़ी गई महिलाओं की उम्र 22 से 50 वर्ष के बीच है। इनमें सबसे ज्यादा संख्या गरीब परिवारों की महिलाओं की है। 30 फीसदी महिलाएं ऐसी भी हैं जो कि परिवार का खर्च चलाने के लिए भी तस्कर बनीं। महिलाओं में इस्तेमाल होने वाले सबसे ज्यादा मादक पदार्थों में कोकिन, सुलफा, स्मैक, अफीम, मोर्फिन और स्नेक बाइट शामिल हैं।

### तस्करी के लिए सार्वजनिक वाहनों का इस्तेमाल

पुलिस के अनुसार महिला तस्कर सबसे ज्यादा अपने प्राइवेट पार्ट्स या फिर अंडर गारमेंट्स में ड्रग्स छिपाकर तस्करी करती हैं, ताकि आसानी से पकड़ में न आएं। ऐसे कई मामलों में महिला पुलिसकर्मियों ने तलाशी में ड्रग्स बरामद भी किए हैं। ये तस्करी के लिए कभी निजी वाहन का इस्तेमाल नहीं करतीं और ऑटो, टैक्सी या फिर बस में ज्यादा सफर करती हैं। पकड़े जाने की स्थिति बनने पर ये ड्रग्स वाहन के अंदर फेंक कर भी फरार हो जाती हैं।

- पांच साल में 76 महिलाएं मादक पदार्थों की तस्करी में गिरफ्तार

| साल | रिपोर्ट | गिरफ्तार |
|---|---|---|
| 2020 | 17 | 19 |
| 2021 | 19 | 23 |
| 2022 | 9 | 11 |
| 2023 | 16 | 17 |
| 2024 | 6 | 6 |

**जिले से सटे दूसरे प्रदेश की भी महिला तस्कर सक्रिय:** उत्तराखंड से सटा होने की वजह से जिले की महिलाएं वहां की महिला तस्करों के साथ भी संपर्क में रहती हैं और यहां से दूसरे प्रदेश में भी मादक पदार्थों की सप्लाई लेने या देने के लिए करती रहती हैं।

हालांकि पुलिस की सक्रियता के कारण महिला तस्करों की संख्या कम हुई है।

> मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए स्पेशल सेल गठित की गई है। इस साल तस्करी में गिरावट आई है। कई तस्करों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई है। गोपनीय नंबर के जरिए भी लगातार अपराधियों पर कार्रवाई की जा रही है। **-अनुराग आर्य**, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

## बाल विकास परियोजना कार्यालय का बने भवन

**क्योलड़िया, अमृत विचार** : बाल विकास परियोजना कार्यालय भवन के निर्माण के लिए प्रधान की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें ध्वनिमत से प्रस्ताव पास हुआ। इसके बाद लेखपाल ने भूमि की पैमाइश करके निदेशालय बाल विकास तृतीय तल इंदिरा भवन लखनऊ और जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र भेजकर गांव में भवन निर्माण करने की मांग की है। ब्लॉक भदपुरा के गांव ज्योति जागीर के प्रधान मुनीष राठौर ने ग्राम पंचायत की खुली बैठक में बाल विकास परियोजना कार्यालय के भवन निर्माण के लिए गांव में भूमि का प्रस्ताव का पास कराकर हल्का लेखपाल से भूमि की पैमाइश करा चुके है। उन्होंने विभाग से भवन निर्माण कराने की मांग की है।

# बिजौरिया: ट्रेनों की रफ्तार ही देखते रह जाते हैं लोग

## स्टेशन से गुजरती हैं नौ एक्सप्रेस, ठहरती एक भी नहीं, विधायक ने की मेल ट्रेनों के ठहराव की मांग

साजिद अली, नवाबगंज



बिजौरिया रेलवे स्टेशन पर पसरा रहता है सन्नाटा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बिजौरिया स्टेशन से एक नहीं कुल नौ एक्सप्रेस ट्रेने गुजरती हैं, लेकिन इनमें से एक का भी ठहराव यहां नहीं है। इन ट्रेनों का ठहराव हो तो लोग सीधे लखनऊ, दिल्ली, इलाहाबाद , देहरादून और मथुरा तक की यात्रा कर सकते हैं।

नगर से सटे इस रेलवे स्टेशन से नौ एक्सप्रेस ट्रेनें रोज मुंह चिढ़ाते हुए यहां से गुजर जाती हैं। किसी समय लखनऊ जाने वाली रुहेलखंड एक्सप्रेस यहां रुका करती थी, लेकिन स्टेशन के सुधार व लाइन के विद्युतीकरण होने के बाद से इसका ठहराव भी बंद हो गया है। एक अरसे से क्षेत्रवासी एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग कर रहे हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है ।

### सिर्फ पैसेंजर ट्रेनों का होता है ठहराव

आबादी बढ़ने के साथ ही बिजौरिया गांव नगर परिषद में शामिल हो गया है और स्टेशन तक नगर की सारी सुविधाएं भी पहुंच चुकी है, लेकिन रेलवे स्टेशन का नाम आज भी बिजौरिया ही दर्ज है। लोगों का मानना है कि गांव के नाम से होने के कारण ही इस स्टेशन को कोई महत्व नहीं दिया जा रहा है ऐसे में इसका नामकरण नगर के नाम से ही होना हितकर रहेगा । एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव पर स्थानीय नागरिकों को दिल्ली –लखनऊ के साथ ही प्रयागराज व मथुरा तक की सीधी यात्रा सुलभ हो सकती है। कही जाने के लिए लोगों को बरेली से ट्रेन पकड़नी पड़ती है। सुविधा के नाम पर मात्र बरेली के सिटी स्टेशन से टनकपुर के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों का ही सहारा है जो ऊंट के मुंह में जीरा है । विधायक डॉ. एमपी आर्य ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर इनके ठहराव की मांग की है, जिससे स्थानीय जनता को दूरस्थ स्थलों की सीधी यात्रा सुलभ हो सके ।

**नाम बदलने की मांग :** इस स्टेशन का नाम बिजोरिया की जगह नवाबगंज पर करने की मांग भी उठ रही है। दशकों पहले ग्राम बिजौरिया क्षेत्र से गुजरने के कारण इस स्टेशन का नामकरण भी इसी गांव के नाम से किया गया था।

# नहर में पानी नहीं, किसानों के सामने सिंचाई का घोर संकट

## सरसों, गेहूं समेत कई फसलों की नहीं हो पा रही सिंचाई

संवाददाता, भदपुरा

● किसानों की पीड़ा समय से नहीं मिलता सिंचाई के लिए पानी

**अमृत विचार :** शारदा खंड की नहरों (रजवाहों) में पानी नहीं आने से किसान परेशान हैं। सरसों, गेहूं , गन्ने की फसल खेतों की सिंचाई के लिए पानी की जरूरत है और नहरें सुखी पड़ी है। गन्ने के भुगतान नहीं होने से किसानों के सामने आर्थिक संकट है ऐसे में किसान सिंचाई कैसे करे यह बड़ा सवाल है।

किसानों का कहना है कि यदि नहरों में पानी आ जाए तो उनकी समस्या का समाधान हो सके। अब तक कुछ नहरों की सफाई तक नहीं की गई है, लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अगर नहरों में सफाई कराए बिना पानी छोड़ा जाएगा तो नहरों के कटने की आशंका है।



सुखी पड़ी नहर। ● अमृत विचार

किसान कांता प्रसाद, सुनील कुमार ,रमेश पाल, रामकुमार अमरसिंह वृदांवन, छेदा लाल का कहना है कि जब जरूरत होती है तो नहर में पानी बिल्कुल नहीं आता है, जबकि किसानों को पानी की जरूरत नहीं होती है, तब नहर में पानी छोड़ा जाता है। बेमौसम पानी छोड़ जाने से फसलों को क्षति पहुंचती है। इस समय नहर में पानी नहीं होने से किसान सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। वही जंगली जानवर भी गांव की तरफ पानी की तलाश में आ जाते हैं। बोरिंग से किसानों को सिंचाई करनी पड़ रही है।

शारदा नहर के रजबाहे नवदिया,कुंवरपुर तुलसी पट्टी, सिठौरा, नकटी नारायणपुर होते हुए निकलती हैं। वही क्षेत्र में दूसरा रजवाहा परतीतपुर, कटैया आत्मा राम, सरोरा, डडिया नजमुलनीशा, ढकिया बर्कली साहब होते हुए तिगरी निकलती है, लेकिन न तो नहर की सफाई हुई है न ही किसी नहर में अब तक पानी आया है।

# भमोरा-आंवला स्टेट हाईवे के चौड़ीकरण का कार्य सुस्त

संवाददाता आंवला

● 28 दिसंबर 2024 तक निर्माण कार्य करना है पूरा

**अमृत विचार :** भमोरा-आंवला-शाहाबाद स्टेट हाइवे का चौड़ीकरण कार्य अंतिम दौर में चल रहा है। परंतु पेड़ कटान और बिजली पोल शिफ्टिंग का कार्य कछुआ गति से चल रहा है। सड़क निर्माण करने वाली कंपनी को समस्या हो रही है।

भमोरा -शाहाबाद स्टेट हाइवे की सड़क 7 से 10 मीटर चौड़ी की जा रही है। निर्माण कार्य करने वाली कंपनी का शाहबाद से सेंधा पुल तक अंतिम लेयर का कार्य अंतिम चरण में है। फर्म को 28 दिसंबर 2024 तक कार्य पूर्ण करना है। परंतु कार्य पूर्ण करने में अनेको बाधाएं सामने है। लोक निर्माण विभाग की ओर से सड़क के मध्य से 10-10 मीटर दूर विद्युत पोल, विद्युत लाइन और पेड़ हटाने के लिए धन जारी किया गया था। सड़क निर्माण का कार्य अंतिम दौर में है। परंतु विद्युत लाइन शिफ्टिंग का कार्य अत्यंत धीमी गति से चल चल रहा है। पेड़ हटाने के लिए विभाग कछुआ चाल चल रहा है। वहीं क्षेत्रवासियों ने बताया कि यदि सड़क निर्माण से पहले बिजली पोल और पेड़ हट जाते तो सड़क निर्माण का कार्य और बेहतर होता।

वन विभाग ने अनुमति में देरी होने से सेंधा से वनविभाग कार्यालय के समीप तक करीब 3 किमी क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण कार्य रुका हुआ है। फर्म ने कुड्डा से कार्य आरम्भ कर दिया है। एबी इन्फ्राजोन प्राइवेट लिमिटेड के कर्मियों ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग से वन विभाग की अनुमति जल्द मिलने की बात कही गयी है। उनकी फर्म का कार्य अंतिम दौर में है। यदि वन विभाग की अनुमति मिल जाती तो वह अपना पूरा काम समय पर पूर्ण कर देते।

# विपरीत परिस्थिति से जूझने की शक्ति मानस ने दी

संवाददाता, नवाबगंज

● निशांत गुप्ता स्मृति व्याख्यान शृंखला में हुआ हाईब्रिड सेमिनार

**अमृत विचार:** डॉ. निशान्त गुप्ता की स्मृति में आयोजित सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय व्याख्यान शृंखला के चौथे दिन शुक्रवार को हाइब्रिड मोड पर सेमिनार हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. विवेक मणि त्रिपाठी ने ऑनलाइन संबोधन में कहा इस समय में इस प्रकार के बहुउद्देशीय सेमिनार की आवश्यकता है।

मानस पर विचार रखते हुए कहा कि तुलसीदास 500 साल में सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाले व्यक्तियों में से एक हैं, जिनकी रचना रामचरितमानस आज भी प्रासंगिक है। जब तुलसीदास ने यह ग्रंथ लिखा तो उस समय की सामाजिक परिस्थिति बहुत अनुकूल नहीं थी। 18 वीं शताब्दी में गिरगिटिया मजदूर भी रामचरितमानस लेकर फिजी, मॉरिशस और गुयाना आदि देशों में गए थे तथा उस समय विपरीत परिस्थिति से जूझने की शक्ति मानस ने प्रदान की। दूसरी मुख्य वक्ता डॉ. प्रीति पाठक जी (गांधी अध्ययन केंद्र की निदेशक) ने ऑफलाइन संबोधन



अतिथि को स्मृति चिह्न देतीं डॉ.शशी बाला।

में कहा कि मानस की रचना मुगलों के समय में हुई थी उस समय सामाजिक गिरावट लगातार हो रही थी, तब तुलसी जी ने राम को अपने महाकाव्य में लोकनायक के रूप में प्रस्तुत किया। अगर शासन व्यवस्था सुचारू रूप से चलानी है, तो लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था अधिक विश्वसनीय है जिसमें समानता, स्वतंत्रता, न्याय व बंधुत्व की भावना हो। इस दौरान डॉ. स्वाति गुप्ता, डॉ. एनके गुप्ता,डॉ. शशिबाला राठी, डॉ. दुरेश चन्द, डॉ. सीमा चतुर्वेदी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# संभल हिंसा: जुमे पर अलर्ट रही पुलिस

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** संभल में हुए बवाल के बाद शुक्रवार को जिले भर की पुलिस सतर्क रही। थाना प्रभारियों ने कस्बे समेत ग्रामीण अंचलों में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से शांति बना रखने की अपील की। इसके साथ ही मस्जिदों के आसपास पुलिस बल तैनात रहा। मुस्लिम बहुल्य क्षेत्रों में भी ड्रोन से निगरानी की गई।

शीशगढ़ पुलिस ने शुक्रवार को कस्बे में फ्लैग मार्च करके खुराफातियों को चेतावनी दी। अधिकारियों का कहना है कि नगर पंचायत शीशगढ़ मुस्लिम बहुल्य है यहां किसी भी तरह का उन्माद नहीं होने दिया जाएगा। इंस्पेक्टर शीशगढ़ राधेश्याम ने शुक्रवार को नमाज से पहले फोर्स के साथ फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर प्रत्येक गली मोहल्लों में होते हुए कस्बे की सभी मस्जिदों से होते हुए वापस थाना पहुंचकर समाप्त हो गया।

क्योलड़िया पुलिस जमा मस्जिद, और नूरी मस्जिद पर इंस्पेक्टर क्राइम परमेश्वरी उपनिरीक्षक सुशील कुमार वरिष्ठ उप निरीक्षक आनंद कुमार पूरी तरह मुस्तैद रहे। क्षेत्र की सभी मस्जिदों पर जुमे की नमाज शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई।



आंवला में नमाज के दौरान मस्जिद के बाहर तैनात पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

**बहेड़ी** पुलिस ने जुमे की नमाज़ से पूर्व नगर में फ्लैग मार्च निकाला। बाइक और चार पहिया से पुलिसकर्मी लोगों को कानून का पाठ पढ़ाते हुए चल रहे थे। कोतवाली से शुरू हुआ फ्लैग मार्च नगर के प्रमुख स्थानों पर भ्रमण के बाद कोतवाली पहुंचकर समाप्त हो गया। इस दौरान सीओ अरुण कुमार, कोतवाल संजय तोमर, कस्बा इंचार्ज सनी चौधरी पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

**बिशारतगंज** पुलिस शुक्रवार को सक्रिय रही। दंगे से निपटने की तैयारी के साथ फ्लैग मार्च किया। नमाज के दौरान मस्जिदों के आसपास नजर बनाए रखी।

**शेरगढ़** पुलिस ने थानाध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में थाना पुलिस ने कस्बा समेत ग्रामीण अंचलों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान पुलिस ने इलाके वासियों से क्षेत्र में शांति सद्भाव बनाए रखने की अपील की।

**नवाबगंज** पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालने के साथ ही ड्रोन कैमरे से निगरानी की। कोतवाल राजकुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला , उन्होंने लोगों को अफवाह पर ध्यान न देते हुए, अफवाह फैलाने वाले की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया।

## पुलिस की लोगों से शांति बनाए रखने की अपील

**भोजीपुरा** पुलिस शुक्रवार को सकर्त रही । मस्जिदों पर शांतिपूर्ण नमाज अदा कराने के उद्देश्य से पुलिस को ड्यूटी लगाई गई। धौंराटांडा में पुलिस चौकी प्रभारी एसआई संजय कुमार, हल्का लेखपाल सौरभ कुमारबल के साथ मस्जिदों पर डटे रहे। वहीं मुख्य मार्गों पर पैदल गश्त की। पुलिस प्रमुख रूप से मस्जिद फातिमा हलवाइयान, जामा मस्जिद अहले सुन्नत व जमात, नूरी मस्जिद अड्डे वाली, ईदगाह मस्जिद अहले सुन्नत व जमात पर मुख्य रोड पर सक्रिय रही।

**आंवला** पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला और सुरक्षा की दृष्टि से मस्जिदों पर तैनात रही। सीओ आंवला नीलेश मिश्र, कार्यवाहक इंस्पेक्टर आंवला राजेश कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार ने पुलिस टीम के साथ नगर मेन फ्लैग मार्च निकाला।

## एक नजर

### रिछा में सभासद उप चुनाव की प्रक्रिया शुरू

**देवरनियां, अमृत विचार :** नगर पंचायत रिछा में वार्ड आठ की सभासद के निधन के बाद रिक्त पद पर 17 दिसंबर को होने वाले उप चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। वार्ड आठ की सभासद रही जमीलन का पिछले दिनों इंतकाल हो गया था। इसलिए रिक्त पद पर शासन ने 17 दिसम्बर को उप चुनाव होंगे। चुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारी बने जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि नामांकन 28 नवंबर से तीन दिसंबर तक सुबह 11 से 3 बजे तक जमा किए जाएगें। 4 को नामांकन पत्रों की जांच, 6 को नाम वापसी और फिर चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएगें। उप चुनाव के लिए वार्ड आठ में स्थित जूनियर हाईस्कूल में दो बूथ बनाए गए हैं।

### डीएपी की समस्या का निस्तारण कराने की मांग

**आंवला, अमृत विचार :** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा समाज उत्थान समिति भारत के राष्ट्रीय प्रवक्ता कौशल कुमार सिंह ने सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता बरेली बृजेश सिंह परिहार से मिलकर आंवला क्षेत्र में डीएपी और एनपीके की पर्याप्त उपलब्धता कराने की मांग की। उन्होंने ने बताया कि गेहूं की बुवाई के लिए किसानों को डीएपी और एनपीके नहीं मिल पा रही है। तहसील क्षेत्र की कई समितियों पर डीएपी, एनपीके नहीं है। किसान डीएपी के लिए समितियों के चक्कर काट रहे हैं। सहायक आयुक्त ने जल्द खाद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

### युवक से की मारपीट

**बरेली, अमृत विचार :** मोहल्ला परवेज नगर, गढ़ी निवासी जावेद हुसैन ने थाना किला में तहरीर देकर तीन नामजद समेत पांच के खिलाफ बेटे पर जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जावेद ने बताया कि मोहल्ले के ही फैजान, फैजल, मेहंदी हसन और दो अज्ञात युवकों ने उनके बेटे अयान हुसैन पर हमला कर दिया। जिससे उसकी आंख में चोट लग गई। आरोपियों ने उनके बेटे को जान से मारने की धमकी दी है।

### पट्टा धारक पर चोरी से पेड़ कटवाने का आरोप

**बहेड़ी, अमृत विचार :** ब्लॉक दमखोदा के ग्राम पंचायत गरगैया में पट्टेदार 20 साल से मछली पालन के लिए पट्टे पर लिए तालाब के चारों ओर लगाए गए यूकेलिप्टस के पेड़ों को काटकर बेचकर सरकार को चूना लगा रहा है। दो सालों से पेड़ बेचने पर ग्रामीण विरोध में उतर आए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले साल भी पट्टा धारक ने चोरी छिपे पेड़ों को काटकर बेंच दिया था, जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। गुरुवार को पट्टा धारक ने फिर यूकेलिप्टस को पेड़ों को काटना शुरु कर दिया। जिस पर ग्रामीण विरोध में उतर आए और उन्होंने इसकी शिकायत प्रशासन से की। जिस पर लेखपाल अंशुल मौके पर पहुंचे और पेड़ों का कटान रुकवा दिया। पेड़ ग्राम समाज की जमीन पर खड़े हैं जिन्हें नीलामी से ही बेचा जा सकता है। जो पेड़ पट्टा धारक ने काटे हैं उन्हें प्रधान के सुपुर्द कर दिया गया है, रिपोर्ट अधिकारियों को भेजी जा रही है।

### पति का पर्स और पत्नी के कुंडल चोरी

**खुटार, अमृत विचार :** जनपद पीलीभीत के थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव चतीपुर के रहने वाले पुत्तू लाल ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को वह अपनी पत्नी सुनीता देवी, पुत्री सेजल सिंह के साथ खुटार के डाकघर में आधार कार्ड बनवाने आये थे और लाइन में लगे थे। उसी समय चोर ने पुत्तुलाल की जेब में रखी पर्स निकाल ली। जिसमें 55 सौ रुपये रखे हुए थे। इस बीच उसकी पत्नी सुनीता देवी के कान के कुंडल निकाल लिए गए।

## योजना के अनुसार पोलियो अभियान चलाएं :एसडीएम

**मीरगंज, अमृत विचार :** 8 दिसंबर से शुरू हो रहे पल्स पोलियो अभियान की सफलता के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में तहसील स्तरीय बैठक शुक्रवार को हुई । एसडीएम तृप्ति गुप्ता ने सभी विभागों को गाइडलाइन के अनुसार कार्य करने के लिए कहा। आईसीडीएस विभाग की ओर से बूथ पर पोषाहार वितरित कर बच्चों को बुलाया जाए । इसके साथ ही अभियान से पहले विद्यालयों में रैली निकलवाकर प्रचार प्रसार किया जाए जिससे अधिक से अधिक बच्चों को लाभ मिल सकें । चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विनय कुमार पाल ने बताया कि अभियान के पहले दिन 114 बूथ, 9 ट्रांजिट टीम , 2 मोबाइल टीम लगाई जाएंगी, इसके बाद 65 टीमें घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाएंगी। बैठक में मीरगंज , फतेहगंज पश्चिमी एवं शीशगढ़ के चिकित्सा अधीक्षक, खंड विकास अधिकारी , खंड शिक्षा अधिकारी, नगर पंचायत से अधिकारी-प्रतिनिधि, सीडीपीओ रामगोपाल समेत अन्य मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली संस्करण

स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि

पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

अमृत विचार

साइज व रेट

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST

साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST

साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST

अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-

☎ 0581-4000222

हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### नीलम राठौर लड़ेंगी सभासदी का चुनाव

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नगर परिषद के वार्ड 11 के सभासद पद के लिए होने वाले उपचुनाव में वार्ड के सभासद रहे भूपेन्द्र राठौर की पत्नी नीलम राठौर के साथ ही उन्हीं के परिवार के सूर्य प्रकाश राठौर ने भी पर्चा खरीदा है । जनवरी में सभासद भूपेन्द्र सिंह राठौर की दुकान पर कब्जे को लेकर किराएदार ब्यूटी पार्लर संचालिका और उसके परिजनों ने दिन दहाड़े हत्या कर दी थी । जिसके बाद से ये पद रिक्त चल रहा था ।अब उपचुनाव में उनकी पत्नी पूर्व सभासद नीलम राठौर भी दावेदार हैं और उनके साथ ही उनके ही परिवार के सूर्य प्रकाश राठौर ने पर्चा खरीदा है।

### गांजा तस्कर गिरफ्तार

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** मादक पदार्थों की तस्करी के लिए बदनाम गांव सैदपुर चुन्नीलाल के एक और तस्कर को सात सौ ग्राम गांजा के साथ शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भोजीपुरा प्रभारी निरीक्षक प्रवीन सोलंकी टीम के साथ भगवंतापुर जाने वाले रोड से एक युवक को दोपहर 1 बजे गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से सात सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी ने अपना नाम हसन रजा निवासी सैदपुर चुन्नीलाल थाना भोजीपुरा बताया। भोजीपुरा पुलिस ने 26 नवंबर को सैदपुर चुन्नीलाल के ही फिरासत को ग्यारह किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। जिन्हें कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

### छात्रों ने आईवीआरआई का किया शैक्षिक भ्रमण



**मीरगंज, अमृत विचार :** बीईओ राजेश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत छात्रों को आईवीआरआई का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। छात्रों को टोपी, टीशर्ट, लंच , विज्ञान किट, बैग उपलब्ध कराया गया। आईवीआरआई में बच्चों ने पशु चिकित्सालय, संग्राहलय, डियर पार्क में भ्रमण कर जानकारी ली। डॉक्टरो से जाना की जानवरों में कौन-कौन सी बीमारियां , वैक्सीनेशन लगाई जाती है । भ्रमण में रोहिताश कुमार गंगवार,सचिन मुरारी शर्मा, शैलेंद्र कुमार सिंह , महेंद्र पाल अमित कुमार, अनुज शर्मा कृष्ण कुमार शर्मा आदि का सहयोग रहा।

### भाकियू लोक शक्ति ने मनाया 7वां स्थापना दिवस

**कैंट,अमृत विचार :** परगवां स्थित मंडल कार्यालय में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति का 7वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह फौजी, जिला अध्यक्ष संजीव कुमार, जिला उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष, बहेड़ी तहसील अध्यक्ष, मीरगंज तहसील अध्यक्ष, लक्ष्मण सिंह विधानसभा अध्यक्ष, महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता देवी, ब्लॉक अध्यक्ष सरस्वती देवी, युवा जिला अध्यक्ष फूल सिंह, जिला सलाहकार दीपक कुमार, फौजी तहसील उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, सुखपाल सिंह, विजेंद्र सिंह, साहिल पटेल सहित अन्य रहे।

## सार-संक्षेप

### श्रीमद्भागवत सुनने से मानव का होता है कल्याण



**रिठौरा, अमृत विचार :** झलरापीपल मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान पांचवें दिन पहुंचे बीजेपी नेता शिव मंगल सिंह राठौर ने कथा वाचिका संध्या किशोरी एवं उनकी टीम को सम्मानित किया ।अपने संबोधन में कहा कलियुग में मोबाइल घर -घर पहुंच चुका, परिवार के चार सदस्य तो चारों एक छत के नीचे होकर भी एक दूसरे से अलग हैं। हमारी सनातनी परंपरा के अनुसार श्रीमद्भागवत कथा सुनने से जीवन फलीभूत होता है। कलियुग उस पंडाल के निकट नहीं आता , जहां कथा हो रही होती है। कथा वाचक ने शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्म एवं उनकी लीलाओं को सुनाया। इस दौरान देवों की झांकियां सजाई गई। इस दौरान महन्त तुलसीदास, मोहनदास, सचिन मिश्रा, धनपाल सिंह, लोकेश गुप्ता,सुरेश मिश्रा, सुखवीर सिंह यादव, कृष्ण कुमार गुप्ता,निपस यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### श्रीराम के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करें



**भोजीपुरा, अमृत विचार :** ग्राम सरला में रामलीला का उद्घाटन भाजपा नेता अनिल कुमार ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि श्रीराम की लीला से लोग श्रीराम के जीवन को जानते है। हम सभी को श्रीराम के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करना चाहिए। डॉ. महेंद्र कुमार सक्सेना ने कहा यह मेला कई साल से लगता है, इससे जनता को श्रीराम के जीवन गाथा के बारे में जानकारी मिलती है। भाई से भाई को प्यार, माता का आदेश, राक्षसों पर विजय प्राप्त करना रामायण का मुख्य संदेश है। मुख्य अतिथि का स्वागत करने वालों में डॉ. हीरालाल, प्रेमपाल , पूर्व प्रधान रमेश चौधरी, सुखलाल गंगवाल, उमाशंकर गंगवार, सर्वेश कुमार रहे।

### महिला प्रधानों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**कैंट, अमृत विचार :** ब्लॉक क्यारा के सभागार में महिला प्रधानों के लिए दो दिवसीय अनावासीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। जिसका उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख पति अरविंद चौहान, एडीओ पंचायत संजीव कुमार पाराशरी, प्रशिक्षक वीर सक्सेना, कविता गंगवार और प्रशिक्षण प्रबंधक अब्दुल कादिर ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला प्रधानों को उनके अधिकारों और ग्राम पंचायत के कार्यों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देना। प्रशिक्षक अब्दुल कादिर ने उनके दायित्व एवं कर्तव्यों को लेकर व उनके हटाए जाने संबंधी नियम के बारे में बताया गया। इस दौरान प्रधानों को आयकर रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में अक्सा परवीन, बेबी, रामरति, सकीना, ओमवती, अलका साहू, हसीना, रजनी, चंद्रकली, सरोज, प्रेमवती, उपासना, सरिता यादव, दीपा आदि प्रधान उपस्थित रहीं।

### दस्तारबंदी के साथ उर्स का समापन



**बहेड़ी, अमृत विचार :** सालाना दो रोजा उर्स -ए -बशीरी व मंजूरी आखिरी कुल के साथ शुक्रवार को संपन्न हो गया। गुरुवार रात इशा की नमाज के बाद दरगाह परिसर में जलसा ए दस्तारबंदी हुआ, जिसकी शुरुआत तिलावत ए कुरान पाक से की गई। इसके बाद नात व मनकबत का नजराना पेश किया गया। इस मौके पर तकरीर करते हुए हजरत मौलाना आकिल बरेलवी ने कहा कि मुसलमानों तुम अपने बच्चों को दीनी तालीम हासिल कराओ और खूब इबादत करो यही निजात का रास्ता है। मौलाना कारी सखावत हुसैन मुरादाबादी ने कहा कि सच्चा आशिक ए रसूल ही अल्लाह का वली होता है। अल्लाह के हर वली से मोहब्बत करो। रात के 12 बजे मदरसा जामिया गौसिया बशीरूल उलूम बहेड़ी का जश्न ए दस्तारबंदी आयोजित हुआ, जिसमें मदरसे से फारिग हुए 4 छात्रों की दस्तारबन्दी की गई। दस्तार उलेमा ए इकराम के मुबारक हाथों से बांधी गई। रात 2 बजे उर्स ए बशीरी व मंजूरी के आखिरी कुल शरीफ की रस्म अदा की गई।

## अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र रिजवान को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा व हमारे परिवार से उसका कोई वास्ता नहीं होगा। **लियाकत अली पुत्र रमजानी व आयशा पत्नी लियाकत अली निवासीगण मोहल्ला ऊचा, फरीदपुर जिला बरेली।**

**सूचना**

मैं अपने पुत्र अंकित गुप्ता व पुत्रवधू सोनम गुप्ता के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से तंग आकर संबंध विच्छेद व अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, यह दोनों अपने कृत्यों लेन-देन आदि के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **डॉ0 नरेश चन्द्र पुत्र स्व. श्री राम लाल निवासी 212, कानूनगोयान भूड़, थाना प्रेमनगर तह0 व जिला बरेली।**

**सूचना**

सूचित हो कि हमारे मकान स्थित मो. वजीरगंज रोड आंवला तहसील आंवला जिला बरेली उक्त संपत्ति के मूल बैनामा जिसकी रजिस्ट्री 21.07.2016 बही संख्या 1 जिल्द संख्या 4137 पृष्ठ 177 से 218 क्रमांक 7279 के दो पृष्ठ रास्ते में कही खो गए थे जिसमें 10-10 रुपए के स्टांप लगे हुए है जिस किसी को मिले वह इस पते पर पहुंचने का कष्ट करे। **रेनू पत्नी विनय कुमार सिंह वजीरगंज रोड आंवला तहसील आंवला जिला बरेली**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

**सूचना**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है मेरे निघासन के मकान के सेलडीड़ की चैन सेलडीड नंबर 403 दिनांक 08.02.1995 की मूल प्रति कहीं खो गई है। **दिनेश कुमार पुत्र मिश्रीलाल निवासी मोहल्ला प्रेमनगर निघासन खीरी**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र धीरज कुमार व उसकी पत्नी अनीसा को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा। **जगदीश प्रसाद पुत्र स्व. श्री बाबूराम व श्रीमती लक्ष्मी निवासी 98 निकट ट्रांसफार्मर मो. प्रेमनगर सी.बी. गंज, बरेली।**

**आवश्यकता है**

U.K.M.C कम्पनी को ऑफिस विस्तार हेतु आवश्यकता है 90 लड़के / लड़कियों की। योग्यता :- हाईस्कूल, इण्टर, ग्रेजुएट, आय 9500/18000 + मुफ्त आवास मिले पीलीभीत रोड बाईपास बरेली।

**सम्पर्क :- 9720245890**

**सूचना**

सूचित किया जाता है, मै सुनीता देवी पत्नी राकेश कुमार राठौर निवासी छत्रपति शिवाजी नगर, बीसलपुर रोड बरेली, मैने अपनी संपति के बैनामा की मूल प्रतिलिपि खो दी है, जो सब रजिस्टार बरेली में दिनांक 23.09.2002, को बुक संख्या 1 जिल्द संख्या 342 पृष्ठ संख्या 987-1002 क्रम संख्या 7521 पर रजिस्ट्रीकृत हुआ था, उक्त संपति के खो जाने के सूचना अपने नजदीक थाना में 29.11.2024 को कर दी है यदि यह किसी को मिलती है तो कृपया निम्न संपर्क सूत्र सूचित करने का कष्ट करें। **एडवोकेट -मनोज कुमार मो 9412591372**

## एक नजर

### 2,800 करोड़ के चिटफंड घोटाले में पिता-पुत्र गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईडी ने शुक्रवार को कहा कि उसने 2,800 करोड़ के चिटफंड घोटाले में कोलकाता में व्यक्ति और उसके बेटे को गिरफ्तार किया है। अदालत ने प्रयाग ग्रुप ऑफ कंपनीज के प्रवर्तक बासुदेब बागची और उनके बेटे अविक को दस दिनों की ईडी हिरासत में भेज दिया। ईडी ने 26 नवंबर को कोलकाता-मुंबई में इन दोनों और कुछ अन्य के परिसरों पर छापा मारा थस।

### पूर्व प्रवर्तकों की नकदी और लग्जरी कारें जब्त

**नई दिल्ली।** ईडी ने 1,400 करोड़ के कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में डेयरी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी क्वालिटी लिमिटेड के पूर्व प्रवर्तकों की तलाशी के बाद 1.3 करोड़ नकद और मुखौटा कंपनियों से संबंधित साक्ष्य जब्त किए है। ईडी ने शुक्रवार को कहा कि साढ़े छह करोड़ मूल्य के लग्जरी वाहन और डीमैट खाते भी फ्रीज किए गए हैं। संघीय एजेंसी ने इस मामले में 27 नवंबर को दिल्ली व एनसीआर में 15 स्थानों पर छापेमारी की थी।

### तमिलनाडु में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या

**तिरुपुर।** तिरुपुर के गांव में शुक्रवार को एक बुजुर्ग, उनकी पत्नी और बेटे की घर में घुसकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि घायल देवसिगामनी ने अस्पताल में दम तोड़ा, उनकी पत्नी अलामेलु व बेटे सेंथिलकुमार घर के अंदर मृत मिले।

### मप्र में मशाल जुलूस के दौरान 30 लोग झुलसे

**खंडवा (मप्र)।** मध्यप्रदेश के खंडवा में मशाल जुलूस के दौरान महिलाओं और बच्चों समेत 30 लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। खंडवा के एसपी मनोज राय ने बताया कि जुलूस शहर के क्लॉक टॉवर पर समाप्त हो रहा था। जलती मशालों को बुझाने के दौरान आग धधक उठीं, जिससे आसपास के लोग झुलस गए। महिलाओं और बच्चों समेत 30 लोगों को जिला अस्पताल ले जाया गया।

### एक अस्पताल में नहीं होगा बांग्लादेशियों का इलाज

**कोलकाता।** उत्तर कोलकाता के मनिकतला इलाके के एक अस्पताल ने शुक्रवार को कहा कि वह पड़ोसी देश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचारों के विरोध में बांग्लादेश के मरीजों का इलाज नहीं करेगा। जेएन रे अस्पताल के अधिकारी ने कहा कि बांग्लादेशी नागरिकों द्वारा भारतीय ध्वज का अपमान किए जाने के कारण यह निर्णय लिया गया। अस्पताल के अधिकारी सुभ्रांशु भक्त ने कहा कि हमने अधिसूचना जारी की कि आज से हम किसी बांग्लादेशी को उपचार के लिए भर्ती नहीं करेंगे।

# तय होगी जवाबदेही, लेंगे कठोर निर्णय

## कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में बोले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे

- चुनाव के नतीजों की समीक्षा में हार को बताया बड़ा झटका
- कहा-ईवीएम ने पूरी चुनावी प्रक्रिया को बना दिया है संदिग्ध


कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में मौजूद पार्टी अध्यक्ष खरगे, राहुल गांधी व अजय माकन।

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों में हार को पार्टी के लिए बड़ा झटका करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि अब जवाबदेही तय करने के साथ ही कठोर निर्णय लेने होंगे। उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में यह भी कहा कि पार्टी नेताओं को अनुशासन का सख्ती से पालन करना चाहिए और पार्टी को पुराने ढर्रे की राजनीति से हर बार सफलता नहीं मिल सकती।

खरगे ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) ने चुनावी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है और ऐसे में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करवाना निर्वाचन आयोग का संवैधानिक दायित्व है। उन्होंने वायनाड से प्रियंका गांधी वाद्रा और नांदेड़ से रवींद्र चव्हाण के लोकसभा उपचुनाव जीतने पर उन्हें बधाई दी।

कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष के नेतृत्व में हुई इस बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश और अन्य नेता शामिल हुए। कांग्रेस और उसके सहयोगियों को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले उसे हरियाणा में भी आश्चर्यजनक हार का सामना करना पड़ा था। खरगे ने कहा हमें तुरंत चुनावी नतीजों से सबक लेते हुए संगठन के स्तर पर अपनी सभी कमजोरियों और खामियों को दुरुस्त करने की जरूरत है। ये नतीजे हमारे लिए संदेश हैं। उन्होंने कई प्रदेशों में पार्टी के भीतर गुटबाजी की ओर इशारा करते हुए कहा कि सबसे अहम बात जो मैं बार-बार कहता हूं कि आपसी एकता की कमी और एक-दूसरे के ख़िलाफ़ बयानबाजी हमें काफी नुकसान पहुंचाती है। खरगे ने कहा कि जब तक हम एक हो कर चुनाव नहीं लड़ेंगे, आपस में एक-दूसरे के ख़िलाफ़ बयानबाजी का सिलसिला बंद नहीं करेंगे, तो अपने विरोधियों को राजनीतिक शिकस्त कैसे दे सकेंगे? उन्होंने कहा कि इसलिए जरूरी है कि हम सख्ती से अनुशासन का पालन करें। हर हालत में एकजुट रहना है।

## गुणवत्ता संबंधी याचिका पर विचार से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंदिरों में बांटे जाने वाले प्रसाद की गुणवत्ता पर नियमन की मांग वाली याचिका पर विचार से इनकार करते हुए शुक्रवार को कहा यह मामला सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 26 नवंबर को कहा था कि कार्यपालिका अपनी सीमा में कार्य कर रही है। पीठ ने कहा कि हम इस याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं क्योंकि यह सरकार के नीति क्षेत्र के अंतर्गत आती है। यदि याचिकाकर्ता चाहे तो वह उचित प्राधिकार के समक्ष निवेदन कर सकता है। याचिकाकर्ता के वकील ने प्रसाद खाने के बाद लोगों के बीमार पड़ने की बात का जिक्र करते हुए कहा कि जनहित याचिका प्रचार के लिए दायर नहीं की गई है।

# टूटे हुए रिश्ते आत्महत्या के लिए उकसाने की श्रेणी में नहीं आते

नई दिल्ली, एजेंसी

**सुप्रीम फैसला**



- सुनवाई के बाद शीर्ष न्यायालय ने कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले को पलटा

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि टूटे हुए रिश्ते भावनात्मक रूप से कष्टदायक होते हैं और यदि आत्महत्या के लिए उकसावे का कोई इरादा न हो तो यह खुद-ब-खुद उकसाने के अपराध की श्रेणी में नहीं आते। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने एक फैसले में यह टिप्पणी की।

शीर्ष अदालत ने कर्नाटक हाईकोर्ट के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें कमरुद्दीन दस्तगीर सनदी को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत धोखाधड़ी और आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध में दोषी ठहराया गया था। फैसले में कहा गया कि यह टूटे हुए रिश्ते का मामला है, न कि आपराधिक आचरण का। सनदी पर शुरू में आईपीसी की धारा 417 (धोखाधड़ी), 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) और 376 (दुष्कर्म) के तहत आरोप लगे थे। निचली अदालत ने उसे सभी आरोपों से बरी किया, जबकि उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार की अपील पर उसे धोखाधड़ी और आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी ठहराया तथा पांच साल कैद की सजा सुनाई। मां की दर्ज कराई प्राथमिकी के अनुसार, उसकी 21-वर्षीय बेटी 8 साल से आरोपी से प्यार करती थी और अगस्त 2007 में उसने आत्महत्या कर ली थी।

## वक्फ बोर्ड को 10 करोड़ नहीं देगी महाराष्ट्र सरकार

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य वक्फ बोर्ड को 10 करोड़ देने के आदेश को शुक्रवार को वापस ले लिया। राज्य की मुख्य सचिव सुजाता सौनिक ने यह जानकारी दी। राज्य प्रशासन ने एक दिन पहले एक सरकारी प्रस्ताव जारी कर प्रदेश के वक्फ बोर्ड को मजबूत करने के लिए 10 करोड़ की निधि जारी करने का आदेश दिया था। सरकारी प्रस्ताव के अनुसार, महाराष्ट्र राज्य वक्फ बोर्ड को मजबूत करने के लिए 2024-25 के वास्ते 20 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई थी। इसमें से दो करोड़ रुपये बोर्ड को हस्तांतरित किये गए थे।

# दिल्ली में धमाके के एक दिन बाद स्कूल को मिली बम की धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रशांत विहार में हुए विस्फोट स्थल से एक किलोमीटर दूर है स्कूल

दिल्ली में रोहिणी के स्कूल को शुक्रवार को बम की धमकी का ईमेल मिला। यह स्कूल प्रशांत विहार के उस स्थल के एक किलोमीटर दायरे में है जहां गुरुवार को कम तीव्रता का धमाका हुआ था। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि स्कूल में गहन तलाशी के बाद धमकी अफवाह साबित हुई। स्कूल को सुबह 10.57 बजे आए बम की धमकी के ईमेल की पुलिस को जानकारी मिली। स्कूल उस जगह से एक किलोमीटर की दूरी है, जहां गुरुवार को धमाका हुआ था। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस, बम निरोधक दस्ता, खोजी कुत्तों का दस्ता ने स्कूल परिसर की तलाशी ली और कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। स्कूल अधिकारियों ने अभिभावकों को सुबह 11 बजे तक बच्चों को स्कूल से ले जाने का अनुरोध किया था। स्कूल से अभिभावकों को भेजे संदेश में कहा गया है कि स्थिति नियंत्रण में है।

## मृत बच्चे के पिता को गुमराह करने में 6 चिकित्सकों पर केस

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र में निजी अस्पताल के 6 चिकित्सकों के खिलाफ उपचार के दौरान जान गंवाने वाले बच्चे के पिता को गुमराह करने के आरोप में केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी चिकित्सकों ने साक्ष्यों से छेड़छाड़ भी की। पांच वर्षीय बच्चे को 26 अप्रैल को सुतगिरणी में वेदांत अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 10 दिन बाद बच्चे की मौत हो गई। बच्चे के पिता अविनाश अघव के आरोप है कि गलत उपचार से उनके बेटे की मौत हुई। साक्ष्य मिटकर संबंधित कागजात उन्हें नहीं दिए गए।

# 150 वर्ष तक कच्ची मजार रही, मंदिर कैसे आया

अजमेर, एजेंसी

अजमेर दरगाह शरीफ के दीवान और ख्वाजा साहब के वंशज दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन अली खान ने कहा है कि दरगाह का इतिहास 800 वर्ष पुराना है, जब गरीब नवाज यहा आए, यह कच्चा मैदान रहा, 150 वर्ष तक कच्ची मजार रही, फिर नीचे मंदिर कैसे आ गया।

आबेदीन ने शुक्रवार को दरगाह में मंदिर विवाद पर पहली बार मीडिया के सामने कहा कि द प्लेस ऑफ वर्शिप 1991 में स्पष्ट है कि 15 अगस्त 1947 को भारत के अंदर जितने भी धर्मस्थल हैं, उनको वैसे ही रखने का सरकार का आदेश है। सरकार अपने लिखे को थूक कर चाट नहीं सकती। उन्होंने सवाल किया कि वाद दायर करने वाले की पृष्ठभूमि क्या है, इसे भी देखना चाहिए। ख्वाजा के वंशज को पक्षकार ही नहीं बनाया गया। जबकि एएसआई का यहां से कोई लेना देना नहीं है। तो फिर सर्वे कैसा? हमारे पास भी कानूनी अधिकार है, हम भी न्यायालय में जाएंगे, लेकिन आम जन कोई ऐसा काम न करें, जिससे विवाद पैदा हो।

**अजमेर दरगाह**



- दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन अली खान बोले- सरकार अपने लिखे को थूक कर चाट नहीं सकती

### बाबर-औरंगजेब ने मंदिरों पर मस्जिदें बनाईं: दिलावर

**जयपुर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि बाबर और औरंगजेब ने मंदिरों पर मस्जिदें बनवाई थीं। अदालत खुदाई का आदेश देती है तो मिलने वाले अवशेषों के आधार पर फैसला होगा। दिलावर का यह बयान दरगाह शिव मंदिर पर बने होने के दावे से संबंधित विवाद के बीच आया।

# महंगी गाड़ियों के मालिक ले रहे पेंशन का लाभ

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- वित्त विभाग के गरीबों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन की समीक्षा में सच हुआ उजागर

केरल के वित्त विभाग ने एक नगरपालिका में गरीबों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों की समीक्षा की है, जिसमें पता चला है कि बीएमडब्ल्यू जैसी महंगी कारों के मालिक और वातानुकूलित मकानों में रहने वाले लोग इस योजना का लाभ उठा रहे हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि मलप्पुरम जिले में कोट्टक्कल नगर पालिका के अंतर्गत की गई समीक्षा में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ। इसके बाद राज्य के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल ने अधिकारियों को पूरे राज्य में ऐसा ऑडिट करने और लाभार्थी सूची से सभी अपात्र व्यक्तियों को हटाने का निर्देश दिया है। केरल में राजपत्रित अधिकारियों और कॉलेज के प्रोफेसरों समेत 1,500 सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों के फर्जी तरीके से सामाजिक सुरक्षा पेंशन हासिल करने से जुड़ी खबरों को लेकर व्याप्त आक्रोश के बीच यह नया खुलासा हुआ है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि स्थानीय स्वशासी निकायों को बैंक खातों से पेंशन राशि प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की पात्रता का नियमित मूल्यांकन करने का निर्देश दिया जाएगा। राज्य के वित्त मंत्री ने कोट्टक्कल मामले पर शुक्रवार को उन अधिकारियों की सतर्कता जांच के आदेश दिए, जिन्होंने योजना में समृद्ध व्यक्तियों को शामिल किया था। वित्त मंत्री ने पात्रता का सत्यापन करने वाले, आय प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारियों और पेंशन को मंजूरी देने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सतर्कता जांच की बात कही है।

## संसद की कार्यवाही दो दिसंबर तक के लिए स्थगित

- अडाणी और संभल मुद्दे पर गतिरोध बरकरार नहीं चले दोनों सदन

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह पर लगे आरोपों और संभल हिंसा सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर संसद में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण शुक्रवार को भी गतिरोध कायम रहा तथा राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद, जबकि लोकसभा की बैठक एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12:10 बजे दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। अब कार्यवाही सोमवार 2 दिसंबर को शुरू होगी। संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत 25 नवंबर को हुई थी और विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण पहले सप्ताह दोनों सदनों में गतिरोध कायम रहने से महत्वपूर्ण विधायी कामकाज नहीं हो पाया।

# मुख्यमंत्री पर फैसला एक-दो दिन में: शिंदे

नई दिल्ली, एजेंसी



- कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने कहा- सरकार गठन पर गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के साथ हुई सकारात्मक बातचीत

महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में सरकार गठन के मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के साथ उनकी अच्छी और सकारात्मक बातचीत हुई।

शिंदे ने मुंबई जाने से पहले कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पर फैसला एक या दो दिन में महायुति की बैठक में होगा। शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने राज्य में सत्ता साझेदारी समझौते पर बातचीत के लिए गुरुवार रात शाह और नड्डा से मुलाकात की थी। निवर्तमान मुख्यमंत्री ने कहा कि हम एक या दो दिन में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पर निर्णय लेंगे। हमने चर्चा की है और यह जारी रहेगी। जब हम अंतिम निर्णय लेंगे तो आपको पता चल जाएगा। शिंदे ने कहा कि वह राज्य में सरकार गठन में बाधा नहीं बनेंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा शाह द्वारा लिए गए निर्णय का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि लाडका भाऊ (प्यारा भाई) का दर्जा मेरे लिए किसी भी अन्य चीज से ऊपर है।

## संभल बवाल

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अदा हुई जुमे की नमाज

कार्यालय संवाददाता, संभल


जायजा लेते कमिश्नर आन्जनेय कुमार सिंह, डीआईजी मुनिराज जी। साथ में हैं डीएम व एसपी।


जामा मस्जिद में नमाज अदा करते लोग। ● अमृत विचार

- संभल में कमिश्नर व डीआईजी संभाले रहे मोर्चा, डीएम, एसपी भी बनाए रहे निगाह, इंटरनेट चालू

**अमृत विचार :** संभल में जुमे की नमाज को लेकर शहर छावनी बना रहा। बेहद कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच जामा मस्जिद में सीमित संख्या में मुसलमानों ने नमाज अदा की। संभल में पुलिस बल की तैनाती के साथ सतर्कता अभी जारी रहेगी। शुक्रवार शाम को छठे दिन इंटरनेट से पाबंदी हटी तो लोगों ने राहत की सांस ली। संभल में माहौल बिगड़ने की आशंका से बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि शनिवार से बाजार में चहल पहल की उम्मीद जताई की जा रही है। समाजवादी पार्टी के शिष्टमंडल ने आज संभल आने की घोषणा की है लेकिन प्रशासन सपा नेताओं को आने देगा ऐसा अभी नजर नहीं आ रहा है।

जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान रविवार को हुई हिंसा के बाद से संभल में तनाव के माहौल के बीच भारी पुलिस बल तैनात है। बवाल के बाद शुक्रवार को जुमे की नमाज पर शांति व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन ने संभल को छावनी में तब्दील कर दिया। डीआईजी मुनिराज जी सुबह 9 बजे सड़क पर उतर आए थे। उन्होंने सबसे पहले जामा मस्जिद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर पुलिस कर्मियों को उनकी जिम्मेदारी समझाई। इसके बाद वह आरएएफ के जवानों की बड़ी टुकड़ी लेकर संभल में पैदल मार्च के लिए निकल पड़े। डीआईजी ने शहर के तमाम इलाकों में पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने जगह-जगह रुक कर मुस्लिम समुदाय के लोगों से बातचीत कर शांति व्यवस्था बनाए रखने व बेखौफ होकर अपने प्रतिष्ठान खोलने का आह्वान किया। कमिश्नर आन्जनेय कुमार सिंह ने भी रविवार को हुई हिंसा वाली जगहों पर जाकर हालात देखे।

जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई सुबह पहले चंदौसी न्यायालय परिसर में पहुंचे। वहां अदालत में मुकदमे की सुनवाई के लिए 8 जनवरी की तारीख दे दी तो दोनों अधिकारी संभल आ पहुंचे। रविवार को जामा मस्जिद के सामने टंकी वाले रास्ते पर जहां भीड़ ने पथराव, फायरिंग व आगजनी की थी वहां शुक्रवार को हरेक 10 मीटर के अंतराल में पुलिस जवानों की टुकड़ियां तैनात की गई थीं। हिंदूपुरा खेड़ा क्षेत्र में जहां पथराव हुआ था वहां भी इसी तरह पुलिस मुस्तैद थी। सुबह से पुलिस की टुकड़ियां इधर से उधर गश्त करती नजर आईं तो कारोबारी सहम गए। असर यह हुआ कि बाजार में अधिकांश दुकानों के शटर गिरे नजर आए और सुबह से शाम तक सड़कों पर सन्नाटे जैसा माहौल रहा। जामा मस्जिद के आसपास ड्रोन से लगातार निगरानी की जाती रही।

# संभल हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों को जमीयत देगी 5-5 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


जमीयत-उलमा-ए-हिंद की बैठक में मौजूद मौलाना महमदू मदनी व अन्य।

- जमीयत उलमा-ए-हिंद की बैठक में संभल की घटना पर चर्चा

**अमृत विचार :** रजबपुर में गुरुवार को हुई जमीयत उलमा-ए-हिंद की बैठक में संभल की जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा में मारे गए पांच लोगों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया गया।

इसमें जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमदू मदनी ने संभल के जिम्मेदारों से हिंसा के बारे में जानकारी ली। बैठक में घायलों के बेहतर उपचार के लिए प्रबंध कराने का निर्णय लिया गया। जमीयत के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने आरोप लगाया कि पुलिस-प्रशासन के जरिये जो अमानवीय कृत्य किया गया है, वह किसी भी तरह से स्वीकार्य नहीं है। हम न्याय के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेंगे। पीड़ित और निर्दोष लोगों को इंसाफ दिलाएंगे। बैठक से पहले मौलाना हकीमुद्दीन कासमी के नेतृत्व में जमीयत उलमा-ए-हिंद का एक प्रतिनिधिमंडल हिंसा में घायल हुए लोगों के परिजनों से मुलाकात करने के लिए टीमएमयू के अस्पताल पहुंचा। यहां मौलाना महमूद मदनी ने भी घायलों से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद संभल की घटना में जान गंवाने वालों और घायलों के बेहतर उपचार के लिए प्रबंध कराने के लिए रिलीफ कमेटी और कानूनी कमेटी का गठन किया जाएगा। मौलाना हकीमुद्दीन ने आरोप लगाया है कि घायल होने के बावजूद पुलिस ने पीड़ितों के पांव में बेड़ियां डाली हुई हैं। अस्पताल में स्थानीय पुलिस दबाव बनाकर उपचार के दौरान घायलों से बयान बदलवा रही है।

## सपा के शिष्टमंडल को संभल आने की अनुमति नहीं देगा प्रशासन

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के 15 सदस्यीय शिष्टमंडल ने संभल हिंसा मामले की सच्चाई जानने के लिए शनिवार को संभल पहुंचने का ऐलान किया है लेकिन प्रशासन फिलहाल समाजवादी पार्टी या किसी दूसरे नेता को संभल में प्रवेश की अनुमति देने के मूड में नहीं है। सपा के शिष्टमंडल को लेकर कमिश्नर आन्जनेय कुमार सिंह ने कहा कि डीएम ने आदेश जारी कर रखा है कि अभी कोई बाहरी व्यक्ति यहां नहीं आएगा। अभी समय दें, सब सामान्य हो जाए तब लोग आ सकते हैं। किसी के आने से माहौल बिगड़ेगा तो यह सही नहीं है। वह भी जिम्मेदार आदमी हैं।

### सपा का प्रतिनिधिमंडल आज जाएगा संभल

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** विधानसभा नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता में 15 सदस्यीय सपा का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को संभल जायेगा। वहां हिंसा की रिपोर्ट तैयार कर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सौंपेगा। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल में विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव, सांसदों में हरेन्द्र मलिक, रूचि वीरा, जियाउर्रहमान बर्क, रविदास मेहरोत्रा, पिंकी सिंह यादव, संभल के जिला अध्यक्ष असगर अली, मुरादाबाद के जयवीर सिंह यादव और बरेली के शिव चरण कश्यप आदि शामिल हैं।

## पुलिस की योजना कामयाब, नमाज अदा करने पहुंचे चंद लोग

**संभल, अमृत विचार :** शुक्रवार को संभल में पुलिस प्रशासन के सामने हालात को शांतिपूर्ण बनाए रखने के साथ ही इस बात की थी कि जामा मस्जिद में नमाजियों की भीड़ न पहुंचे। इसके लिए एक दिन पहले ही उलेमाओं व गणमान्य नागरिकों को संदेश दे दिया गया था कि वह लोगों को समझाएं कि वह अपने आसपास की मस्जिदों में नमाज अदा करें। शुक्रवार को 11 बजे तक भी नमाजी जामा मस्जिद की तरफ जाते नजर नहीं आए। 12 बजे के बाद एक एक कर लोग जामा मस्जिद की तरफ बढ़े। नमाजियों की संख्या बेहद सीमित रही।

# पुलिस की चहलकदमी से बाजार में रहा सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल में जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर हुए बवाल के बाद पहले जुमे और अदालत में जामा मस्जिद प्रकरण की सुनवाई को लेकर संभल शहर का बाजार शुक्रवार को बंद रहा। सुबह से शाम तक बाजार में इक्का दुक्का दुकानें खुलीं तो व्यापारी ग्राहकों का इंतजार करते रहे। तनाव और आशंकाओं के चलते लोगों ने घरों से निकलने से परहेज किया। पुलिस की आवाजाही के बीच अधिकांश लोगों ने पूरा दिन घरों में ही बिताया।

जुमे की नमाज और कोर्ट में सुनवाई के मद्देनजर संभल शहर में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। गुरुवार को देर रात तक जामा मस्जिद के आसपास क्षेत्र के अलावा प्रमुख चौराहों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भारी पुलिस बल मुस्तैद था। शुक्रवार को दिन निकला तो सुबह आठ बजे पुलिस की ड्यूटी बदली। दूसरे पुलिस कर्मी अपने-अपने ड्यूटी स्थानों पर पहुंचकर मुस्तैद हो गए। इस बीच पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने भी भ्रमण शुरू कर दिया। हालांकि संभल शहर का बाजार अमूमन नौ बजे से ही खुलना शुरू हो जाता है लेकिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे तक बाजार में सन्नाटा पसरा रहा।

## जनपद में धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा जारी, लगे कई प्रतिबंध

**संभल:** संभल में शांति व्यवस्था बनाये रखने, घोषित आयोजनों/कार्यक्रमों के कारण उत्पन्न होने वाले तनाव को कम करने, जन एवं जन संपति की तथा लोक शांति भंग होने से आदि के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत निषेधाज्ञा जारी की है। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद संभल के संपूर्ण क्षेत्र में आने वाले थाना क्षेत्र में 10 दिसंबर तक प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।

## रामपुर में कड़ी सुरक्षा के बीच अदा की गई जुमे की नमाज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- सुरक्षा के लिए से मस्जिदों के आसपास और मुख्य चौराहों पर तैनात रही पुलिस

**अमृत विचार :** संभल बवाल के बाद प्रशासन सक्रिय है। जुमे की नमाज को लेकर सुबह से ही मस्जिदों के आसपास पुलिस तैनात रही। इसके अलावा अधिकारी भी गश्त करते रहे। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने पहले ही थानावार मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए थे। जुमे की नमाज कड़ी सुरक्षा के बीच अदा की गई।

संभल में मस्जिद के सर्वे के दौरान 24 नवंबर को लोगों ने पुलिस पर पथराव करते हुए वाहनों में आग लगा दी थी। इसके बाद वहां बवाल हो गया था। इसके बाद आसपास के जिलों में भी अलर्ट जारी कर दिया था। बवाल के बाद जुमे की नमाज को लेकर अधिकारी सक्रिय हो गए थे। सुबह से ही जिलों की मस्जिदों के आसपास पुलिस तैनात कर दी गई थी। पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने भी क्षेत्र में पैदल गश्त की। सभी सीओ अपने क्षेत्र में गश्त करते रहे। सुबह से ही आंबेडकर पार्क, गांधी समाधि, नवाब गेट, शाहबाद गेट, पान दरीबा, मुख्य चौराहों और बाजारों में पुलिस बल तैनात रहा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

पंचैव पूजयन् लोके यशः प्राप्नोति केवलं।
देवान् पितृन् मनुष्यांश्च भिक्षून् अतिथि पंचमान्॥

देवता, पितर, मनुष्य, भिक्षुक तथा अतिथि-इन पांचों की सदैव सच्चे मन से पूजा-स्तुति करनी चाहिए। इससे यश और सम्मान प्राप्त होता है।

## संपादकीय

# राष्ट्रीय सुरक्षा पर मंथन

तेजी से बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों में हमें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रहने की आवश्यकता है। हमें न केवल अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखना है, बल्कि साइबर युद्ध और आतंकवाद जैसी नई राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों के लिए भी तैयार रहना है। देश आगे बढ़ रहा है और रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत के विकास को दुनिया स्वीकार कर रही है। परंतु भारत की भू-राजनैतिक स्थिति, इसके पड़ोसी कारक, विस्तृत एवं जोखिम भरी स्थलीय, वायु और समुद्री सीमा के साथ देश के ऐतिहासिक अनुभव इसे सुरक्षा की दृष्टि से अतिसंवेदनशील बनाते हैं। आज हालात ऐसे हैं कि बाह्य और आंतरिक सुरक्षा में भेद करना कठिन हो गया है। हमारी सुरक्षा को वास्तविक खतरा गुप्त कार्रवाइयों, विद्रोही और आतंकवादी गतिविधियों से है। ऐसे में भुवनेश्वर में शुक्रवार से शुरू हुआ अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों का सम्मेलन देश के आंतरिक सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा को बढ़ाने पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण है कि तीन दिवसीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाग ले रहे हैं। आंतरिक सुरक्षा का सामान्य अर्थ एक देश की अपनी सीमाओं के भीतर की सुरक्षा से है। आंतरिक सुरक्षा बहुत पुरानी शब्दावली है, लेकिन समय के साथ ही इसके मायने बदलते रहे हैं।

स्वतंत्रता से पूर्व जहां आंतरिक सुरक्षा के केंद्र में धरना-प्रदर्शन, रैलियां, सांप्रदायिक दंगे, धार्मिक उन्माद थे तो वहीं स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं तकनीकी की विकसित होती प्रणालियों ने आंतरिक सुरक्षा को अधिक संवेदनशील और जटिल बना दिया है। आज भारत में आंतरिक सुरक्षा के लिए आतंकवाद, उग्रवाद, सांप्रदायिक हिंसा, साइबर हमले, संगठित अपराध व अलगाववादी आंदोलन जैसी कई चुनौतियां हैं। निश्चित ही सरकार ने इस दिशा में आंशिक प्रयास जरूर किए हैं, जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी की स्थापना, भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की स्थापना, रक्षा नियोजन समिति की स्थापना आदि, लेकिन ये सभी निकाय अपने-अपने स्तरों पर कार्यरत हैं। आवश्यकता है ऐसी नीति और संरचना की जो इन सभी को एक साथ लेकर चले। आंतरिक सुरक्षा को बेहतर करने के लिए सर्वप्रथम राष्ट्रीय स्तर से लेकर स्थानीय स्तर तक खुफिया तंत्र में तत्काल सुधार की आवश्यकता है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद और सुरक्षा पर गठित कैबिनेट समिति को पाकिस्तान खुफिया एजेंसी आईएसआई से उत्पन्न सुरक्षा खतरों के खिलाफ एक प्रभावी जवाबी रणनीति तैयार करनी चाहिए। हमारी रणनीति प्रतिक्रियाशीलता के बजाय अधिक सक्रियता की होनी चाहिए। संगठित अपराध से निपटने के लिए अंतर्राज्यीय व अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्राप्त करने की दिशा में कार्य करना चाहिए। केंद्र सरकार को सभी राज्य सरकारों को उनके द्वारा सुरक्षा प्रबंधन के विषय को प्राथमिकता देने की आवश्यकता के संदर्भ में जागरूक किया जाना चाहिए।

# विद्या केंद्रों तक ही सीमित नहीं नैतिक बोध


डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

क्या हमने कभी इस बारे में विचार किया है कि देश - दुनिया में जो भी वैश्विक संकट या चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं, उनके मूल में बड़ों की दुनिया द्वारा किए जा रहे कृत्य ही हैं। यह भी कि ज्यादातर दुनियावी संकट जिन कारणों से पैदा हुए हैं, उन्हीं में उनका समाधान भी निहित है।

"बच्चों को शिक्षा के जरिए संस्कार नहीं दिए जा रहे।" एक यात्रा के दौरान ऐसा मेरे सहयात्री का कथन था। "यह आप किस आधार पर कह रहे हैं?"- मैंने प्रश्न किया। उनका जवाब था "यह हम इसलिए कह सकते हैं कि आजकल जहां देखिए वहां पर्यावरण से खूब छेड़छाड़ की जा रही है। प्राकृतिक संपदाओं का भरपूर दोहन हो रहा है। हम लोग जहां भी जाते हैं कचरा-गंदगी फैलाकर निकल आते हैं। हर पर्यटन स्थल पर यही आलम है। सरकारी संपत्तियों का लोग किस कदर दुरुपयोग कर रहे हैं यह दिखता ही है। कदाचित अपवादों को छोड़ दें तो नैतिक अवमूल्यन भी यत्र-तत्र प्रदर्शित है। यह सब शिक्षा का दोष नहीं है तो आकइर किसका है?"

मित्र का यह आक्षेप कई मुद्दों पर पुनर्विचार की आवश्यकता का अनुभव करा रहा था। यह कि क्या वाकई स्कूल बच्चों में अपेक्षित संस्कारों व मूल्यों का विकास नहीं कर पा रहे हैं? अगर ऐसा नहीं हो पा रहा है तो क्या इसके लिए सिर्फ स्कूल ही जिम्मेदार या जवाबदेह हैं? क्या इस संबंध में पारिवारिक और सामाजिक दायित्व बिल्कुल नहीं हैं? शिक्षा को किसी भी समाज के निर्माण की धुरी कहा जाता है, जिसका उद्देश्य शिक्षार्थी की अंतर्निहित शक्तियों का प्रकटीकरण करते हुए उसे सामाजिक विकास हेतु उपयुक्त व सक्षम बनाना होता है।

इस हेतु शिक्षा प्रारंभिक वर्षों से ही बच्चों के संज्ञानात्मक, भावात्मक एवं कौशलात्मक विकास का प्रयास करती है। अध्ययनकाल में बच्चे विषयगत ज्ञान-कौशलों को प्राप्त करते हैं। अपने भीतर छिपी प्रतिभाओं को तराशते हैं। सामाजिकता के सबक सीखते हैं तथा सामाजिक विकास में योगदान के हुनर अर्जित करते हैं। शिक्षा में उत्तरोत्तर सुधार हेतु समय-समय पर गठित आयोग और शिक्षा नीतियां अपने नीति- निर्देशक तत्वों द्वारा यह मार्गदर्शन करती है कि शिक्षा के द्वारा किस प्रकार के नागरिकों का निर्माण किया जाए और इसके तरीके क्या हों? उद्देश्य यही होता है कि शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र के संवैधानिक स्वरूप के अनुरूप व्यक्तित्वों का निर्माण हो। इस उद्देश्य को वास्तविकता के धरातल पर उतारने हेतु शिक्षा का एक बड़ा ढांचा संगठित तथा योजनाबद्ध प्रयास करता है, जिसमें विद्यालय प्रमुख एवं प्रभावी भूमिका का निर्वाह करते हैं।

देश और समाज की चिंताएं सिर्फ व्यक्तिगत बयानों और फोटोग्राफी तक सीमित न रहें। गंभीरतापूर्वक उनके पूर्णकालिक व सामूहिक समाधान खोजे जाएं तथा सामूहिकता एवं प्रतिबद्धता पूर्वक बेहतर क्रियान्वयन किया जाए। आवश्यकताओं के परिप्रेक्ष्य में साधनों-संसाधनों का प्रयोग सीमित किया जाए।

परिणामस्वरूप एक शिक्षित एवं विकसित समाज आकार लेता है, पर यहां यह विचारणीय बिन्दु यह है कि क्या सामाजिकता के सारे सबक स्कूल में ही सीखे-सिखाए जाते हैं? क्या विद्यालय ही सीखने-सिखाने के एकमात्र अभिकरण हैं? निःसंदेह नहीं। सीखना-सिखाना एक ऐसी प्रक्रिया है, जो निरंतरता के साथ चलती रहती है। हर समय, हर जगह। वह भी घोषित-अघोषित तमाम माध्यमों के द्वारा।

बेशक विद्यालय इस हेतु सर्वमान्य और सर्वस्वीकृत संस्था हैं, पर विद्यालय के उपरांत पूरा समय शिक्षार्थी विभिन्न व्यक्तियों, संदर्भों, साधनों-संसाधनों और माध्यमों के संपर्क में आता है। ये सभी माध्यम प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से शिक्षार्थी की सोच-समझ को प्रभावित करते हैं। इनमें से कुछ विद्यालय में सीखी-जानी बातों का समर्थन करते हैं, कुछ नहीं। विशेषकर मूल्य ,मान्यताओं और संस्कारों के संदर्भ और इन संदर्भों की आधी-अधूरी, अधकचरी या भ्रामक जानकारी ही व्यवहारगत असंगति, विसंगति या अवमूल्यन के रूप में समाज के सामने आती है।

पहले बात करते हैं मूल्यों की। मूल्य वे मार्गदर्शक सिद्धांत हैं, जिनका दैनन्दिन जीवन में अनुपालन हमें सही अर्थों में 'इंसान' बनाता है। इस दृष्टि से देखें तो 'मूल्य शिक्षा' किसी भी व्यक्ति को 'पशुवत व्यवहार' से 'मनुष्यता' की ओर ले जाने की यात्रा है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु शिक्षा में प्रत्येक स्तर पर कार्य किया जाता है। इसका परिणाम समाज में मानवीय मूल्यों को समर्पित तमाम व्यक्तित्वों के रूप में हमारे सामने आता है। इसके इतर मूल्यहीनता के भी उदाहरण यदा-कदा हम सबके अनुभव में आते रहते हैं। निश्चित तौर पर दुनियाभर में विद्यालय नाम की कोई भी संस्था मूल्यहीनता का न तो समर्थन करती है और न ही ऐसे किसी भी आचरण की सीख देती है। यह विद्यालय की परिधि के बाहर की दुनिया का ही बुना गया जाल होता है, जो किसी के मन-मस्तिष्क को दुष्प्रवृत्तियों में उलझा लेता है। नतीजा यह कि जो एक बार इस जाल में उलझा फिर उसका बाहर निकल पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। यहां समाज के हर वर्ग और व्यक्ति की ज़िम्मेदारी होती है कि मानवीय मूल्यों का समर्थन और प्रोत्साहन करे तथा कहीं भी कुछ इसके विपरीत हो रहा है, तो उसके सुधार हेतु प्रयास करे।

अब बात करते हैं सामाजिक मान्यताओं और संस्कारों की। संस्कार का आशय होता है व्यक्ति को सामाजिक मानकों और मान्यताओं के अनुरूप ढालना। व्यक्ति को समाज में रहने के उपयुक्त बनाना। उसके मन, मस्तिष्क और शरीर को पवित्र बनाना तथा ऐसे गुणों का विकास करना कि व्यक्ति सामाजिक नियमों के अनुरूप विकसित हो तथा सामाजिक विकास में सकारात्मक योगदान दे। शिक्षा प्रारंभिक वर्षों से ही बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल देती है। इसके लिए शिक्षार्थी को संज्ञानात्मक तथा संज्ञान सहगामी क्रियाकलापों से होकर गुजरना पड़ता है। शिक्षकों की देखरेख में विद्यालय इस हेतु उपयुक्त वातावरण भी प्रदान करते हैं। इसी का परिणाम होता है कि ज्ञान-विज्ञान, कला-शिल्प, खेलकूद जैसे क्षेत्रों में विभिन्न बाल प्रतिभाएं उभर कर आती हैं।

यहां हम पुनः इस बात पर आते हैं कि फिर चूक कहां रह जाती है? एक विद्वान का कथन है कि " बच्चों को जो सिखाते हैं, उस पर बड़े स्वयं अमल करें तो यह पृथ्वी स्वर्ग बन जाए।" जाहिर सी बात है कि चूक बड़ों के स्तर से होती है और बड़ी तत्परता से इसका जिम्मेदार शिक्षा को ठहरा दिया जाता है। विचार करें कि हम अपने आसपास जो भी नियम विरुद्ध चीजें होते देखते हैं, उन्हें कौन कर रहा होता है? निश्चित तौर पर अधिकांश बड़े ही। बच्चे बहुत ही कम, जो कि समझा देने पर प्रायः उसकी पुनरावृत्ति नहीं करते, लेकिन बच्चे लगातार बड़ों की दुनिया में सामाजिक नियमों का उल्लंघन तथा स्कूली शिक्षा के विपरीत आचरण किया जाते हुए देख रहे होते हैं। छल-फरेब, प्रपंच, भाषा का गिरता स्तर, अश्लीलता, हिंसा, अनाचार जैसे तमाम अवांछित दृश्य चाहे- अनचाहे बच्चों के सामने से गुजरते रहते हैं, जो उनके मन-मस्तिष्क को नकारात्मक संदेश दे रहे होते हैं। यह वह समय होता है जब बच्चे विद्यालय में सिखाई जा रही बातों और परिवेश में घट रही घटनाओं का तुलनात्मक विश्लेषण करते हैं और उनमें बहुधा विरोधाभास पाते हैं। जिन परिवारों में बच्चों से स्वस्थ संवाद की परंपरा होती है, वहां बच्चों की उक्त विषयक जिज्ञासाओं का तार्किक समाधान कर दिया जाता है। तब, विचारणीय यह है कि क्या इसका कोई हल है? निश्चित रूप से हल है। क्या हमने कभी इस बारे में विचार किया है कि देश - दुनिया में जो भी वैश्विक संकट या चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं, उनके मूल में बड़ों की दुनिया द्वारा किए जा रहे कृत्य ही हैं। यह भी कि ज्यादातर दुनियावी संकट जिन कारणों से पैदा हुए हैं, उन्हीं में उनका समाधान भी निहित है। जरूरत सिर्फ यह है कि बड़े अपने आचरण में उन बातों को पूरी ईमानदारी से उतारें, जो विद्याकेंद्रों ने सिखाई-बताई थीं।

देश और समाज की चिंताएं सिर्फ व्यक्तिगत बयानों और फोटोग्राफ़ी तक सीमित न रहें। गंभीरतापूर्वक उनके पूर्णकालिक व सामूहिक समाधान खोजे जाएं तथा सामूहिकता एवं प्रतिबद्धता पूर्वक बेहतर क्रियान्वयन किया जाए। आवश्यकताओं के परिप्रेक्ष्य में साधनों- संसाधनों का प्रयोग सीमित किया जाए। साधनों - संसाधनों के दोहन से ज्यादा उनके संरक्षण और संवर्धन पर ध्यान दिया जाए। वसुधैव कुटुंबकम् का नारा पूरी दुनिया को देने वाले हम स्वयं भी इस पर अमल करें। प्राकृतिक और सरकारी संपदाओं का संरक्षण हम सबका व्यक्तिगत दायित्व तथा नैतिक जिम्मेदारी है। शिक्षा किसी भी व्यक्ति के व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन है। अगर हम इस बदलाव का रचनात्मक हिस्सा नहीं हैं, तो यह हमारा व्यक्तिगत दोष है, शिक्षा का नहीं। यह सिलसिला लंबा है। हर चीज एक ओर, आदमी की अच्छाई-बुराई एक ओर, अक्सर वही भारी पड़ती है। वैसे देखा जाए तो न कोई बुरा होता है, न अच्छा। बस, कुछ लोग कमजोर होते हैं और कुछ मजबूत और कमजोरी व मजबूती का फर्क भी प्रायः मात्रा का होता है, गुण का उतना नहीं।

## प्रसंगवश

# अब भी क्यों इतने पसंद किए जाते हैं जिम्मी अमरनाथ


विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

मोहिन्दर अमरनाथ ने जब वेस्ट इंडीज के खिलाफ जनवरी, 1988 में अपना आखिरी टेस्ट मैच खेला था तब तक विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत का जन्म नहीं हुआ था। इसके बावजूद मोहिन्दर अमरनाथ के चाहने वाले अब भी कम नहीं हैं। वह सत्तर वसंत देख चुके हैं। मोहिन्दर अमरनाथ को उनके चाहने वाले जिम्मी पाजी भी कहते हैं। वे एक अर्से के बाद फिर अपने शहर दिल्ली लौटे। मौका था उनकी आत्मकथा का बीते गुरुवार को विमोचन का, उन्होंने 1993 में दिल्ली से मुंबई शिफ्ट कर लिया था।

मोहिन्दर अमरनाथ जब 19 साल से कम के थे तब उन्हें आस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई टेस्ट के लिए चुना गया था। अपने पहले ही टेस्ट मैच में आस्ट्रेलिया के दो बेहतरीन बल्लेबाजों किथस्टेकपॉल और इटयान चैपल को आउट करने के बाद भी मोहिन्दर अमरनाथ को अपने दूसरे टेस्ट को खेलने के लिए सात साल का लंबा इंतजार करना पड़ा था। उनकी क्रिकेट के मैदान में बेहतरीन कामयाबियों के साथ-साथ क्रिकेट की बारीकियों की समझ भी असाधारण है। वे जब क्रिकेट पर अपनी बात रखते हैं, तो उसका मतलब होता है। वे सच बोलने में यकीन रखते हैं। बेशक से किसी को बुरा लगे। उनके चाहने वालों में भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर भी हैं।

मोहिन्दर अमरनाथ की आत्मकथा के विमोचन के मौके पर उन्होंने कहा कि "वे स्कूल में पढ़ रहे थे जब मोहिन्दर अमरनाथ ने अपना पहला टेस्ट खेला था। वे उन्हें तब से फॉलो कर रहे हैं। मोहिन्दर अमरनाथ की क्रिकेट काम तलब है दृढ़ता, साहस और धैर्य"। सुनील गावस्कर कहते हैं, "मोहिन्दर अमरनाथ अपने युग के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज थे, लेकिन अजीब तरह से, उन्हें भारतीय टीम से बार-बार बाहर कर दिया गया और बाद में वे अपनी वापसी के लिए प्रसिद्ध हुए, जिससे उन्हें 'कमबैक किंग' का उपनाम मिला। वे एक ऐसे खिलाड़ी थे, जिसने झुकना नहीं सीखा था।" मोहिन्दर अमरनाथ कहते हैं, "मेरे क्रिकेट करियर में कई उतार-चढ़ाव आए, जिन्हें समझाना मुश्किल है, लेकिन जिसने मुझे समझदार और मजबूत बनाया। मैंने कठिन परिस्थितियों में, सभी बाधाओं के खिलाफ दबाव को बेहतर तरीके से संभालना सीखा। क्रिकेट ने मेरे सपनों को पूरा किया। भारत के क्रिकेट प्रेमियों को मुझ पर बहुत विश्वास था और इसने मुझे गरिमा और गर्व के साथ हर कठिन परिस्थिति से लड़ते हुए आगे बढ़ाया। मैं लगातार पेशेवर रूप से काम करने में विश्वास करता हूं, असफल होने पर बहाने नहीं ढूंढता, और गलतियों से सीखता हूं। साथ ही हार में भी सामान्य रहता हूं।"

मोहिन्दर अमरनाथ ने दिल्ली के रेलवे स्टेडियम और कोटला में खूब क्रिकेट खेली। अब भी बहुत से लोगों को याद होगा जब वे किसी मैच से पहले तिपहिया स्कूटर पर कोटला पहुंचते थे अपने बड़े भाई सुरेन्द्र अमरनाथ के साथ। मैच खत्म होने के बाद वापस भी दोनों भाई तिपहिया स्कूटर पर ही घर जाते। उन्हें तिपहिया पर बैठने से पहले उनके कुछ फैन्स सलाह भी दिया करते थे कि उन्हें किस तरह से बल्लेबाजी या गेंदबाजी करनी चाहिए। दोनों भाई ध्यान से अपने चाहने वालों की बातें सुनते और हाथ मिलाकर निकल लेते। बहरहाल,तेज गेंदबाजों का बेखौफ होकर मुकाबला करना तो कोई मोहिन्दर अमरनाथ से सीखे। उन्हें दुनिया का कोई भी तेज गेंदबाज डरा नहीं सका था। वे मूल रूप से बैटिंग ऑल राउंडर थे। ठोस बल्लेबाजी के साथ उनकी मध्यम तेज गति के गेंदों में भरपूर विविधता रहती थी। उसी का कमाल था कि भारत को 1983 के एकदिवसीय विश्व कप को जीतने में बहुत कठिनाई नहीं हुई। वे विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल में मैन ऑफ द मैच रहे थे। मोहिन्दर अमरनाथ के क्रिकेट करियर के लिए कहा जा सकता है कि यह राख से उठने वाले फीनिक्स की तरह है। मशहूर क्रिकेट कमेंटेटर और लेखक डॉ. मोहिन्दर अमरनाथ की क्रिकेट करियर को करीब जानने वाले कहते हैं कि वे बेहतरीन ऑल-राउंडर थे,जो गेंद और बल्ले दोनों से अच्छा प्रदर्शन कर सकते थे। उनकी मध्यम तेज गेंदबाजी और निचले क्रम में उपयोगी बल्लेबाजी ने उन्हें टीम के लिए अमूल्य बना दिया था। वे मैच के नतीजे बदलने की क्षमता रखते थे। उनकी बल्लेबाजी या गेंदबाजी, दोनों ही से उन्होंने कई बार मुश्किल परिस्थितियों में भारत को जीत दिलाई थी। मोहिन्दर अमरनाथ कभी हार नहीं मानते थे और हमेशा जीत के लिए संघर्ष करते थे।

# कृषि क्षेत्र में नवाचार और चुनौतियां


जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है ताकि किसानों को वास्तव में इन तकनीकों का लाभ मिल सके।

भारत का कृषि क्षेत्र इन दिनों एक ऐसे मेले से गुजर रहा है, जहां हर तरफ नई-नई तकनीकों के स्टॉल सजे हैं। कहीं ड्रोन उड़ रहे हैं, कहीं सैटेलाइट से खेत की फोटो खींची जा रही है, तो कहीं मिट्टी के स्वास्थ्य की रिपोर्ट सीधे मोबाइल पर आ रही है, लेकिन असली सवाल यह है कि क्या ये तकनीकी नवाचार उन किसानों तक पहुंच पा रहे हैं, जिनकी छतें आज भी टपकती हैं और जिनके पास एक सीजन का भी खर्च निकालने में पसीने छूट जाते हैं?

ड्रोन की बात करें तो ये नई तकनीक किसी साइंसफिक्शन फिल्म की तरह है। किसान के खेत पर उड़ता हुआ ड्रोन, जो हर पौधे को देखे, परखे और फिर मोबाइल पर रिपोर्ट भेजे। हां, यह सब सुनने में तो अच्छा लगता है, लेकिन जब छोटे किसान से कहा जाता है कि 'बाबूजी, 50,000 का ड्रोन खरीद लो,' तो वह वही सोचता है कि क्या बैंक वाले कर्ज दे देंगे या फिर उसी कर्ज के बोझ में दबा देंगे। किसानों के लिए ये ड्रोन और सैटेलाइट कोई मेला देखने का सपना बन गए हैं, जो तो हां, दिखते जरूर हैं, लेकिन छूने का मन करे तो जेब में हवा चलने लगती है। अब सरकार जैविक खेती को बढ़ावा देने की बात करती है।

जैविक खेती के नाम पर एक जश्न सा है, लेकिन खेतों में जाने पर स्थिति अलग ही दिखती है। जैविक खेती की लागत भी बढ़ी है और इस खेती से जुड़ी जानकारी तक पहुंचना आसान नहीं। नीति आयोग की एक रिपोर्ट बताती है कि 2024 तक जैविक खेती का लक्ष्य हासिल करना है, लेकिन इसके लिए सही ढांचा चाहिए। किसान जैविक खेती करना चाहते हैं, लेकिन जब वह महंगे जैविक खाद खरीदने जाते हैं, तो मंहगाई उनके हौसले को ढीला कर देती है। खुद सरकार भी जानती है कि जैविक उत्पादों की बाजार तक पहुंच आसान नहीं है। जैविक उत्पाद अभी भी उपभोक्ता तक पहुंचने से पहले कई मिडिलमैन से गुजरते हैं, जिससे किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पाता। अब फसल उगाने के बाद किसान को बाजार में ले जाना पड़ता है, जहां उसकी मेहनत का मोल लगाने के लिए एक पूरी व्यवस्था बैठी है।

हर साल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का ऐलान होता है, लेकिन वह एमएसपी की लिस्ट देखता है जैसे त्योहार की तारीख-देखने में बढ़िया, लेकिन हकीकत में त्योहार कब आता है, पता ही नहीं चलता। मंडी में उसकी उपज का दाम वैसे ही घट जाता है, जैसे सब्जी की तौल में दुकानदार का हाथ थोड़ा हल्का हो जाता है। सरकार कहती है कि "किसानों को उचित मूल्य मिलना चाहिए।" अब किसान कहता है कि "बिल्कुल मिलना चाहिए, पर मिलेगा कैसे?" एमएसपी का नियम तो बना है, पर बाजार का नियम एमएसपी से अलग ही चलता है। एक रिपोर्ट के अनुसार केवल 6 प्रतिशत किसान ही अपनी उपज को एमएसपी पर बेच पाते हैं। बाकी लोग तो मंडी के खेल में फंस जाते हैं। किसान के पास मोबाइल है, लेकिन कीमतों की जानकारी से कहीं ज्यादा चिंता उसे ये रहती है कि अगली फसल का कर्ज कैसे उतारेगा। इस सबके बीच, कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है ताकि किसानों को वास्तव में इन तकनीकों का लाभ मिल सके। सरकार कहती है कि वह किसानों के साथ है। अब समय है कि वह अपनी जेब से कुछ मदद दे। हर छोटे किसान को ड्रोन या स्मार्टफोन नहीं चाहिए, उसे एक सस्ता और टिकाऊ हल चाहिए।

क्यों न हर गांव में एक-एक "टेक्नोलॉजी सेंटर" खोला जाए, जहां किसान मुफ्त में अपनी मिट्टी, पानी और फसल का परीक्षण करवा सके? जैविक खेती अच्छी है, पर किसान को इसमें हाथ लगाने के लिए मजबूत कंधा चाहिए। हर राज्य में जैविक केंद्र बनाए जाने चाहिए, जहां किसान बिना महंगे बिल के जैविक खेती के गुर सीख सकें और सस्ते जैविक खाद पा सकें। मंडी का मजमा छोड़, क्यों न अब मंडियों में डिजिटल सिस्टम लागू किया जाए? एक ऐप हो, जहां किसान अपनी फसल का सीधा मूल्य देख सके और डिजिटल तरीके से बेच सके, ताकि मिडिलमैन की भीड़ कम हो और किसानों को उनका हक मिले। आखिरकार किसान भी तो चाहता है कि उसके पास मदद कम और समझदारी का सिस्टम ज्यादा हो। उसे वही चाहिए जो शहरी लोग अपने व्यापार में करते हैं। आसान, पारदर्शी और बिना रुकावट के। सरकार को नीतियों में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि किसान के हाथ में 'हल' के साथ-साथ सही तरीके से 'हिसाब' भी आए।

## सोशल फोरम

# अनादि और अनंत


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

संसार परिवर्तनशील है। ठीक बात है, लेकिन कुछ चीजें शाश्वत हैं, जिन्हें भारतीय परंपरा की भाषा में अनादि और अनंत कहा जाता है। जैसे अच्छे आदमी और बुरे आदमी का फर्क-यह था, है और रहेगा। अच्छे आदमी के मन में हमेशा अपने बारे में सवाल उठता है-वह कौन है, उसका लक्ष्य क्या है, उसमें क्या-क्या कमियां हैं, क्या-क्या कमजोरियां हैं, वगैरह-वगैरह।

बुरा आदमी अपनी कमियों-कमजोरियों को लेकर निश्चिंत रहता है, अव्वल तो वह इन्हें कमियां-कमजोरियां मानता ही नहीं और मानता भी है, तो सौ लोगों को अपने से ज्यादा कमतर और कमजोर बताने के बाद, यानी उसमें ये कमियां-कमजोरियां न होतीं तो लोग दिन-दहाड़े उसे लूट लिए होते। वह हमेशा दूसरों की कमियों-कमजोरियों को दिखाने, उनकी व्याख्या करने, उन पर तंज कसने में मशगूल रहता है। यह उसका प्रिय पास टाइम होता है।

बुरा आदमी कभी गलती करते हुए पकड़ लिया गया तो पहले तो वह परिस्थितियों को जिम्मेदार बताता है। यदि परिस्थितियों ने साथ न दिया और वह बहुत तगड़े चपेट में आ गया तो अंत में अपनी अक्ल पर दोष मढ़ देता है-उसका दिमाग खराब हो गया था, वह अभिभूत हो गया था, किंकर्तव्यविमूढ़ हो गया था, वगैरह-वगैरह। वह कभी, जी हां कभी भी, अपनी नीयत को दोष नहीं देगा, जब कि दूसरों की नीयत को बात-बात पर खोटी बताता रहता है।

अच्छे आदमी को अव्वल तो कभी अपने को काटने की जरूरत नहीं पड़ती, यदि पड़ ही गई तो वह उसकी व्याख्या करता नहीं घूमता। बुरा आदमी किसी आदमी की बुराई दस लोगों के सामने करता है और उसकी तारीफ अकेले में उसको खुश करने के लिए करता है। अच्छा आदमी किसी में कुछ बुरा देखता है, तो उसके सामने, अकेले में कह देता है, जबकि सब लोगों के सामने उसकी अच्छाई का ही जिक्र करता है। बुरा आदमी 'धार्मिक' बनकर और बुरा हो जाता है, वह धर्मध्वज बन जाता है, अच्छा आदमी धार्मिक बनकर और अच्छा हो जाता है, वह संसार से, दुनियादारी से परे हो जाता है।

-फेसबुक वॉल से

# मस्तिष्क और यंत्र का मिलन


डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

लकवाग्रस्त लोगों को चलने-फिरने और बात करने की सुविधा देने वाले उपकरणों में निरंतर परिष्कार किया जा रहा है। इस कड़ी में मनुष्य के विचार और उसकी यादों को समझना एवं उनमें बदलाव लाना भी सम्मिलित है। मनुष्य समझ रहा है कि मानव के विचार क्या होते हैं और हम उन्हें यंत्रों से कैसे जोड़ सकते हैं। वह समझ रहा है कि मनुष्य का 'मैं' क्या होता है और हम उसमें बदलाव कैसे ला सकते हैं। जीव विज्ञान, भौतिकी और तकनीक के क्षेत्र में अब ऐसी खोजें की जा रही हैं जो मनुष्य के विचार को यंत्रों से जोड़ कर मनुष्य की क्षमता को बहुत अधिक बढ़ा देंगी। मस्तिष्क की चिप इस श्रृंखला में नवीनतम खोज है।

नोलैंड ऑरबॉ एक लकवाग्रस्त व्यक्ति हैं। वह 2016 में गर्दन के नीचे के हिस्से में लकवे की समस्या से ग्रस्त हो गए थे। उनके मस्तिष्क में अमेरिका की न्यूरालिंक कंपनी द्वारा बनाई गई ब्रेन चिप को शल्य चिकित्सा से प्रत्यारोपित किया गया। इस तरह की ब्रेन चिप का इस्तेमाल करने वाले वह पहले व्यक्ति थे। तब से ऑरबॉ फोन और कंप्यूटर को अपने विचारों से संचालित करते हैं। वह वेब सर्फिंग करते हैं और शतरंज खेलते हैं। यह ब्रेन चिप कैसे सोचने-समझने की क्षमता और शारीरिक क्षमता को बढ़ा सकती है, इसको समझने के लिए एक सामान्य व्यक्ति ने ऑनलाइन गेम 'वेब ग्रिड' खेला। ग्रिड पर अप्रत्याशित रूप से दिखाई पड़ने वाले वर्गों पर क्लिक करने के लिए लैपटॉप के ट्रैकपैड पर उसने अपनी उंगली का उपयोग किया, जिसकी गति 42 वर्ग प्रति मिनट थी। लेकिन जब ऑरबॉ- जो लकवा ग्रस्त थे और जो अपने हाथों का इस्तेमाल नहीं कर सकते थे - ने अपने मस्तिष्क में स्थापित चिप की मदद से अपने विचारों से इस गेम को खेला तो उन्होंने टेलीपैथिक सिग्नलों द्वारा 49 वर्ग प्रति मिनट की गति से इस खेल को खेला। इसी प्रकार नोलैंड ऑरबॉ ने यह भी प्रदर्शित किया कि वह केवल अपने दिमाग का उपयोग करके शतरंज खेल सकते हैं। 8 साल तक पक्षाघात झेलने के बाद उन्होंने न्यूरालिंक द्वारा डिजाइन की गई ब्रेन चिप की मदद से उन कार्यों को करने की क्षमता हासिल कर ली जो पहले उनके लिए असंभव थे। ऑरबॉ ने एक लाइव स्ट्रीम में कहा, "कर्सर के हिलने की कल्पना करना मेरे लिए सहज हो गया। मैं केवल स्क्रीन पर कहीं भी देखता रहता हूं और यह वहीं चला जाता है जहां मैं चाहता हूं।"

वैज्ञानिकों के अनुसार मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस का उपयोग करके इंसानी मस्तिष्क को मशीनों के साथ मिलाने का यह प्रयोग सफल रहा है। रीढ़ की हड्डी की चोटों, स्ट्रोक या किसी हादसे से लकवाग्रस्त होने वाले लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसे में इस तकनीक से वह अपनी खोई हुई क्षमताओं को वापस पा सकते हैं। कैलिफोर्निया में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के न्यूरोसर्जन जैमी हेंडरसन के अनुसार ये सफलताएं दिखाती हैं कि मनुष्य का विचार क्या है, मनुष्य का 'मैं' क्या है, उसकी स्मृतियां क्या होती है, उसका व्यक्तित्व क्या होता है और हम किस प्रकार इन चीजों को उसके शरीर एवं यंत्रों से जोड़ सकते हैं। कोई बड़ी बात नहीं है कि हम मनुष्य की स्मृतियों को भंडारित कर सकें एवं बाद में उन्हें उसके ही मस्तिष्क अथवा किसी अन्य मस्तिष्क में आरोपित कर सकें। हमारी यह समझ मनुष्य के हित में बहुत कुछ कर सकती है।

# ईपीएफओ में बढ़ रहे निष्क्रिय खाते


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) भारत सरकार के श्रम और रोजगार मंत्रालय के तहत आने वाला एक वैधानिक निकाय है। यह संगठन भविष्य निधि से जुड़े कामों का प्रबंधन करता है और कर्मचारियों को भविष्य निधि, पेंशन और बीमा से जुड़े फायदे देता है।

कर्मचारी भविष्य निधि से जुड़ा कानून, कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 है। इसे ईपीएफ अधिनियम भी कहा जाता है। फिलहाल ईपीएफओ के सदस्यों के वेतन (मूल वेतन और महंगाई भत्ता) का 12 प्रतिशत ईपीएफ खाते में जाता है। वहीं नियोक्ता के 12 प्रतिशत योगदान में से 8.33 प्रतिशत ईपीएस-95 में जाता है, जबकि शेष 3.67 प्रतिशत ईपीएफ खाते में जमा किया जाता है।

सरकार कर्मचारियों की न्यूनतम बेसिक सैलरी बढ़ा सकती है। केंद्र सरकार संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए एंपलॉय प्राविडेंट फंड (ईपीएफ) के तहत न्यूनतम वेतन सीमा को बढ़ाने की योजना बना रही है। कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) में निष्क्रिय यानी इनऑपरेटिव अकाउंट में जमा रकम 8,505.23 करोड़ रुपये हैं। यह रकम वित्त वर्ष 2023-24 में जमा हुई है। साल 2018-19 में यह रकम 1,638.37 करोड़ रुपये थी। यानी छह सालों में निष्क्रिय ईपीएफ अकाउंट में जमा रकम पांच गुना बढ़ गई है। निष्क्रिय कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) की कुल राशि वित्त वर्ष 2018-19 में 1,638.37 करोड़ रुपये से पांच गुना बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 8,505.23 करोड़ रुपये हो गई है।

लोकसभा में एक लिखित उत्तर में राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने बताया कि ईपीएफओ द्वारा संचालित ईपीएफ योजना में कोई भी दावा रहित खाता नहीं है, उन्होंने बताया कि 2023-24 में 21,55,387 निष्क्रिय ईपीएफओ खातों में 8,505.23 करोड़ रुपये जमा थे। जागरूक नागरिकों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी है कि वो पता करे कि उनका या उनके साथियों का ईपीएफओ का खाता कहीं निष्क्रिय तो नहीं हो गया है?

## एक नजर

### प्रधानमंत्री 6 दिसंबर को अष्टलक्ष्मी महोत्सव का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 दिसंबर को पूर्वोत्तर के आठ राज्यों के सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक ताने-बाने को प्रदर्शित करने वाले उत्सव 'अष्टलक्ष्मी महोत्सव' का उद्घाटन करेंगे। सिंधिया ने कहा कि यह महोत्सव क्षेत्र के जीवंत कपड़ा उद्योग, शिल्प और अद्वितीय भौगोलिक संकेतक (जीआई) उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए एक अभूतपूर्व मंच प्रदान करेगा। पूर्वोत्तर के आठ राज्यों असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, नगालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम को अक्सर 'अष्टलक्ष्मी' या समृद्धि के आठ रूपों के रूप में जाना जाता है।

### 1 दिसंबर से मनाया जाएगा हॉर्निबल पर्व

**कोहिमा।** नगालैंड में 1 दिसंबर से 10 दिनों तक 'हॉर्निबल फेस्टिवल' मनाया जाएगा। यह 25वां हॉर्निबल फेस्टिवल है। पर्यटन मंत्री तेम्जेन इम्ना अलोंग ने कहा कि इस साल हॉर्निबल फेस्टिवल में चार देश वेल्स, अमेरिका, जापान और पेरू भागीदार हैं। साथ ही इसमें दो राज्य सिक्किम और तेलंगाना भी शामिल है। हॉर्निबल फेस्टिवल नगालैंड की राजधानी से 12 किमी दूर कोहिमा-इंफाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर किसामा के मनोरम नागा हेरिटेज गांव में आयोजित किया जाता है, जहां नगालैंड के मानचित्र को दर्शाने के लिए संरचनाएं बनाई जाती हैं।

### तालाब से पानी निकालने पर किसान की हत्या

**भिंड।** मध्यप्रदेश के भिंड जिले के गोहद थाना क्षेत्र के पाली गांव में तालाब से पानी निकालने को लेकर दो पक्षों में फायरिंग हो गई। इसमें एक किसान की मौत हो गई। इसमें 6 लोग घायल हो गए। दोनों पक्ष आपस में चचेरे भाई हैं। पुलिस के मुताबिक फायरिंग में पाली गांव के रहने वाले किसान राकेश सिंह (40) की मौत हो गई है। भिंड जिले के गोहद के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सौरभ कुमार ने बताया कि मामले में केस दर्ज किया गया है। एक साल पहले भी दोनों पक्षों में तालाब से खेत में पानी देने को लेकर विवाद हुआ था।

### सवा तीन क्विंटल अवैध अफीम डोडा चूरा जब्त

**जयपुर।** चित्तौड़गढ़ में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कोतवाली थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से सवा तीन क्विंटल से अधिक अवैध अफीम डोडा चूरा जब्त किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया। पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान रामचौक गांव की तरफ से आई एक क्रेटा कार को उसका चालक तेज गति से चलाकर आता हुआ नजर आया। कार की गति अत्याधिक तेज होने से कार ढ़ाडण तालाब के पास असंतुलित होकर खाई में गिर गई। कार के चालक और उसके साथी ने भागने का प्रयास किया, जिन्हें पुलिस टीम ने पकड़ लिया।

# सर्पदंश सूचित करने योग्य बीमारी घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र सरकार ने राज्यों को जारी किए दिशा-निर्देश

केंद्र ने सभी राज्यों से सर्पदंश को 'सूचित करने योग्य बीमारी' घोषित करने की अपील है और सभी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए ऐसे मामलों और मौत की सूचना देना अनिवार्य कर दिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भेजे पत्र में कहा है कि सर्पदंश की घटनाएं सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता का विषय हैं और कुछ मामलों में ये मृत्यु, रुग्णता और विकलांगता का कारण बनती हैं।

केंद्र ने राज्यों से अनुरोध किया है कि वे सर्पदंश को राज्य के सार्वजनिक स्वास्थ्य कानूनों या अन्य मान्य कानूनों के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत 'सूचित करने योग्य रोग' घोषित करें, ताकि सभी सरकारी और निजी स्वास्थ्य सुविधाओं (मेडिकल कॉलेजों सहित) के लिए सर्पदंश के हर संदिग्ध, संभावित मामले और उससे हुई मृत्यु की रिपोर्ट करना अनिवार्य हो जाए।

राज्यों को लिखे पत्र में कहा गया है कि इस सिलसिले में अन्य लोगों के अलावा किसान और आदिवासी आबादी भी अधिक जोखिम में हैं।

# दिल्ली में वायु गुणवत्ता बेहद खराब, प्रदूषण से राहत नहीं

## इस माह एक भी दिन ऐसा नहीं रहा, जब राजधानी में एक्यूआई 100 से रहा हो नीचे

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली में शुक्रवार को लगातार छठे दिन वायु गुणवत्ता बहुत खराब रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, सुबह 9 बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 329 दर्ज किया गया, जो इसे बहुत खराब श्रेणी में आता है। इस नवंबर महीने में एक भी दिन ऐसा नहीं रहा, जब दिल्ली में एक्यूआई सौ से नीचे रहा हो।

प्रति घंटे आंकड़ा उपलब्ध कराने वाले 'समीर' ऐप के अनुसार, 39 निगरानी केंद्रों में से दो केंद्रों भावना (426) और मुंडका (408) ने



वायु गुणवत्ता को गंभीर श्रेणी में दर्ज किया, जबकि 22 केंद्रों ने बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया। बाकी ने एक्यूआई खराब श्रेणी में दर्ज किया। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब तथा 401 से 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में माना जाता है। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) लागू है, लेकिन इसका असर देखने को नहीं मिला है।

बीती रात दिल्ली में इस मौसम में अब तक की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई और रात का तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 9.5 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला गया। सुबह साढ़े 8 बजे आर्द्रता का स्तर 97 प्रतिशत दर्ज किया गया।

### प्रदूषण के मुद्दे पर विचार करेगी संसदीय समिति

**नई दिल्ली।** संसद की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मामलों की स्थायी समिति दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण के कारण खराब वायु गुणवत्ता सहित विभिन्न मुद्दों पर विचार करेगी। राज्यसभा के आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई है। समिति द्वारा 2024-25 में अपने कार्यकाल के दौरान देश में पर्यावरण प्रदूषण और इससे निपटने के लिए विभिन्न एजेंसियों द्वारा उठाए गए कदमों तथा दिल्ली वायु एवं जल प्रदूषण पर विशेष रूप से विचार किया जाएगा। इस मुद्दे पर 4 दिसंबर को समिति की निर्धारित बैठक में विचार किया जाएगा तथा सदस्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव का पक्ष सुनेंगे।

# मोदी पर राहुल की टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण

## विदेश मंत्रालय ने कांग्रेस नेता के बयान की निंदा की, एलएसी को लेकर भी रखी बात

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्रालय ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की उस टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में भूलने की बीमारी के लक्षण हो सकते हैं। यही नहीं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कहा था कि उनकी (मोदी की) तुलना निवर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से की जा सकती है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में एक सवाल के जवाब में कहा कि भारत की अमेरिका के साथ बहुआयामी साझीदारी है, जो दोनों पक्षों की वर्षों की दृढ़ता, एकजुटता, आपसी सम्मान और प्रतिबद्धता से बनी है। जायसवाल ने कहा कि दोनों देशों के बीच मधुर और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। हम ऐसी रिपोर्टों या टिप्पणियों को दुर्भाग्यपूर्ण मानते हैं, वे भारत सरकार की स्थिति का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। ऐसी टिप्पणियां गर्मजोशी भरे




और दोस्ताना संबंधों के अनुरूप नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि दो सप्ताह पहले महाराष्ट्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा था कि वह (मोदी) पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति की तरह स्मृति क्षीणता से पीड़ित हैं।

इसके बाद जब वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारतीय सैनिकों की गश्त के बारे में पूछा गया, तो जायसवाल ने कहा कि यह प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि हम पहले भी कह चुके हैं कि हम इस पर काम कर रहे हैं और यह प्रक्रिया जारी है। इससे पहले भारत और चीन की सेनाओं ने पूर्वी लद्दाख के डेमचोक और देपसांग इलाकों में हर हफ्ते एक संयुक्त गश्त का फैसला लिया था। दोनों देशों ने अक्टूबर के आखिरी हफ्ते में इन इलाकों से पीछे हटने के बाद इस गश्त की शुरुआत की थी।

भारत और चीन के बीच संबंध उस समय से ज्यादा तनावपूर्ण थे, जब जून 2020 में गलवान घाटी में हिंसक झड़प हुई थी। दोनों देशों की सेनाओं के बीच दशकों में यह खूनी संघर्ष हुआ था।

### अडाणी मामले में भारत ने कहा

### यह प्रतिवादियों और अमेरिकी विभाग के बीच का मामला

**नई दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को कहा कि उद्योगपति गौतम अडाणी और उनके सहयोगियों पर रिश्वतखोरी के आरोप में अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा दायर अभियोग पत्र निजी फर्मों और कुछ व्यक्तियों तथा वहां के न्याय विभाग से जुड़ा कानूनी मामला है। सरकार को इस मुद्दे पर पहले से सूचना नहीं दी गई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सवालों के जवाब में कहा कि यह निजी फर्मों और कुछ व्यक्तियों तथा अमेरिकी न्याय विभाग से जुड़ा हुआ कानूनी मामला है। ऐसे मामलों में कुछ कानूनी प्रक्रिया और तरीके होते हैं, हमें विश्वास है कि उनका पालन किया जाएगा। भारत सरकार को इस मुद्दे पर पहले से सूचित नहीं किया गया था प्रवक्ता ने कहा कि समन एवं गिरफ्तारी वारंट की तामील के लिए किसी विदेशी सरकार द्वारा किया गया कोई भी अनुरोध पारस्परिक कानूनी सहयोग के अंतर्गत आते है। ऐसे अनुरोधों की योग्यता के आधार पर जांच की जाती है। हमें इस (अडानी) मामले में अमेरिकी पक्ष से (सहयोग का) कोई अनुरोध नहीं मिला है। प्रवक्ता ने कहा कि अडाणी और उनके भतीजे सागर अडाणी सहित उनके सात सहयोगियों पर न्याय विभाग द्वारा प्रतिभूति और वायर धोखाधड़ी की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। न्याय विभाग के अभियोग पत्र में आरोप लगाया है कि प्रतिवादियों ने भारत में आकर्षक अक्षय ऊर्जा अनुबंध हासिल करने के लिए भारतीय सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने पर सहमति जताई थी।

# महाराष्ट्र चुनाव में खामियों को लेकर चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में डेटा से संबंधित गंभीर विसंगतियों को लेकर शुक्रवार को निर्वाचन आयोग का रुख किया और इस पर विस्तृत जवाब की मांग की। पार्टी ने एक ज्ञापन के माध्यम से यह आग्रह भी किया कि आयोग उसके नेताओं को मिलने का अवसर दे, ताकि वह इन 'विसंगतियों' तथा इस विधानसभा चुनाव से संबंधित कुछ अन्य मुद्दों को उठा सके।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस ज्ञापन को साझा किया। आयोग को भेजे ज्ञापन में कांग्रेस ने कहा कि हम आपको कुछ गंभीर विसंगतियों से अवगत कराने के लिए लिख रहे हैं, जो हाल ही में संपन्न महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए मतदान और मतगणना प्रक्रियाओं से संबंधित आंकड़ों में सामने आ रही हैं। कांग्रेस ने आयोग से आग्रह किया, 'हम आयोग के ध्यान में डेटा से संबंधित कुछ बिंदु लाना चाहेंगे, जो चिंता का कारण हैं। इस पर माननीय आयोग से हस्तक्षेप की आवश्यकता है।'

### सरकार ने लोकसभा में दी जानकारी

# ईवीएम पर उठे सवालों को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

- शीर्ष न्यायलय और विभिन्न उच्च न्यायालयों में 42 याचिकाएं दायर

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर सवाल उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न उच्च न्यायालयों में करीब 42 याचिकाएं दायर की गई हैं और उच्च न्यायपालिका ने बार-बार कहा है कि ईवीएम प्रामाणिक, भरोसेमंद और छेड़छाड़-रहित है। सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा में यह जानकारी दी।

मशीनों से छेड़छाड़ या हैकिंग को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों को लेकर एक सवाल का जवाब देते हुए कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि निर्वाचन आयोग (ईसी) के अनुसार, ईवीएम एक 'स्टैंडअलोन' मशीन है, जिसमें रेडियो फ्रीक्वेंसी संचार क्षमता नहीं है, इसलिए यह वायरलेस, ब्लूटूथ और वाई-फाई के माध्यम से संचार नहीं कर सकती है। मंत्री ने एक लिखित उत्तर में कहा कि मशीन किसी भी छेड़छाड़ या हेरफेर को रोकने के



लिए इलेक्ट्रॉनिक रूप से सुरक्षित है। इसमें कई तकनीकी सुरक्षा विशेषताएं शामिल हैं। जैसे कि एक बार प्रोग्राम करने योग्य चिप, अनधिकृत पहुंच का पता लगाने वाला मॉड्यूल, उन्नत एन्क्रिप्शन तकनीक और मजबूत पारस्परिक प्रामाणीकरण क्षमता। हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद, कांग्रेस ने ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया था और दावा किया था कि ईवीएम बैटरी से चार्जिंग के विभिन्न स्तरों के कारण अलग-अलग परिणाम प्राप्त हुए।

# दिल्ली में गैंगस्टर्स राज, लॉरेंस साबरमती जेल से चला रहा गैंग

नई दिल्ली, एजेंसी

- केजरीवाल बोले उसे भाजपा का मिल रहा संरक्षण

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब होने का हवाला देते हुए भाजपा नीत केंद्र सरकार पर हमला बोला और आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजधानी को 'गैंगस्टरों' द्वारा चलाया जा रहा है।

दिल्ली विधानसभा में कानून व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा के दौरान केजरीवाल ने राजधानी में बिगड़ती स्थिति के लिए अमित शाह को जिम्मेदार ठहराया। केजरीवाल ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की



गतिविधियों पर भी सवाल उठाए, जो कथित तौर पर साबरमती जेल से दिल्ली और उसके बाहर जबरन वसूली का धंधा संचालित कर रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से पूछा, 'लॉरेंस बिश्नोई अपना नेटवर्क इतने खुलेआम कैसे चला रहा है? क्या उसे भाजपा का संरक्षण प्राप्त है?'

# बीकानेर हाउस की कुर्की पर अदालत ने रोक लगाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने शुक्रवार को राजस्थान की नोखा नगर परिषद के स्वामित्व वाले बीकानेर हाउस की कुर्की पर रोक लगा दी। साथ ही उसे एक सप्ताह के भीतर एक कंपनी के 50.31 लाख रुपये के बकाए का भुगतान करने का निर्देश दिया। जिला न्यायाधीश विद्या प्रकाश ने कुर्की पर रोक का आदेश जारी करते हुए कहा कि मध्यस्थता के जरिये एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में किया गया 2020 का निर्णय अंतिम रूप ले चुका है, क्योंकि निगम परिषद की अपील 2024 में पहले ही खारिज हो चुकी है।

# सिल्क्यारा अभियान ने मुझे बदल दिया

## बचाव अभियान के अगुवा अर्नोल्ड डिक्स ने सुरंग प्रकरण को किया याद

नई दिल्ली, एजेंसी

सिल्क्यारा सुरंग प्रकरण में बचाव अभियान के अगुवा अर्नोल्ड डिक्स याद करते हैं, 'सब ठीक हो जाएगा। किसी को तो यह कहना ही था।' और उन्होंने ऐसा किया। उम्मीद का यह संदेश उस दिन बहुत जरूरी था, जब पिछले नवंबर में वह उत्तराखंड के सिल्कयारा पहुंचे थे, जहां 41 मजदूर एक हफ्ते से सुरंग में फंसे हुए थे।

उम्मीद की डोरी बहुत नाजुक थी, लेकिन उन्होंने जो साहसिक वादा किया था कि निर्माणाधीन सिल्कयारा बेंड-बरकोट सुरंग के अंदर से लोगों को क्रिसमस तक सुरक्षित बचा लिया



जाएगा, उसने उन कठिन दिनों में श्रमिकों, उनके परिवारों और लगभग हर भारतीय में आशा की किरण जगा दी थी। पिछले साल 12 नवंबर को पहाड़ सचमुच उन पर टूट पड़ा था और लगभग 17 दिनों की कड़ी मशक्कत के बाद 28 नवंबर को उन्हें बाहर निकाला गया। जब पूरा देश सांस थामे यह सब देख रहा था, तब डिक्स उम्मीद की रौशनी बनकर सामने आए।

इंटरनेशनल टनलिंग एंड अंडरग्राउंड स्पेस एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया, 'सिल्कयारा में किसी को तो यह कहना था कि सब ठीक हो जाएगा। किसी को सभी को यह विश्वास दिलाना था कि हम यह कर सकते हैं।' डिक्स ने कहा, 'सिल्कयारा अलग था, किसी तरह मैं महसूस कर सकता था कि यह अलग था और हम इसे कर सकते थे।' बचाव अभियान के ऑस्ट्रेलियाई नायक डिक्स इस चमत्कारी उपलब्धि के एक वर्ष बाद मिशन की पहली वर्षगांठ मनाने के लिए भारत में हैं।

# गुरुग्रामः मुठभेड़ में दो लाख का इनामी बदमाश मारा गया

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम और बिहार पुलिस के संयुक्त दल के साथ शुक्रवार को सुबह बार गुर्जर गांव के पास हुई मुठभेड़ में दो लाख रुपये का इनामी गैंगस्टर सरोज राय मारा गया। इस मुठभेड़ में बिहार पुलिस का एक कांस्टेबल भी घायल हो गया। एसीपी वरुण दहिया ने बताया कि मुठभेड़ में मारा गया सरोज राय वांछित अपराधी था और उसका साथी भागने में सफल रहा। बिहार पुलिस के घायल कांस्टेबल का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि राय के खिलाफ बिहार में जबरन वसूली की एक प्राथमिकी सहित 32 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# छत्तीसगढ़ में एक इनामी समेत 13 नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने एक इनामी नक्सली समेत 13 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र से तीन नक्सलियों को, आवापल्ली थाना क्षेत्र से पांच नक्सलियों को तथा जांगला थाना क्षेत्र से पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि जिले में जारी नक्सल विरोधी अभियान के तहत विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन के संयुक्त दल ने तर्रेम थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुड़गीचेरू के जंगल से तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया है।

# यूपी गैंगस्टर एक्ट की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर होगी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश गैंगस्टर और असामाजिक गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1986 के कुछ प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने इस याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर उससे जवाब मांगा।

याचिका में कहा गया है कि दो याचिकाकर्ताओं पर 1986 के इस कानून के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया, जबकि न तो आरोपपत्र दाखिल किया गया और न ही सुनवाई शुरू हुई। याचिका में दावा किया गया है कि 1986 के इस कानून के प्रावधानों का उपयोग बदला लेने, विवादों को निपटाने के लिए याचिकाकर्ताओं को परेशान करने और डराने-धमकाने के हथियार के रूप में किया जा रहा है।

# असम में पांच अवैध बांग्लादेशी घुसपैठिए पकड़े गए, वापस भेजा

**गुवाहाटी।** असम पुलिस ने बांग्लादेश से आए पांच अवैध प्रवासियों को पकड़कर उन्हें पड़ोसी देश के अधिकारियों को सौंप दिया। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। हालांकि, मुख्यमंत्री ने यह नहीं बताया कि इन अवैध प्रवासियों को भारत-बांग्लादेश सीमा के किस सेक्टर से पकड़ा गया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "भारत-बांग्लादेश सीमा पर सतर्कता दिखाते हुए असम पुलिस ने पांच अवैध बांग्लादेशियों को पकड़ लिया, जो अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास भारतीय क्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश कर रहे थे और उन्हें सीमा पार वापस भेज दिया।"



**विश्व भ्रमण पर अमेरिगो वेस्पुची..** | वर्ष 1930 में निर्मित इटैलियन नेवी का जहाज 'अमेरिगो वेस्पुची' विश्व भ्रमण पर है। शुक्रवार यह ऐतिहासिक जहाज मुंबई तट पर पहुंचा। यहां ये छह दिन ठहरेगा और इसमें आम लोगों के लिए लिए प्रदर्शन की आयोजन किया जाएगा।

# जेल में प्रसव से महिला एवं शिशु होंगे प्रभावित : कोर्ट

## बॉम्बे हाईकोर्ट ने गर्भवती महिला को छह महीने के लिए दी अस्थायी जमानत

मुंबई, एजेंसी

बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने मादक पदार्थ की तस्करी मामले में गिरफ्तार एक गर्भवती महिला को यह कहते हुए छह महीने की अस्थायी जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है कि जेल के माहौल में बच्चे को जन्म देने से मां और बच्चे दोनों पर असर पड़ेगा।

न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी फाल्के ने 27 नवंबर को पारित आदेश में कहा कि एक कैदी भी सम्मान का हकदार है और जेल में बच्चे को जन्म देने के कई परिणाम हो सकते हैं। अदालत ने सुरभि सोनी नामक महिला को छह



महीने के लिए अस्थायी जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। सोनी को अप्रैल 2024 में स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया था।

गिरफ्तारी के समय सोनी दो महीने की गर्भवती थी। उसने मानवीय आधार पर जमानत के लिए हाईकोर्ट का रुख किया, ताकि वह जेल के बाहर अपने बच्चे को जन्म दे सके। अभियोजन पक्ष ने यह भी दलील दी थी कि आरोपी को प्रसव के लिए जेल में उचित देखभाल की व्यवस्था की जाएगी। एक पीठ ने कहा कि यह सच है कि सोनी को हिरासत में रहते हुए प्रसव के लिए सरकारी अस्पताल में इलाज कराया जा सकता है। अदालत ने कहा, 'हालांकि, जेल के माहौल में गर्भावस्था के दौरान बच्चे को जन्म देने से न केवल याचिकाकर्ता (सोनी), बल्कि बच्चे पर भी असर पड़ेगा, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।'

### कैदी को भी गरिमा का अधिकार

हाईकोर्ट ने कहा कि हर व्यक्ति को वह गरिमा हासिल करने का अधिकार है, जिसकी स्थिति मांग करती है और इसमें कैदी भी शामिल हैं। जेल में बच्चे को जन्म देने से मां और बच्चे दोनों पर असर पड़ सकता है और इसलिए मानवता के आधार पर विचार किये जाने की आवश्यकता है। अदालत ने कहा कि मामले में आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य मौजूद हैं, लेकिन सोनी को जमानत पर रिहा करने से जांच पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि जांच पहले ही पूरी हो चुकी है और आरोप-पत्र दायर किया जा चुका है।

# ओडिशाः पट्टापुर पुलिस थाने को दूसरा सर्वश्रेष्ठ थाना का पुरस्कार

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को ओडिशा के गंजाम जिले के पट्टापुर पुलिस थाने को दूसरा सर्वश्रेष्ठ पुलिस थाना होने का पुरस्कार प्रदान किया। प्रभारी निरीक्षक सब्यसाची मल्ला को यहां अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक (डीजीपी)/पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) सम्मेलन में शाह से प्रशंसा प्रमाणपत्र के साथ पुरस्कार मिला। इस मौके पर मौजूद ओडिशा के डीजीपी योगेश बहादुर खुरानिया ने कहा कि यह राज्य पुलिस के लिए बहुत गर्व और सम्मान का क्षण है। जनवरी में तेलंगाना के राजेंद्र नगर पुलिस थाने को देश का 'सर्वश्रेष्ठ पुलिस थाना' चयनित किया गया था।

# महाराष्ट्र का एक गांव, जहां अपशब्दों गालियों के इस्तेमाल पर लगेगा जुर्माना

## अहिल्यानगर जिले के सौंदाला गांव के ग्रामीणों ने ली शपथ

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र के एक गांव ने बातचीत के दौरान अपशब्दों-गालियों के इस्तेमाल पर रोक लगाने का संकल्प लिया है। सौंदाला गांव ने इसके साथ ही अपशब्द बोलने वालों पर 500 रुपये का जुर्माना लगाने का भी फैसला किया है।

सरपंच शरद अरगडे ने बताया कि अहिल्यानगर जिले की नेवासा तहसील के गांव की ग्राम सभा ने गुरुवार को महिलाओं की गरिमा और आत्मसम्मान के लिए अभद्र भाषा के इस्तेमाल के खिलाफ एक प्रस्ताव



पारित किया। प्रस्ताव पेश करने वाले अरगडे ने कहा कि मुंबई से लगभग 300 किलोमीटर दूर स्थित गांव में तर्क-वितर्क के दौरान माताओं और बहनों को निशाना बनाकर अपशब्दों का इस्तेमाल आम है। हमने अपशब्दों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है और अभद्र शब्दों का इस्तेमाल करने वालों पर 500 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

अरगडे ने कहा कि यह फैसला समाज में महिलाओं की गरिमा और स्वाभिमान का सम्मान करने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि हम विधवाओं को सामाजिक और धार्मिक अनुष्ठानों तथा रीति-रिवाजों में शामिल करते हैं। इसी तरह हमारे गांव में (पति की मृत्यु के बाद) सिंदूर हटाना, मंगलसूत्र उतारना और चूड़ियां तोड़ना प्रतिबंधित है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार गांव में 1,800 लोग हैं।

# महिला पर गंदे कमेंट्स, पुलिस चौकी के सामने बाइक में लगा दी आग

## मेडिकल स्टोर पर दवा खरीदने पहुंची थी महिला, युवक ने कर दी टिप्पणी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



धूं-धूं कर जलती बाइक।

- **महिला के पक्ष में पहुंचे लोगों से आरोपी की हाथापाई, दोनों पक्षों में हुआ समझौता**

**अमृत विचार :** शहर में पाकड़ पुलिस चौकी के सामने एक महिला मेडिकल स्टोर से दवा ले रही थी। इसी बीच एक विशेष समुदाय का युवक मेडिकल स्टोर पर आया। उसका महिला से किसी बात पर विवाद हो गया तो वह महिला पर भद्दे कमेंट्स करने लगा। महिला पक्ष के लोग उसके साथ हाथापाई करने लगे। युवक बाइक छोड़कर भाग गया। इस दौरान महिला और अन्य लोगों ने उसकी बाइक में आग लगा दी। दमकल मौके पर पहुंची ओर आग पर काबू पाया। पुलिस मौके पर पहुंच गयी ओर जली बाइक को चौकी पर ले गई। जहां दोनों पक्षों में समझौता हो गया (चौक कोतवाली क्षेत्र में पुलिस चौकी पाकड़ के सामने एक मेडिकल स्टोर है। शुक्रवार को सुबह 11 बजे एक 30 वर्षीय महिला वहां दवा लेने पहुंची। दवा लेने के बाद वह मेडिकल स्टोर संचालक से बातचीत कर रही थी। इसी बीच बाइक से एक विशेष समुदाय का युवक मेडिकल स्टोर पर दवा लेने पहुंच गया। इस बीच युवक की महिला से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी। बताया जाता है कि आरोपी ने भद्दे कमेंट्स कर दिए थे। इस पर महिला नाराज हो गई। दोनों के बीच हाथापाई की नौबत आ गई। महिला के समर्थन में कुछ लोग पहुंच गए और युवक के साथ हाथापाई करने लगे तो आरोपी युवक बाइक छोड़कर भाग गया। जिसके बाद गुस्साई महिला और अन्य लोगों ने पाकड़ चौकी से कुछ दूरी पर खड़ी उसकी बाइक में आग लगा दी। जिससे अफरा-तफरी मच गई।

# संविदा बिजली कर्मियों ने हड़ताल की तो होंगे बर्खास्त



**लखनऊ, अमृत विचार :** पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के संविदा कर्मियों ने हड़ताल किया तो उन्हें बर्खास्त किया जाएगा। ऊर्जा निगमों के निजीकरण को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच संविदा कर्मियों को ये चेतावनी मिलना शुरू हो गई है। संविदा कर्मियों के नेता देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि चेतावनी के बाद उनकी प्रबंधन स्तर पर वार्ता हो चुकी है। प्रबंधन ने संविदा कर्मियों के साथ कोई अन्याय न होने का दावा किया है। इस संबंध में आठ दिसंबर को संगठन कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में जो निर्णय होगा, उसी आधार पर संविदाकर्मी अपने आंदोलन की रूपरेखा तय करेंगे।

# रिमझिम इस्पात और सहयोगी कंपनियों पर छापेमारी जारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **मोबाइल किए स्कैन, बड़ी मात्रा में नकदी बरामद होने की सूचना**

**अमृत विचार :** आयकर और महानिदेशालय जीएसटी इंटेलिजेंस की संयुक्त टीम की ओर से शहर में रिमझिम इस्पात लिमिटेड और उसके साथ कारोबार में जुड़ी इस्पात फर्मों पर छापेमारी शुक्रवार को भी जारी रही। 48 घंटों से अधिक से चल रही कार्रवाई के दौरान शुक्रवार को हूलागंज स्थित एक दुकान से बड़ी संख्या में नकदी बरामद होने की भी सूचना है। कंपनी के अधिकारियों व कर्मचारियों के मोबाइल फोन को भी स्कैन कर डाटा रिकवर किया गया। घरों, ऑफिस व गोदामों के सीसीटीवी भी खंगाले जा रहे हैं। टीम की ओर से पूरे प्रदेश के 40 स्थान जबकि शहर में 8 स्थानों में छापेमारी जारी है। माना जा रहा है कि इस दौरान करोड़ों रुपये की करअपवंचना के सबूत अधिकारियों को मिले हैं। गुरुवार को शुरू हुई छापेमारी में तिलक नगर, नवाबगंज व भूसाटोली में अधिकारियों की टीम ने कागजात सील किए।

घरों व कार्यालयों में मौजूद सभी सदस्यों के मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर भी पाबंदी लगा कर उसे जमा कर लिया। मोबाइल फोन में डिलीट हो चुके डाटा को भी रिकवर किया गया। छापेमारी में आयकर से जुड़े कई दस्तावेज को भी टीम की ओर से अपने कब्जे में लिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अधिकारियों को इस बात की सूचना मिली थी कि कंपनी ने बिक्री के मुकाबले उत्पाद को कम दिखाया है। इसके सबूत भी छापेमारी में तलाशे जा रहे हैं।

# दरोगा के बिगड़े बोल... पैर भी छूता हूं और उठाकर भी पटकता हूं, ऑडियो वायरल

संवाददाता, पसगवां

**अमृत विचार :** शुक्रवार को कोतवाली पसगवां में तैनात एक उपनिरीक्षक का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने इस मामले में दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया है। वायरल ऑडियो में ब्राह्मणों पर की गई टिप्पणी से विप्र समाज में आक्रोश है।

कोतवाली पसगवां में तैनात उपनिरीक्षक राघवेंद्र प्रताप सिंह का सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो पुलिस के लिए सिरदर्द बना रहा। ऑडियो में उप निरीक्षक ने एक महिला प्रधान को धमकाते हुए ब्राह्मणों पर अभद्र टिप्पणी की है। दरोगा ऑडियो में कह रहा है कि में ब्राह्मणों के पैर भी छूता हूं और पैर पकड़ कर पटकना भी पसंद करता हूं।

मै ठाकुर हूं और बेहद बदतमीज किस्म का हूं। महिला प्रधान के साथ वार्ता का यह ऑडिया सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पसगवां प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सोनकर ने बताया कि ऑडियो में बेहद अशोभनीय भाषा का उपयोग हुआ है। इसकी आख्या उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर की है। इसी आधार पर एसपी ने दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया है।

# सांड़ ने ग्रामीण पर किया हमला, मौत

**कासगंज, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित पशुशाला में बंधी गाय को बचाते समय ग्रामीण पर सांड़ ने हमला कर दिया। घायल ग्रामीण को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां हालत में सुधार न होने पर उसे अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। अलीगढ़ ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। ग्रामीण की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना सदर कोतवाली के गांव नगला तीधरी की है। गुरुवार रात 39 वर्षीय हरी सिंह पुत्र चिरंजीलाल के पशुशाला में सांड़ घुस गया। उसने गाय पर हमला कर दिया। गाय को बचाने के लिए हरी सिंह गए तो सांड़ ने उन पर हमला कर दिया।

# पत्नी ने प्रताड़ित किया तो रेलकर्मी ने छोड़ा घर, तीन वर्ष तक लापता रहा

संवाददाता, लखनऊ/आलमबाग

- **तीन साल बाद पति के अपहरण और हत्या की जताई आशंका पुलिस ने उसे ढूंढ़ निकाला**

**अमृत विचार :** रेलकर्मी पत्नी की प्रताड़ना से इस कदर परेशान हुआ कि नौकरी छोड़कर लापता हो गया। करीब 3 वर्ष बाद पत्नी ने अपहरण और हत्या की आशंका जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने जांच शुरू की और लापता अमित को बरामद कर लिया। पीड़ित ने पुलिस को पत्नी द्वारा प्रताड़ित करने की बात बताई।

इंस्पेक्टर कपिल गौतम ने बताया कि मूलरूप से बछरावां रायबरेली निवासी अमित कुमार (32) आलमबाग स्थित सीएनडब्लू कारखाना में तृतीय श्रेणी का कर्मचारी था। सितम्बर 2021 में अमित घर से कारखाना जाने के मूल निवास से निकला था, इसके बाद लापता हो गया। पत्नी स्वर्णिमा देवी ने कोर्ट के माध्यम से जनवरी 2024 थाना बछरावां में अपहरण कर अमित की हत्या की आशंका जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अमित का कार्यालय लखनऊ के आलमबाग में स्थित था, जिसके चलते बछरावां पुलिस ने जांच आलमबाग पुलिस को ट्रांसफर कर दी। आलमबाग पुलिस ने अमित की फोटो की मदद से जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को खबर मिली कि अमित निजी बस का हेल्परी कर रहा है। बस मालिक से संपर्क करने पर पता चला कि अमित नाम का युवक डेढ़ वर्ष से काम कर रहा है। पुलिस ने आशियाना के सेक्टर-जी से अमित को बरामद कर लिया। पूछताछ में अमित ने बताया कि वर्ष 2010 में उसकी शादी हुई थी, कोई संतान नहीं है। पत्नी प्रताड़ित करती। इससे परेशान होकर घर से भाग गया था। अब वह वापस घर नहीं जाएगा।

## सार-संक्षेप

### चर्चा में है कार्यवाहक डीजीपी के स्थायी होने का सवाल

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य मंत्रिमंडल से बीते दिनों उप्र. में स्थायी डीजीपी की नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव पारित होने के बावजूद फिलहाल न तो नियमावली सार्वजनिक हुई है और न ही कोई कमेटी ही गठित हुई है। ऐसे में कार्यवाहक डीजीपी प्रशांत कुमार राज्य के स्थायी डीजीपी बनेंगे या नहीं, इसको लेकर खासकर पुलिस महकमे में चर्चाएं तेज हैं। पारित प्रस्ताव के बिन्दु देखें तो इसके अनुसार अगर अगले दो दिन में इससे जुड़ी औपचारिकताएं पूरी नहीं होती हैं तो मौजूदा कार्यवाहक डीजीपी के स्थायी होने की राह मुश्किल हो सकती है।

दरअसल, स्थायी डीजीपी के लिए जिस प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाई गई है, उसमें कम से कम रिटायरमेंट को 6 महीने का कार्यकाल बाकी होना चाहिए। कार्यवाहक डीजीपी प्रशांत कुमार 31 मई 2025 को रिटायर हो रहे हैं। ऐसे में सवाल चर्चा में यह है कि अगर उनकी स्थायी डीजीपी पद पर नियुक्ति 30 नवंबर तक नहीं हुई तो क्या उनका स्थायी डीजीपी बनना मुश्किल हो सकता है? क्या इसके लिए शीघ्र कमेटी का गठन और उसकी बैठक नहीं हो जानी चाहिए?

### मां के सामने ही दामाद ने बेटे को मारी गोली, मौत

**सुल्तानपुर, अमृत विचार :** रिश्तेदार की शादी में शामिल होने व बेटी-दामाद के बीच चल रहे मनमुटाव को दूर करने के लिए बेटे के साथ बेटी के घर मां पहुंची तो विवाद बढ़ गया। बातों से उग्र होकर दामाद ने उसके बेटे को गोली मार दी और भाग निकला। घायल युवक को पुलिस अस्पताल लाई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की मां की तहरीर पर दामाद समेत पांच नामजद आरोपी बनाए गए हैं। सीओ सिटी प्रशांत सिंह ने बताया कि आरोपी बहनोई संतोष को शहर के पास स्थित एक पेट्रोल पंप से एसटीएफ और कोतवाली नगर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

### ज्वैलरी शॉप डकैती कांड के मामले में चार्जशीट दाखिल

**सुल्तानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र में 28 अगस्त को दिनदहाड़े हुई ज्वैलरी शॉप डकैती कांड में पुलिस ने सीजेएम कोर्ट में शुक्रवार को आरोप पत्र दाखिल कर दिया। सीजेएम ने सुनवाई के लिए अगली 7 दिसंबर की तारीख नियत की है। उक्त डकैती कांड चौक स्थित ठठेरी बाजार की प्रसिद्ध आभूषण दुकान भरत जी सोनी ज्वैलर्स पर हुई थी। घटना के दौरान पांच नकाबपोश बदमाश दुकान में घुसे और महज चार मिनट के भीतर असलहों के दम पर वहां से करोड़ों के आभूषण लूट कर फरार हो गए। इस दुस्साहसिक वारदात ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार किया और मामले में अब तक 10 आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है।

### प्रदेश में पहली बार 75 लोग लेंगे त्वचा दान की शपथ

**कानपुर, अमृत विचार :** युग दधीचि संस्था के मुताबिक प्रदेश में पहली बार पांच विशिष्ट महिलाओं समेत 75 लोग जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, कानपुर में त्वचा दान की शपथ लेंगे। सभी 75 लोगों को त्वचा दान करने की शपथ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना दिलाएंगे। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में स्किन बैंक स्थापित हो, इसके लिए युग दधीचि देहदान अभियान प्रमुख मनोज सेंगर व माधवी सेंगर प्रयासरत हैं। शनिवार को जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के एलटी वन में पहली बार 75 लोग त्वचा दान करने की शपथ लेंगे।

### बसपा प्रमुख 30 नवबर को करेंगी समीक्षा बैठक



**लखनऊ, अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती 30 नवंबर को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करेंगी। बैठक में प्रदेश व उत्तराखंड के प्रदेश पदाधिकारियों के अलावा के जिला अध्यक्ष भी शामिल होंगे। बैठक में पार्टी के मूवमेंट व पिछली बैठक में सौंपे गए कार्यों की समीक्षा होगी।

### गाजियाबाद की पुलिस उपाधीक्षक का पदावनति आदेश रद

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गाजियाबाद की पुलिस उपाधीक्षक के पदावनति (डिमोशन) आदेश को निरस्त करते हुए उत्तर प्रदेश प्रशासन व पुलिस के उच्च अधिकारियों को निर्देश दिया कि याची की तदर्थ आधार पर पुलिस उपाधीक्षक पद पर पदोन्नति होगी और यह पदोन्नति उसके खिलाफ चल रही आपराधिक कार्रवाई के निर्णय के अधीन रहेगी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अजीत कुमार की एकलपीठ ने गाजियाबाद की पुलिस उपाधीक्षक/डिप्टी एसपी लक्ष्मी सिंह चौहान की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया।

### बिजली अभियंताओं ने मनाया संकल्प दिवस

**लखनऊ, अमृत विचार :** बिजली अभियंताओं ने शुक्रवार को प्रदेश भर में संकल्प दिवस मनाया। लखनऊ मुख्यालय पर संकल्प दिवस का आयोजन हाइडिल फील्ड हॉस्टल में किया गया। इस दौरान अभियंताओं ने अभियंता समुदाय की प्रतिष्ठता व आत्म-सम्मान की रक्षा के लिए शपथ ली। कार्यक्रम में आल इंडिया पावर इंजीनियर फेडरेशन के अध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे, रणवीर सिंह, जितेंद्र सिंह गुर्जर, आलोक कुमार श्रीवास्तव और रवि कान्त यादव समेत काफी संख्या में सदस्य शामिल हुए।

# दिसंबर तक बन जाएगा मंदिरों का शिखर, तैयारियां तेज

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर के शिखर निर्माण का कार्य 40 प्रतिशत हो चुका है। जनवरी 2025 तक निर्माण पूरा करने का लक्ष्य है। इसके साथ ही मंदिर के परकोटा में निर्माणाधीन पंचायतन मंदिरों के शिखर का भी निर्माण किया जा रहा है, जिसे दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।



इसके बाद मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की प्रतिमा को स्थापित करने के दौरान इन मंदिरों में देवी-देवताओं को स्थापित कर दिया जाएगा। तैयारी शुरू दी गई है। 70 एकड़ परिसर में संपूर्ण निर्माण कार्य अगले एक वर्ष में पूरा कर लिया जायेगा। राम मंदिर में भूतल, प्रथम तल और द्वितीय तल के बाद शिखर का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ मंदिर की भव्यता और सुरक्षा को लेकर बन रहे 800 मीटर की परिधि में परकोटा का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें गणेश, शिव, हनुमान जी, सूर्य माता भगवती और अन्नपूर्णा देवी के मंदिर का भवन बनकर तैयार हो गया है। अब शिखर का निर्माण किया जा रहा है। जिसे दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके साथ ही इन मंदिरों में स्थापित होने वाले देवी देवताओं की मूर्तियों का निर्माण भी जयपुर में किया रहा है।

### अखंड ज्योति के लिए जोधपुर से आया 200 किलो घी

**अयोध्या, अमृत विचार :** राममंदिर में रामलला के गर्भगृह में जलने वाली अखंड़ ज्योति निरंतर जलती रहे इसके लिए राजस्थान के जोधपुर बंगाड़ा से 200 किलो घी शुक्रवार को ट्रस्ट को समर्पित किया गया है। घी से भरे ड्रम लेकर आए महर्षि सांदीपनि ने बताया कि राजस्थान के जोधपुर स्थित गोशाला में 350 गोवंशों के दूध से निकले घी, मंदिर के लिए और गुड़, मेवा, सोंठ से बने विशेष मिठाई भी रामलला को अर्पित करने के लिए राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को समर्पित किया है। इस दौरान उन्हें श्रीराम नाम लिखी पगड़ी को भी पहनाया। बताया कि बीते वर्ष जोधपुर के गोशाला से 600 किलो घी कलशों में भर कर आया था। इसके अलावा 200 किलो घी टंकी में भर कर लाया गया। आज 200 किलो घी लेकर आये हैं। यह घी रामलला के अखंड ज्योति के लिए है। उन्होंने कहा कि बीते वर्ष दिए गए घी से ही प्राण प्रतिष्ठा के बाद से गर्भगृह में अखंड ज्योति जल रही है।

### परकोटे की मूर्तियां दिसंबर में हो जाएंगी तैयार

मूर्तिकार सत्य नारायण पाण्डेय ने शुक्रवार को बताया कि परकोटा में लगने वाले मूर्तियों को दिसंबर तक पूरा कर लिया जायेगा। इसके साथ परिसर में बन रहे अन्य मंदिरों के लिए भी मूर्तियों को तैयार करने की जिम्मेदारी मिली है। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि मंदिर के शिखर निर्माण के साथ परकोटा के निर्माण का कार्य चल रहा है। परकोटा में बन रहे मंदिरों का कार्य पूरा कर लिया गया है। अब उसके शिखर का कार्य किया जा रहा है। यह दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।

## उत्तराखंड

### तराई को बसाने वाली हरभजन कौर का निधन



**बाजपुर, अमृत विचार :** तराई को आबाद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली माता हरभजन कौर 86 वर्ष की आयु में परलोक सिधार गईं। वह अपने पीछे पति, एक बेटे और एक बेटी, पुत्रवधु का भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। देश विभाजन के वाद पाकिस्तान के लायलपुर चक नंबर-72 (वर्तमान में फैसलाबाद) से उजड़कर आए प्रीतम सिंह व उनके स्वजन सन् 1960 में तराई के वियावान जंगल को आबाद करने बाजपुर के ग्राम हरलालपुर आए थे। लगभग दस वर्ष कड़ी मेहनत के बाद प्रीतम सिंह ने अपने पुत्र सुरेंद्र सिंह काहलो व उनकी पत्नी हरभजन कौर निवासी श्यामपुर गुरदासपुर पंजाब को भी यहां बुला लिया। हरभजन कौर ने अपने पति सुरेंद्र सिंह काहलो के साथ मिलकर जंगल को आबाद करने में अपनी भूमिका निभाई। हरभजन कौर के स्वजन के पास खेती के लिए सुविधाजनक उपकरण नहीं होते थे। बैलों व हल की मदद से खेती की जाती थी। सांप, जंगली जानवर खेतों में ऐसे ही घूमा करते थे। मलेरिया का प्रकोप होता था जिसमें दवा लेने भी ट्रेन अथवा साइकिल से काशीपुर जाया जाता था, लेकिन कठिन हालातों में भी उन्होंने परिवार का साथ दिया।

### तलवार दंपती ने निकाला उल्टा पैदल मार्च

**नैनीताल, अमृत विचार :** देश में जनसंख्या कानून बनाने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की मांग को लेकर पिछले 30 सालों से मेरठ के तलवार दंपती उल्टा पैदल मार्च निकाल रहे हैं। शुक्रवार को नैनीताल पहुंचे तलवार दंपती ने माल रोड, पंत पार्क समेत शहर के अन्य स्थानों पर जाकर उल्टा पैदल मार्च निकाला और जनसंख्या नियंत्रण का संदेश दिया। मेरठ के सरस्वती लोक निवासी दिनेश तलवार ने बताया कि वह वर्ष 1994 से जनसंख्या नियंत्रण को लेकर अभियान चला रहे हैं। 1992 में जब नरसिम्हा राव की सरकार थी, तब से वह इस पर कार्य कर रहे हैं। 1992 के बाद जितने भी प्रधानमंत्री रहे तलवार दंपती ने सभी से मिलने का समय मांगा, लेकिन अभी तक उनको निराशा ही हाथ लगी है। जनसंख्या नियंत्रण पर वह अब तक देश के 400 से अधिक शहरों में उल्टा पैदल मार्च कर लोगों को जागरूक कर चुके हैं। दिनेश और दिशा तलवार अपने पुत्र यश तलवार और पुत्री सिमरन को साथ लेकर अभियान चलाते हैं। दिनेश ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण पर अभियान चलाकर वह नैनीताल से दिल्ली जंतर-मंतर जाएंगे और वहां प्रधानमंत्री के नाम संदेश देने की कोशिश करेंगे।

### धोखाधड़ी में बैंक प्रबंधक समेत तीन पर मुकदमा दर्ज

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** योगेशा एंड यार्स लिकर फर्म के पार्टनर दुगालखोला निवासी करन दुर्गापाल ने बैंक मैनेजर समेत तीन लोगों के खिलाफ 5.75 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया हैं। मामले में पुलिस को तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग उठाई हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। करन दुर्गापाल कहना है कि फर्म की एक महिला पार्टनर ने उन्हें अल्मोड़ा अर्बन को ऑपरेटिव बैंक नैनीताल शाखा के प्रबंधक रोमित साह से मिलवाया। रोमित साह ने स्वयं के बैंक कर्मचारी होने के कारण अपनी पत्नी गुंजन साह को फर्म में जुड़वा लिया। रोमित साह ने बैंक प्रबंधक होने के नाते फर्म के नाम 5.75 करोड़ रुपये का ऋण दिलवा दिया। इसके बदले गुंजन साह को हर माह दो लाख रुपये एडवांस प्रॉफिट देने का अनुबंध हुआ। मामला खुलने पर बैंक प्रबंधक ने ऋण खाता दूसरे बैंक में स्थानांतरित करने का दबाव बनाया। इसके बदले ढाई लाख रुपये देने का दबाव बनाया। तीसरे आरोपी लोनिवि में कार्यरत अशोक सिंह भी जालसाजी में शामिल रहा। तीनों ने जाली दस्तावेज लगाकर फर्म में गारंटर बनवा दिए। विरोध किया तो रोमित साह ने तमंचा दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी।

# नैनीताल के होटल में मिला एक्सपायरी मसाला

संवाददाता, नैनीताल

- **एक अन्य रेस्टोरेंट के किचन में कीड़े घूमते पाये गये**

**अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा, ड्रग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को नगर के विभिन्न होटलों, रेस्टोरेंटों और मेडिकल स्टोरों में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक प्रतिष्ठित होटल व रेस्टोरेंट में एक्सपायरी मसाला मिला। जबकि एक अन्य रेस्टोरेंट के किचन में कीड़े घूमते पाये गये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने तीनों प्रतिष्ठान संचालकों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की संस्तुति की है।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देश पर खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने और एक्सपायरी दवाओं को बेचने पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग, ड्रग विभाग व राजस्व विभाग की टीम ने शहर में चेकिंग अभियान चलाया। संयुक्त निरीक्षण अभियान मल्लीताल बाजार क्षेत्र में चलाया गया।

इस दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से आठ व ड्रग विभाग की ओर से चार प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से मल्लीताल में एक प्रतिष्ठित होटल व एक रेस्टोरेंट में एक्सपायरी मसाले मिले। जबकि एक रेस्टोरेंट के किचन में कीड़े घूमते पाए गये। जिस पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने तीनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की संस्तुति की।

# चारधाम प्रवास स्थलों की यात्रा शुरू हो : धामी

**देहरादून, अमृत विचार :** राज्य में मौजूद चारधाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद हो चुके हैं। अब सरकार शीतकालीन चारधाम यात्रा को बढ़ावा देने पर जोर दे रही है। ताकि, श्रद्धालु यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के शीतकालीन प्रवास स्थलों के दर्शन कर सकें। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उच्च अधिकारियों के साथ बैठक कर शीतकालीन चारधाम यात्रा शुरू करने के साथ व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शीतकालीन चारधाम यात्रा के मद्देनजर बेहतर व्यवस्था की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। शीतकालीन प्रवास स्थलों पर आने वाले तीर्थ यात्री और पर्यटक अगर गढ़वाल मंडल विकास निगम के गेस्ट हाउस में रुकते हैं, तो उन्हें किराए में 10 प्रतिशत की छूट दी जाए।

# संस्कृत के संरक्षण व प्रचार-प्रसार की जरूरत

ब्यूरो, हरिद्वार





उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में उपस्थित राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि)। ● अमृत विचार

- **उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार के दीक्षांत समारोह में बोले राज्यपाल गुरमीत सिंह**

**अमृत विचार :** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने कहा कि संस्कृत एक चमत्कारिक भाषा है जिसके मंत्रों के उच्चारण मात्र से विभिन्न कार्य संपन्न हो जाते हैं। उन्होंने संस्कृत के संरक्षण, संवर्द्धन और प्रचार-प्रसार के लिए कार्य करने पर जोर दिया।

राज्यपाल शुक्रवार को उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार में दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान राज्यपाल ने स्वामी गोविंद देव गिरी, डॉ. चिन्मय पंड्या एवं आचार्य श्रीनिवास बरखेड़ी को विद्या वाचस्पति (डी लिट) की उपाधि प्रदान की। छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक, पीएचडी उपाधि सहित स्नातक एवं परास्नातक उपाधि देकर सम्मानित किया। राज्यपाल ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के नव निर्माण में युवाओं की बड़ी भूमिका होती है। हमारे देश में युवाओं की संख्या 65 प्रतिशत है। युवाओं को तो केवल समुचित मार्गदर्शन और प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है, वे दुनिया को बदल सकते हैं।

उन्होंने कहा कि संस्कृत से बड़ा दूसरा कोई साधन नहीं है जो संपूर्ण शिक्षा प्रदान कर सकता हो। हमें संस्कृत भाषा की क्षमता को पहचानना है, इस पर शोध करने की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि संस्कृत विश्व की प्राचीनतम भाषाओं में से एक है। जब दुनिया के अन्य हिस्सों में लोग सामान्य जीवन जी रहे थे तब हमारे देश में ऋषि मुनि दिव्य दृष्टि एवं अलौकिक दिव्य शक्तियों एवं साधना के द्वारा मानवता के कल्याण के लिए प्रयासरत थे।

# 78 किलो प्रतिबंधित मांस पकड़ा, तीन आरोपी फरार

संवाददाता, किच्छा

- **पुलिस की संयुक्त टीम ने किच्छा कोतवाली अंतर्गत ग्राम दरऊ में की कार्रवाई**

**अमृत विचार:** कोतवाली अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में गौकशी किए जाने की सूचना पर गौ संरक्षण स्क्वायड टीम एवं कोतवाली पुलिस की ने छापा मार कार्रवाई की और करीब 78 किलो प्रतिबंधित गौमांस बरामद कर लिया।

पुलिस ने मौके से प्रतिबंधित पशु का मांस, मांस काटने के उपकरण, तराजू- बाट बरामद कर कब्जे में ले लिए। इस दौरान गौकशी के तीनों आरोपी पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

गौ संरक्षण स्क्वायड परिक्षेत्र कार्यालय किच्छा टीम के उप निरीक्षक प्रवीण सिंह के अगुवाई में एक टीम सिरौली कला से होते हुए दरऊ चौक पर पहुंची। पुलिस को सूचना मिली कि कोतवाली अंतर्गत ग्राम दरऊ में राजकीय इंटर कॉलेज के पीछे स्थित गन्ने के खेत में कुछ लोगों ने गौवंशीय पशु की हत्या कर गौकशी की जा रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों को पकड़ने के लिए घेराबंदी शुरू कर दी। इसी बीच तीन आरोपी अपने कंधों पर कट्टे में सामान भरकर आते दिखाई दिए। आरोपियों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया लेकिन तीन लोग अपना सामान फेंक कर मौके से भाग गए। पुलिसकर्मी दीवान नाथ और राजकुमार ने मौके से भाग रहे आरोपियों की पहचान ग्राम दरऊ, थाना किच्छा निवासी ताहिर, अलीम और आमिर खान उर्फ भोला के रूप में की। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपी पूर्व में भी गौकशी के आरोप में जेल जा चुके हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से बरामद तीन कट्टों में रखा करीब 78 किलो प्रतिबंधित गौमांस, मांस काटने के तीन चाकू, तराजू-बाट और पैकिंग करने वाली काली पन्नी को बरामद कर कब्जे में ले लिया। पुलिस की सूचना पर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मृगेश चौधरी मौके पर पहुंच गए और बरामद मांस को जांच के उपरांत गौवंशीय पशु का मांस बताया। उन्होंने बरामद कट्टों से मांस का सैंपल लेकर जांच के लिए लैब में भेज दिया।

# नाबालिग को भगाकर ले जाने वाले को 5 साल की सजा सुनाई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- **पीड़िता के घर के पास ही एक होटल में काम करता था आरोपी**

**अमृत विचार :** नाबालिग को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए युवक को दोष सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो सुधीर तोमर की अदालत ने पांच साल की सजा सुनाई है। इसके अलावा पांच हजार का जुर्माना भी लगाया है।

बनभूलपुरा थाना क्षेत्र निवासी एक युवक ने मार्च 2020 में पुलिस में अपनी 14 वर्षीय बहन की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़ित का कहना था कि मूलरूप से वार्ड 9 किच्छा ऊधमसिंहनगर का रहने वाला फईम कुरैशी कुछ समय से उसके घर के पास एक होटल में काम कर रहा था। उसे पूरा शक है कि फईम ही उसकी बहन को बहला-फुसलाकर ले गया। बहन के गायब होने के बाद से वह भी लापता है। नाबालिग का मामला होने के कारण पुलिस ने अपहरण और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर तलाश शुरू की। जिसके बाद बनबसा में नेपाल सीमा से आरोपी को पकड़ लड़की बरामद कर ली गई।

### शाहजहांपुर में प्राचीन पुरातात्विक महत्व की वस्तुओं का निकलना जारी

# सिंधौली के गांव गोरारायपुर में निकली प्राचीन गढ़ी की नींव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



खुदाई में निकली नींव।

**अमृत विचार :** सिंधौली क्षेत्र के गांव गोरारायपुर में खुदाई के दौरान ईंटों की नींव मिलने से तरह-तरह की चर्चाएं क्षेत्र में हो रही हैं। माना जा रहा है कि यह नीव किसी प्राचीन सभ्यता का अवशेष हो सकती है। जिले में प्राचीन पुरातात्विक महत्व की वस्तुओं का निकलना लगातार जारी है।

अभी हाल ही में निगोही में महाभारत कालीन अस्त्र शस्त्र,क्रांतिकारियों द्वारा उपयोग में लाई जाने वाली मैच लॉक रायफल निकली थीं वहीं कुछ दिन पूर्व जलालाबाद से एक गुप्तकालीन मंदिर ही जमीन से बाहर आ गया था। ताजा मामले में ग्राम प्रधान के बेटे संजय दीक्षित जब मनरेगा के तहत किसी निर्माण को लेकर खुदाई कार्य करा रहे थे उसी दौरान लगभग 20 फुट लंबी नीब सामने आई। यह पूर्ण रूप से ईंटों की बनी हुई है।

इसकी जानकारी मिलने पर एसएस कॉलेज के इतिहास विभागाध्यक्ष विकास खुराना ने बताया कि यह नीव गढ़ी का हिस्सा हो सकती है। चूंकि बस्ती का प्राचीन इतिहास रहा है। इसलिए यहां और भी अवशेष मिलने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। डॉ. खुराना ने कहा कि अगर और व्यापक खुदाई का कार्य कराया जाए तो जनपद के लिए अन्य प्राचीन अवशेष सामने आ सकते हैं, जो पुरातात्विक विभाग के लिए अचंभित करने वाले होंगे। इस टीले की ओर सबसे पहला ध्यान संयुक्त प्रांत के पहले पुरातात्विक महानिदेशक एए फ्यूहरर ने आकर्षित किया था। उन्होंने इसके उत्खनन के लिए वर्ष 1892 में पहल भी की थी किंतु योजना को मूर्त रूप नहीं मिल सका। शाहजहांपुर का ब्रिटिश कालीन गजेटियर इसे चीन-भारत यात्रा मार्ग का महत्वपूर्ण पड़ाव बताता है। यहां तक कि मशहूर चीनी यात्री फ़हियाँन ने अपने यात्रा वृतांत में यहां स्थित एक बड़े बुद्ध बिहार का उल्लेख किया है जहां यात्री विश्राम कर आगे बढ़ते थे। यहां गूजर,पासी,अहीर जातियों की अधिकता थी।

बारहवीं सदी में यह स्थान विख्यात कठेरिया राजपूत पीठ के रूप में स्थापित हो गया था। इस समय तक जनपद के उत्तरी सेहरामऊ स्थित ज्ञात प्राचीनतम नगर इसका टप्पा भर था। जब अकबर ने अपने तेरहवें वर्ष में इस क्षेत्र में पहला जिला कांट ओ' गोला सरकार बनाया तब यह स्थान उसका मुख्यालय बना। रुहेला काल में जब जिले के अंतरिक प्रबन्धन के कार्य हुए तब गोरा महाल को तोड़ दिया गया और इसके दस घटक बने । इनमें इस्लामाबाद जीवन या मुर्तजाबाद,औरंगाबाद,हवेली का कुछ हिस्सा मिलकर पुवायां परगना,हवेली पिलखुआ को मिलाकर बड़ा गांव परगना बनाया गया। इस गढ़ी के पास ब्रिटिश काल में खन्नौत नदी का गोरा नौका घाट जिले के सुरम्य प्राकृतिक घाटों में एक था। वस्तुतः गोरा रायपुर जिले के प्राचीनतम इतिहास से लेकर वर्तमान समय तक का साक्षी है।अगर इसकी एक बार विधिवत खुदाई हो जाए तो जनपद के प्राचीन गौरवशाली इतिहास की पुनर्स्थापना हो सकती है।

### क्षेत्र प्राचीन गढ़ी के रूप में अस्तित्व में था: विकास खुराना



एसएस कॉलेज के इतिहास विभागाध्यक्ष विकास खुराना ने बताया कि यह क्षेत्र प्राचीन गढ़ी के रूप में अस्तित्व में था। बताया कि पुरातात्विक महानिदेशक ने क्षेत्र के उत्खनन के लिए प्रयास किए थे, लेकिन इस पर काम नहीं हो सका था। खुदाई के दौरान मिली नीव किसी प्राचीन बस्ती का संकेत दे रही है। ईसा पूर्व छठी सदी में यह प्राचीन अहिच्छत्र जानपद के अंतर्गत स्थित गढ़ी थी। यहां अभी तक अहिच्छत्र और कुषाण कालीन सिक्के बहुतायत में मिलते रहें हैं।

# वाराणसी का यूपी कॉलेज फिर चर्चा में, मुद्दा गरमाया

### 6 साल पहले यूपी सुन्नी वक्फ बोर्ड ने ठोका था दावा

वाराणसी, एजेंसी

- शुक्रवार को लगभग 500 नमाजी कालेज परिसर में पहुंच गए



वक्फ की संपत्तियों को लेकर अक्सर विवाद होता रहा है। केंद्र सरकार भी संसद के वर्तमान सत्र में वक्फ संशोधन बिल लेकर आने वाली है. इसके पक्ष-विपक्ष में पूरे देश में माहौल गरम हैं. ऐसे में वाराणसी में भोजूबीर स्थित उदय प्रताप कॉलेज (यूपी कॉलेज) को लेकर मुद्दा गरमाया हुआ है। यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ की तरफ से उदय प्रताप कॉलेज की जमीन को वक्फ की संपत्ति होने का दावा किया गया है। इस लेकर एक नोटिस 2018 में दिया गया था। अब 6 साल बाद एक बार फिर यह मुद्दा चर्चा में है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री द्वारा चार दिन पहले कालेज के स्थापना दिवस समारोह में कहा गया था कि भूमि उपलब्ध होने पर यहां युनिवर्सिटी बनाई जाएगी। इस बयान के बाद मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया। कालेज परिसर में नवाब टोंक की मस्जिद और एक मजार भी है। मजार को कचनार शाह की मजार के नाम से जाना जाता है। मस्जिद में काफी समय से मुस्लिम समाज के लोग नमाज अदा करने के लिए आते हैं।

शुक्रवार को अचानक जुमे की नमाज पढ़ने के लिए कॉलेज परिसर स्थित मस्जिद में लगभग 500 नमाजी पहुंच गए जबकि पूर्व में वहां दो-चार लोग ही आते थे। जानकारी होने के बाद कॉलेज परिसर में फोर्स तैनात कर दी गई। हालांकि माहौल पूरी तरह शांत रहा। 2018 में 115 वर्ष पुराने संस्थान पर यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ के सहायक सचिव आले अतीक ने वक्फ एक्ट 1995 के तहत 2018 में कालेज प्रबंधक को नोटिस भेजा गया था। प्रबंध कमेटी की ओर से इसका जवाब भी दे दिया गया था. यूपी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ डीके सिंह डॉ डीके सिंह ने बताया कि सुन्नी वक्फ बोर्ड की तरफ से सैकड़ों एकड़ में फैले यूपी कॉलेज कैंपस पर दावा ठोका गया था. जिसका जवाब देकर बताया गया था कि इस कॉलेज की स्थापना इंडोनमेंट ट्रस्ट के द्वारा की गई है। ट्रस्ट की जमीन न तो खरीदी जा सकती है और न ही बेची जा सकती है। उन्होंने बताया कि इस जवाब के बाद बोर्ड की तरफ से कोई जवाब नहीं मिला।

### कैंपस में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई

यूपी कॉलेज को वक्फ बोर्ड के नोटिस के मामले में छात्रों के गुस्से के बाद कैंपस में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। कैंपस में पीएसी और पुलिस की तैनाती कर दी गई है और संदिग्धों पर निगाह रखी जा रही है। यूपी कालेज परिसर छावनी में तब्दील हो गया है। शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। इसको लेकर उदय प्रताप कॉलेज में छात्रों और कॉलेज प्रशासन के साथ बैठक हुई। बैठक में कहा गया कि नोटिस 2018 का है और कॉलेज प्रशासन ने साक्ष्यों के साथ जवाब दिया है। अब फिर मामला गरमाने पर प्रशासन सतर्क हो गया है।

## आईपीएस हिमांशु कुमार बने डीआईजी

**लखनऊ, अमृत विचार :** विभागीय जांच में बेदाग होते ही प्रदेश सरकार ने उप्र. कैडर के वर्ष 2010 बैच के आईपीएस हिमांशु कुमार को डीआईजी के पद पर प्रोन्नत कर दिया है। इसके पहले प्रोन्नत समिति की बैठक में विभागीय जांच की वजह से लिफाफा बंद रखा गया था। आईपीएस हिमांशु कुमार के खिलाफ चल रही विभागीय जांच 19 नवंबर को समाप्त कर दी गई थी, उनपर लगे आरोप सही नहीं पाए गए। इसके बाद गृह विभाग ने उन्हें डीआईजी के पद पर पदोन्नत करने का आदेश जारी किया है। उन्हें पहले का रोका गया 1 जनवरी 2023 से सेलेक्शन ग्रेड लेवल 13 समेत 1 जनवरी 2024 डीआईजी पद पर प्रोन्नति और वेतनमान पे मैट्रिक्स लेवल 13-ए देने का आदेश हुआ है। फिलहाल हिमांशु कुमार मणिपुर हिंसा की जांच के लिए भेजी गई सीबीआई की विशेष टीम के सदस्य हैं।

करीब पांच वर्ष पहले नोएडा के तत्कालीन एसएसपी वैभव कृष्ण ने हिमांशु कुमार पर ट्रांसफर-पोस्टिंग में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। बता दें कि इस मामले में विजिलेंस ने मुकदमा भी दर्ज किया था। इसमें बीते वर्ष अप्रैल माह में हिमांशु को क्लीन चिट मिल गई थी।

# विपक्ष भयभीत ,अगली बार इससे भी बड़ी होगी जीत

### टीम भावना व एकजुटता से भाजपा कार्यकर्ताओं ने असंभव को संभव बनाया: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उप चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत से विपक्षी दल भयभीत हो गए हैं। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में इससे भी बड़ी जीत हासिल करेंगे। योगी ने कार्यकर्ताओं, मंत्रियों और पदाधिकारियों को उप चुनाव के दौरान मिले दायित्वों को लेकर की गई कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहा। कहा कि टीम भावना और एकजुटता के साथ कार्य करने से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को भाजपा के राज्य मुख्यालय में उप चुनाव में विजयी नवनिर्वाचित विधायकों के भव्य अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते बन रहा था। योगी ने चुनाव से पहले ही बनाई गई जीत की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा, मार्गदर्शन और नेतृत्व में एनडीए ने हरियाणा में हैट्रिक लगाई, महाराष्ट्र में भारी बहुमत हासिल किया और उप्र. उप चुनाव में 9 में से 7 सीटों पर विजय प्राप्त की। कहा कि जहां लोग जीत की संभावना पर सवाल उठाते थे, वहां भाजपा ने न केवल जीत हासिल की बल्कि अपनी स्थिति और मजबूत की। कुंदरकी में 1.45 लाख वोटों से रिकॉर्ड तोड़ जीत इसका उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए यह जीत विपक्ष के मन में भय उत्पन्न करेगी। हमें जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना होगा और सघन जनसंपर्क के माध्यम से सरकार की योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाना होगा। इससे 2027 में हमारी सफलता और बड़ी होगी। मुख्यमंत्री ने खैर विधानसभा से विजयी सुरेंद्र दिलेर के पिता पूर्व सांसद और पूर्व विधायक राजवीर सिंह दिलेर का विशेष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि पार्टी हमेशा अपने कार्यकर्ताओं के परिवार के साथ खड़ी रहती है।

इस अवसर पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री द्वय केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, सुरेश खन्ना, संजय निषाद, अनिल कुमार समेत जेपीएस राठौर, गुलाब देवी, दयाशंकर सिंह, कपिल देव अग्रवाल, संदीप सिंह, ब्रजेश सिंह, संतोष सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, ब्रजबहादुर, गोविन्द नारायण शुक्ला, संजय राय, सुभाष यदुवंश, शंकर गिरि, शिवभूषण सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान ने किया।



शुक्रवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

### नकारात्मक एजेंडे पर काम कर रहा विपक्ष : भूपेंद्र

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि विपक्ष अपनी पराजय सुनिश्चित मानकर नकारात्मक एजेंडे पर काम कर रहा है। हमें विपक्ष की झूठ और नकारात्मक राजनीति का मुंहतोड़ जवाब देना है, उनका पर्दाफाश करना है।

### उप चुनाव में विजयी 7 प्रत्याशियों की दिलाई शपथ

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानभवन के तिलक हाल में शुक्रवार को उप चुनाव में विजयी घोषित मीरापुर से मिथिलेश पाल (रालोद), कुंदरकी से भाजपा विधायक रामवीर सिंह, फूलपुर से दीपक पटेल, खैर से सुरेंद्र दिलेर, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, कटेहरी से धर्मराज निषाद और मझवां से सुचिष्मिता मौर्य को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए इसे प्रदेश के विकास और जनता की आस्था की जीत बताया।

## रोहिंग्या, बांग्लादेशी को घुसपैठ कराने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** देश में घुसपैठ और मानव तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय सदस्य को एटीएस ने वाराणसी रेलवे स्टेशन से गुरुवार देर शाम को दबोच लिया। बांग्लादेश और रोहिंग्या को भारत में गैरकानूनी तरीके से प्रवेश कराने, उनके पहचान पत्र बनवाने का काम एक सिंडिकेट द्वारा किया जा रहा है। इस सिंडिकेट के 11 सदस्य पहले से ही गिरफ्तार किए गए है। पकड़े गये आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है।

एटीएस के अधिकारी के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी मो. अब्दुल्ला उर्फ अबू सालेह मंडल उर्फ अब्दुल्ला गाजी है। वह म्यांमार के अकयाब मांगडू स्थित दामनखाली का रहने वाला है। पूछताछ में उसने कुबूल किया कि उसने कई नाम से अपना भारतीय पहचान पत्र बनवाया है।

# एससी-एसटी एक्ट की कार्यवाही को दी जा सकती है चुनौती: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज एक मामले पर महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए कहा कि उपरोक्त अधिनियम के तहत दर्ज मामले की पूरी कार्यवाही पर न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कोर्ट सीआरपीसी की धारा 482 के अनुसार अपने अधिकार क्षेत्र के तहत विचार कर सकती है। ऐसे मामलों में हस्तक्षेप के संबंध में कोई कठोर नियम नहीं है।

कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के गुलाम मुस्तफा मामले का हवाला देते हुए कहा कि सीआरपीसी की धारा 482 के तहत जब कोर्ट संपूर्ण कार्यवाही का संज्ञान लेती है तो वह समन आदेश आदि की सत्यता और वैधता की जांच भी कर सकती है, लेकिन जब संपूर्ण कार्यवाही धारा 482 के तहत चुनौती के अधीन नहीं होती तो अभियुक्त के लिए एकमात्र रास्ता एससी/एसटी अधिनियम की धारा 14 ए के तहत अपील दाखिल करना होता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की खंडपीठ ने अभिषेक अवस्थी उर्फ भोलू अवस्थी सहित दर्जनों याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

कोर्ट के समक्ष मुद्दा था कि क्या कोई व्यक्ति किसी भी अंतरिम आदेश का विरोध किए बिना एससी/एसटी अधिनियम के तहत पूरी कार्यवाही को सीआरपीसी की धारा 482 के तहत हाईकोर्ट में चुनौती दे सकता है, जिस पर कोर्ट ने तथ्यों की व्याख्या करते हुए स्पष्ट किया कि कोर्ट सीआरपीसी की धारा 482 के तहत संपूर्ण कार्यवाही पर संज्ञान लेते समय समन आदेश की वैधता को भी परखती है। कोर्ट ने याचिका को विचार कर यथोचित आदेश पारित करने को संबंधित पीठ के समक्ष भेज दिया।

## तुलसियानी कंस्ट्रक्शन की डेढ़ करोड़ की संपत्ति कुर्क

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्रा. लि. के निदेशक अनिल कुमार तुलसियानी की डेढ़ करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर दी। ईडी ने यह कार्रवाई शुक्रवार सुबह की। कंपनी के निदेशकों ने निवेशकों के कई सौ करोड़ रुपये हड़पे हैं। वहीं, बैंक से करोड़ों रुपये का लोन करा लिया था। जिसे वापस नहीं किया है। कुर्क की संपत्ति में फ्लैट है।

ईडी के मुताबिक, मेसर्स तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों अनिल कुमार तुलसियानी और महेश कुमार तुलसियानी के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी से संबंधित धाराओं के तहत लखनऊ के हजरतगंज में एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

# 2 ऊर्जा निगमों के निजीकरण प्रक्रिया पर उठ रहे सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. पावर कॉरपोरेशन की दो सहायक कंपनियों पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों को खत्म कर पांच नई कंपनियां बनाने के प्रस्ताव पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वजह यह है कि पूर्व में आगरा शहर की बिजली आपूर्ति व्यवस्था निजी कंपनी टोरेंट को दिये जाने का प्रयोग फेल हो चुका है। ऐसे में पूर्व की तरह इस बार भी निजी घरानों को लाभ पहुंचाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, प्रबंधन की ओर से दावा किया जा रहा है कि नई कंपनियां बनने से विभाग व उपभोक्ताओं को फायदा होगा।

कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, 1 अप्रैल 2010 में तत्कालीन सरकार ने आगरा की बिजली आपूर्ति टोरेंट कंपनी के हवाले कर दी थी। इस दौरान विभाग ने पुराना बकाया वसूल करने पर निजी कंपनी को 10 प्रतिशत 'इन्सेंटिव' देने की व्यवस्था की थी, इसके बाद भी बकाया रकम वसूल नहीं हो सकी। वर्तमान में पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का कुल घाटा एक लाख 10 हजार करोड़ बताया जा रहा है।

### बिजली कर्मियों ने जताया विरोध

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र के आह्वान पर राजधानी समेत पूरे प्रदेश में जिला व परियोजना मुख्यालयों पर सभाएं हुईं। बिजली कर्मियों ने निजीकरण प्रक्रिया का विरोध किया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि निजीकरण की कोई भी एकतरफा कार्रवाई की गई तो बिजली कर्मचारी लोकतांत्रिक ढंग से संघर्ष करने के लिए विवश होंगे।

## वर्ग पहेली-267

**बाएं से दाएं**

1. वध, मारण।
4. 1. सब्ज़ी एवं फल आदि बोने तथा बेचने का व्यवसाय करने वाली एक जाति 2. सब्ज़ी एवं फल आदि बेचने वाला व्यापारी या दुकानदार।
5. खिलवाड़ में ही जिसका मन अधिक लगता हो।
7. बड़ी खुरपी।
8. 1. धरती पर पड़ा

**ऊपर से नीचे**

1. 1. निर्जल 2. जो बिना जल ग्रहण किए रहता या रह सकता हो।
2. मूर्ख, बेवकूफ़।
3. 1. डफ़ली के आकार का चमड़ा मढ़ा हुआ छोटा वाद्य जो लोक शैली के गायन में प्रयोग होता है 2. खंजरी, खंजरी।
4. अविवाहित, अपरिणीता, कुमारी लड़की, कुंआरी।
5. खिलवाड़ करने वाला, खिलवाड़ी मानसिकता का, खिलाड़ी।
6. वह छोटा-सा पलंग जो रस्सी या निवाड़ से बुना जाता है और जिसमें चार पाए होते हैं, खटिया, खाट।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | 2 |
| | | | | 3 | | |
| | | | 4 | | | |
| | 5 | | | | | 6 |
| | | | | | | |
| | | | | 7 | | |
| 8 | | | | | | |

### वर्ग पहेली -266 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वि | | | 2 सें | | | 3 फ़ |
| त | | | 4 स | ह | चा | री |
| ति | | | र | | | ज़ा |
| | 5 नि | वे | शि | त | | |
| | रो | | प | | | 6 चिं |
| | ध | | | | 7 बं | ग |
| 8 ध | न | पि | शा | ची | | ड़ा |

## सुडोकू -180

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | | | | |
| | 1 | | | | | | 5 | |
| | | | 4 | | | | | |
| | | | | | | 9 | | |
| | | | 1 | | | 3 | | |
| | | 4 | | | | | | |
| 7 | | | | | 9 | | | |
| | 5 | | | | | | 1 | |
| 8 | | | | | | | | 2 |

### सुडोकू - 179 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 8 | 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 9 | 7 | 8 | 2 | 1 |
| 4 | 8 | 5 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 |
| 7 | 3 | 1 | 2 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 1 | 4 | 9 | 3 | 8 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 5 | 2 | 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 6 | 3 | 5 | 7 | 2 | 1 | 4 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 नवंबर, शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-मार्गशीर्ष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 10 .29 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व। **ऋतु**-हेमंत। चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-विशाखा 12 .35 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** — आज आपको काफी व्यस्त रहना पड़ेगा। अनावश्यक मुद्दों पर अपना समय बर्बाद न करें। माइग्रेन के रोगियों को यात्रा से बचना चाहिए। बड़ा काम करने की इच्छा होगी। व्यापार में सहयोगियों के साथ अनबन हो सकती है।

**वृष** — आज आपको घर पर भी कार्यक्षेत्र का काम करना पड़ेगा। जॉब में आपको उच्च पद मिल सकता है। दोपहर तक सारे महत्वपूर्ण कार्य कर लें। प्रभावशाली लोगों से मैत्रीपूर्ण संबंध बनेंगे। व्यापार की परेशानियां दूर होंगी।

**मिथुन** — आज दिन की शुरुआत थोड़ी उदासीन रहेगी। आलस्य के कारण आपके काम में रुकावटें आ सकती हैं। व्यापार में उधारी न करें। आप जो काम नहीं करना चाहते हैं वो ही आपको करना पड़ेगा। जल्दबाजी वाले स्वभाव से आपको बचना चाहिए।

**कर्क** — आज आप अपने मित्रों के बीच खासे लोकप्रिय रहेंगे। सभी काम योजनाबद्ध तरीके से करेंगे, जिससे आपको बहुत लाभ होगा। विपरीत परिस्थितियों के बीच आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

**सिंह** — आज नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। अपने स्वभाव को लेकर आत्मचिन्तन अवश्य करें। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का माहौल रहेगा। सभी काम मन लगाकर करें। धीरे-धीरे आप कारोबार में बड़ा लाभ कमा लेंगे। दांपत्य जीवन में खुशियां बढ़ेंगी।

**कन्या** — आज भावनाओं में आकर निर्णय न लें। भूमि और संपत्ति को लेकर बड़ी डील होने की संभावना है। आय के साधनों में वृद्धि होगी। सुबह सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत रहेंगे। भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**तुला** — आज आप कार्यक्षेत्र में काफी लोकप्रिय रहेंगे। मेहनत के कारण शाम को थकान और बदन दर्द का अनुभव कर सकते हैं। आप दूसरों को अनावश्यक ज्ञान देने से बचें। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृश्चिक** — आज प्रेमी जन के साथ डेट पर जाने का विचार बनाएंगे। आप दूसरों की भावनाओं का काफी ध्यान रखते हैं। इसीलिए लोगों के चहेते बने रहेंगे। पर्यटन की योजना से घूमने जा सकते हैं। अनजान लोगों पर ज्यादा भरोसा न करें।

**धनु** — आज कारोबार के लिए दिन बहुत अच्छा नहीं है। घर की साफ-सफाई और व्यवस्था पर ध्यान देंगे। शत्रुओं की योजना सफल हो सकती है। अति उत्साह में बजट का ध्यान रखें। आपको अपनी बात मनवाने के लिए जोर देना पड़ेगा।

**मकर** — आज शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। यदि आपको कोई सलाह देता है तो उस पर प्रतिक्रिया देने से पहले विचार करना चाहिए। व्यावसायिक रणनीति बनाने के लिए दिन शानदार है। मनोवान्छित कार्य पूरे होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आज शाम को किसी पार्टी या आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। प्राइवेट जॉब कर रहे लोग छुट्टी ले सकते हैं। कार्यों में नवीनता आने से उत्साहित रहेंगे। नए काम को लेकर जल्दबाजी न करें। पुरानी गलतियों से सीखने का अवसर मिलेगा।

**मीन** — आज आपको दुविधापूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। मन में किसी तरह का पूर्वाग्रह न पालें। इससे आप अपने हितों के चुनाव में गलतियां कर सकते हैं। यात्रा से लाभ होगा। अनावश्यक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- मि. इंडिया — दोपहर : 12 .11
- रास्कल्स — रात : 07 .16

&pictures
- टॉइलेट-एक प्रेम कथा — सुबह : 10 .52
- विवाह — रात : 07 .30

Sony Pix
- बैटमैन बिगिन्स — सुबह : 11 .01
- द 355 — रात : 09 .00

Zee Cinema
- किसी का भाई किसी की जान — सुबह : 10 .49
- औरों में कहां दम था — रात : 08 .00

Zee Action
- बदला नाग का — सुबह : 11 .23
- मोहरा — रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह : 10 .49 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

डॉक्टर – आपके पैर खराब हो गए हैं।
लड़की – क्या ये सही नहीं होंगे?
डॉक्टर – नहीं इनको काटना पड़ेगा।
लड़की – ओह! नो अब मैं अब मैं क्या करुंगी?
डॉक्टर– धीरज रखिए।
लड़की – अरे मुझे उसकी टेंशन नहीं है। मैंने कल ही नया सैंडल खरीदा है और उस दुकान पर लिखा था– "बिका माल वापस नहीं होगा"।

अध्यापक– रोहन, अगर तुम्हारे पास पंद्रह सेब हों,जिनमें से छह तुम निर्मला को दे दो,चार सुनिता को दे दो और पांच डौली को दे दो तो तुम्हें क्या मिलेगा?
रोहन– सर ! मुझे तीन नई गर्लफ्रेंड मिलेगी।

# आवास मूल्य सूचकांक 4.3% बढ़ा : आरबीआई

## एचपीआई में अप्रैल-जून तिमाही में 3.3 और पिछले साल 3.5 प्रतिशत की हुई थी वृद्धि

**मुंबई, एजेंसी**



- 10 प्रमुख शहरों से प्राप्त जानकारी के आधार पर केंद्रीय बैंक ने जारी किया आंकड़ा
- बेंगलुरु में सर्वाधिक 8.8 तो कानपुर में दर्ज की गई 2 प्रतिशत की गिरावट

अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) में चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में सालाना आधार पर 4.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार एचपीआई में अप्रैल-जून तिमाही में 3.3 प्रतिशत और पिछले साल इसी तिमाही में 3.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

आरबीआई ने शुक्रवार को 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए अपना आवास मूल्य सूचकांक जारी किया। यह 10 प्रमुख शहरों में पंजीकरण अधिकारियों से प्राप्त लेनदेन-स्तर के आंकड़ों पर आधारित है। ये शहर अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई हैं। आरबीआई ने कहा कि वार्षिक एचपीआई वृद्धि विभिन्न शहरों में व्यापक रूप से भिन्न रही। बेंगलुरु में यह सर्वाधिक 8.8% रही। जबकि कानपुर में दो प्रतिशत की गिरावट तक देखी गई। तिमाही आधार पर, अखिल भारतीय एचपीआई में जुलाई-सितंबर अवधि में 0.1 प्रतिशत की कमी आई। अहमदाबाद, लखनऊ, कोलकाता और चेन्नई में सितंबर तिमाही के दौरान मकान की कीमतों में पिछली तिमाही की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई।

### उद्योगों के लिए बैंक ऋण आठ प्रतिशत बढ़ा

वाणिज्यिक बैंकों ने अक्टूबर 2024 में उद्योगों को सालाना आधार पर 8% अधिक ऋण दिया, जबकि एक साल पहले यह वृद्धि 4.8 % थी। रिजर्व बैंक के आंकड़ों से पता चला कि कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए ऋण अक्टूबर 2024 में सालाना आधार पर 15.5% बढ़ा। इसमें पिछले साल 17.4% की वृद्धि हुई थी। प्रमुख उद्योगों में, रसायन और रासायनिक उत्पाद, पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद और परमाणु ईंधन तथा इंजीनियरिंग के लिए एक साल पहले के मुकाबले अक्टूबर 2024 में ऋण वृद्धि अधिक रही। अक्टूबर में व्यक्तिगत ऋणों की वृद्धि दर घटकर 15.8% रह गई, जबकि एक साल पहले यह 18% थी। ऐसा मुख्य रूप से अन्य व्यक्तिगत ऋण, वाहन ऋण और क्रेडिट कार्ड बकाया की वृद्धि में कमी के चलते हुआ। समीक्षाधीन अवधि में व्यक्तिगत ऋण खंड के सबसे बड़े घटक आवास में पिछले साल की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई।

### सेवा निर्यात 22.3% बढ़कर 34.3 अरब डॉलर पर

भारत का सेवा निर्यात लगातार दूसरे महीने बढ़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में यह 22.3 प्रतिशत बढ़कर 34.3 अरब डॉलर हो गया। दूसरी ओर, अक्टूबर में आयात 27.9 प्रतिशत बढ़कर 17.21 अरब डॉलर हो गया है। जुलाई के मुकाबले अगस्त में गिरावट के बाद सितंबर में सेवा निर्यात बढ़कर 32.57 अरब डॉलर हो गया था। आयात में भी लगातार दूसरे महीने वृद्धि हुई।

# क्यूआईपी : प्रभावी और तेज पूंजी जुटाने का तरीका

क्यूआईपी प्रमुख वित्तीय प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से कंपनियां पूंजी जुटाने के लिए शेयरों की बिक्री योग्य संस्थागत निवेशकों को करती हैं। यह तरीका पारंपरिक आईपीओ की तुलना में तेज़ और कम खर्चीला है। संस्थागत निवेशकों को लक्ष्य कर, क्यूआईपी कंपनियों को अपने विकास और विस्तार के लिए त्वरित वित्तीय संसाधन प्रदान करता है। हालांकि, इसमें कुछ जोखिम भी होते हैं, जैसे शेयर की कीमत में गिरावट और नियंत्रण में बदलाव। यह प्रक्रिया कंपनियों के लिए एक लचीला और प्रभावी विकल्प साबित हो सकती है। आइए इस पर कुछ चर्चा करें...

### क्यूआईपी का उद्देश्य

क्यूआईपी से कंपनियां अपनी इक्विटी संस्थागत निवेशकों के समूह को पेश करती हैं, जो उच्च नेट-वर्थ वाले निवेशक होते हैं।

### क्यूआईपी के लाभ

- **तुरंत पूंजी जुटाना :** क्यूआईपी से पूंजी जुटाने की प्रक्रिया आईपीओ से तेज होती है। मंजूरी के बाद कंपनियां जल्दी से फंड्स प्राप्त कर सकती हैं।
- **कम लागत :** आईपीओ के मुकाबले क्यूआईपी की प्रक्रिया में खर्च कम होते हैं। क्यूआईपी का कामकाजी ढांचा सरल होता है।
- **संस्थागत निवेशक :** क्यूआईपी में निवेशकों को भाग लेने की अनुमति होती है, जो अनुभवी और स्थिर होते हैं।
- **लचीलापन :** क्यूआईपी से पूंजी जुटाने के बाद कंपनी को नियंत्रण बनाए रखने में मदद मिलती है।
- **बाजार में संदेश :** कोई प्रतिष्ठित संस्थागत निवेशक क्यूआईपी में निवेश करता है, तो यह बाजार में सकारात्मक संकेत देता है कि कंपनी के पास अच्छा निवेश अवसर है।



### क्यूआईपी प्रक्रिया

- **बोर्ड की स्वीकृति :** सबसे पहले कंपनी के बोर्ड को क्यूआईपी के जरिए पूंजी जुटाने के लिए स्वीकृति देनी होती है।
- **निवेशकों का चयन :** कंपनी एक निवेश बैंक या ब्रोकर के माध्यम से क्यूआईपी के लिए योग्य संस्थागत निवेशकों को चुनती है।
- **प्रस्ताव और मूल्य निर्धारण :** कंपनी अपने निवेशकों के लिए शेयरों की संख्या और कीमत तय करती है। यह मूल्य सामान्यत: बाजार मूल्य के आसपास होता है।
- **शेयर जारी करना :** एक बार स्वीकृति प्राप्त हो जाने पर, कंपनी अपने शेयरों को संस्थागत निवेशकों को आवंटित करती है। निवेशक उन शेयरों को अपनी पसंद के हिसाब से खरीदते हैं।

### जोखिम का भी दें ध्यान

- **शेयर की कीमत में गिरावट :** क्यूआईपी से अधिक शेयर जारी किए जाते हैं, जिससे कंपनी के शेयरों की आपूर्ति बढ़ जाती है। इससे दबाव बढ़ता है और कीमत घट सकती है।
- **नियंत्रण में कमी :** क्यूआईपी में संस्थागत निवेशक निवेश करते हैं परंतु कभी यह संस्थागत निवेशक बड़े पैमाने पर शेयर खरीद लेते हैं, जिससे कंपनी के नियंत्रण में बदलाव होता है।
- **निवेशकों का रुख :** क्यूआईपी की सफलता संस्थागत निवेशकों के रुख पर होती है। अगर निवेशक इस अवसर में रुचि नहीं दिखाते हैं, तो कंपनी को पूंजी जुटाने में कठिनाई हो सकती है।
- **प्रभावित वित्तीय स्थिति :** क्यूआईपी से पूंजी जुटाने के बाद, कंपनी की वित्तीय स्थिति बदल सकती है। यह कंपनियों के लाभांश वितरण, ऋण-चुकौती या अन्य वित्तीय निर्णयों को प्रभावित कर सकता है।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2325, राज श्री 1790, फ़ॉर्चून कि. 2290, रविन्द्रा 2310, फॉर्चुन ली. 2100, जय जवान 1990, सचिन 2125, सूरज 2015, अवसर 2150, राग गोल्ड 2270, गृहणी ली 2090, क्लासिक (किलो) 2190, मोर 2185, चक्र टिन 2095, ब्लू 2260, आशीर्वाद मस्टर्ड 2230, स्वास्तिक 2295 ।किराना-( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 16000, जीरा 30500, लाल मिर्च 18000-20000, धनिया 8500-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-780, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 140-180, मखाना 900-1100 ।चावल-( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 9900, स्पाइस 6800, शरबती कच्ची 4750, शर्बती स्टीम 5100, मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 7500, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10300, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8500, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4650, खजाना 4600 ।दाल दलहन --मूंग दाल इंदौर 10000, मूंग धोवा 10400, राजमा चित्रा 12000-13000, राजमा भूटान नया 10200, मलका काली 7250-7700 मलका दाल 7375-8000, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 8450, दाल चना 8350, लाल हिंदुस्तान 8550, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9750, चना अकोला 8600, डबरा 10000-11200, सच्चा हीरा 12500, मोटा हीरा 14600, अरहर गोला मोटा 10600, अरहर पटका मोटा 11100, अरहर कोरा मोटा 11500, अरहर पटका छोटा 15000-15700, अरहर कोरी छोटी 16800 ।चीनी - डालमियां 3970, पीलीभीत 3950, नवाबगंज 3940, बहेड़ी नयी 3960

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 79300 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 78300 |
| सिल्वर ( पक्की) | 910 (अनुमानित) |

## एक नजर

### ईसीएल ने राजमहल खदान के कोयले की कीमत बढ़ाई

**कोलकाता/नई दिल्ली।** कोल इंडिया की अनुषंगी ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) ने झारखंड के राजमहल क्षेत्र में कोयले की कीमत 450 रुपये से बढ़ाकर 700 रुपये प्रति टन करने की शुक्रवार को घोषणा की। कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि इस कदम से कंपनी को 300 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि लॉजिस्टिक लागत बढ़ने का कुछ बोझ उपभोक्ताओं पर डालने का फैसला किया गया है। कीमत बढ़ोतरी का यह फैसला 30 नवंबर से प्रभावी हो जाएगा।

### जीजेईपीसी ने हीरे पर नए मानकों को अपनाया

**मुंबई।** रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने हीरे के बारे में अमेरिका के संघीय व्यापार आयोग (एफटीसी) की तरफ से जारी नए दिशानिर्देशों को अपना लिया है। एफटीसी के ये दिशानिर्देश उपभोक्ताओं को हीरे खरीदते समय सही निर्णय लेने में मदद करेंगे।

### जीसीसीए की भारतीय शाखा से एनसीबी ने किए दो करार

**नई दिल्ली।** भवन निर्माण सामग्री बनाने वाली इकाइयों के फोरम नेशनल काउंसिल फार सीमेंट एंड बिल्डिंग मैटीरियल्स (एनसीबी) ने सीमेंट उद्योग में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन घटाने के नए तरीकों की खोज करने के लिए ग्लोबल सीमेंट एंड कंक्रीट एसोसिएशन (जीसीसीए), की भारतीय शाखा के साथ दो करार किए हैं।

# प्रधानमंत्री का मानना है, महिलाएं आर्थिक वृद्धि को देंगी गति : वित्तमंत्री

**दरभंगा/पटना, एजेंसी**



- दो दिवसीय दौरे पर आईं सीतारमण उत्तर बिहार के दरभंगा में आयोजित ऋण मेले में शामिल हुईं

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि महिलाएं देश की आर्थिक वृद्धि को गति देंगी। देश तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। सीतारमण उत्तर बिहार के दरभंगा में आयोजित ऋण मेले में बोल रही थीं। उनके साथ मंत्रिमंडल के सहयोगी चिराग पासवान और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि मोदी मुझसे कहते थे कि आम बजट महिला-केंद्रित होना चाहिए। अब उनका कहना है कि बजट ऐसा होना चाहिए, जिसमें महिलाओं को नेतृत्व की भूमिका में रखा जाए। बिहार के दो दिवसीय दौरे पर आईं वित्त मंत्री ने कहा कि यह क्षेत्र मखाना और मधुबनी पेंटिंग के लिए जाना जाता है, और दोनों में महिलाओं की बहुत बड़ी भूमिका है। सीतारमण ने कहा कि हमने ड्रोन दीदी जैसी परियोजनाएं शुरू की हैं। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिला उद्यमियों को नकद सहायता दी जा रही है। उन्हें कौशल प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इससे पहले, उन्होंने पटना में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें केंद्रीय वित्त सचिव एम नागराजू सहित अन्य लोग शामिल हुए। वित्त मंत्री शनिवार को मधुबनी जिले में कुछ कार्यक्रमों में भाग लेंगी।

# सुप्रीम कोर्ट ने शुल्क दर में ट्राई के आदेशों पर हाईकोर्ट के फैसले को रखा बरकरार

- न्यायालय ने कहा- ऐसे मामलों को दूरसंचार न्यायाधिकरण टीडीसैट में सुलझाना चाहिए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के दूरसंचार शुल्क आदेशों को चुनौती देने वाली अपील को खारिज कर दिया। न्यायालय ने इस संबंध में केरल हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा और कहा कि ऐसे मामलों को दूरसंचार न्यायाधिकरण टीडीसैट में सुलझाना चाहिए। इससे पहले हाईकोर्ट ने ट्राई द्वारा जारी दूरसंचार (प्रसारण और केबल) सेवा इंटरकनेक्शन (एड्रेसेबल सिस्टम) विनियम, 2017 और दूरसंचार (प्रसारण और केबल) सेवा (आठवां) (एड्रेसेबल सिस्टम) टैरिफ आदेश, 2017 के कुछ प्रावधानों के खिलाफ भारतीय प्रसारण और डिजिटल फाउंडेशन (आईबीडीएफ) की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था। अदालत ने कहा था कि आईबीडीएफ को टैरिफ आदेशों की समीक्षा के लिए टीडीसैट (दूरसंचार विवाद निपटान अपीलीय न्यायाधिकरण) से संपर्क करना चाहिए था।

# राजकोषीय घाटा पूरे साल के लक्ष्य का 46.5%

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- राजकोषीय घाटा को जीडीपी के 4.9% तक लाने का केंद्र ने लगाया अनुमान

केंद्र का राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 2024-25 के पहले सात महीनों में पूरे साल के लक्ष्य के 46.5% तक पहुंच गया। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) के अनुसार अप्रैल-अक्टूबर की अवधि में राजकोषीय घाटा 7,50,824 करोड़ रुपये था। सरकार के व्यय और राजस्व के बीच के अंतर को राजकोषीय घाटा कहते हैं।

2023-24 की अवधि में घाटा बजट अनुमान का 45% था। सरकार ने आम बजट में 2024-25 में राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.9% तक लाने का अनुमान लगाया है। 2023-24 में घाटा जीडीपी का 5.6% था। इस तरह, सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष के दौरान राजकोषीय घाटे को 16,13,312 करोड़ रुपये पर सीमित रखना है। 2024-25 के पहले सात महीनों के लिए केंद्र के राजस्व-व्यय के आंकड़ों के मुताबिक शुद्ध कर राजस्व 13 लाख करोड़ या चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान का 50.5% था। पिछले वित्त वर्ष के लिए सितंबर 2023 के अंत में शुद्ध कर राजस्व संग्रह 55.9% था। इस साल अक्टूबर तक सात महीनों में केंद्र का कुल व्यय 24.7 लाख करोड़ या बजट अनुमान का 51.3% रहा। एक साल पहले की इसी अवधि में व्यय बजट अनुमान का 53.2% था। कुल व्यय में 20 लाख करोड़ राजस्व खाते में और 4.66 लाख करोड़ पूंजी खाते में थे।

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि आरबीआई के लाभांश भुगतान और पूंजीगत व्यय में सालाना आधार पर कमी से सरकार के राजकोषीय घाटे में सुधार हुआ। राज्यों को जारी कर हस्तांतरण की दोहरी किस्त ने अक्टूबर 2024 में सरकार के शुद्ध कर संग्रह को कम कर दिया। अक्टूबर 2024 में राजस्व व्यय में तेज उछाल से राजकोषीय घाटे में सालाना आधार पर वृद्धि हुई।

# चिकित्सा प्रौद्योगिकी का निर्यात होगा 20 अरब डॉलर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- निर्यात में तेजी के लिए अधिक सरकारी प्रोत्साहन और कारोबारी सुगमता की आवश्यकता

देश में चिकित्सा प्रौद्योगिकी उद्योग का निर्यात 2030 तक 20 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। हालांकि, इस क्षेत्र को निर्यात में तेजी लाने के लिए अधिक सरकारी प्रोत्साहन और कारोबारी सुगमता की आवश्यकता है। उद्योग मंडल सीआईआई ने शुक्रवार को यह कहा।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के राष्ट्रीय चिकित्सा प्रौद्योगिकी मंच के अध्यक्ष हिमांशु बैद ने कहा कि चिकित्सा प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना फिलहाल चुनिंदा चिकित्सा उपकरणों के लिए उपलब्ध है। इसके दायरे में सभी उत्पादों को लाने की आवश्यकता है, जबकि विनिर्माताओं को छिपी लागत को पूरा करने के लिए निर्यात प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज हम देश में जरूरत के हिसाब से 60 से 70% मेडिकल उपकरण आयात कर रहे हैं। जबकि, हमारा विनिर्माण अभी भी बहुत कम है क्योंकि 30% उपकरण देश में ही बनते हैं। हमारा आयात हमारे निर्यात से ज्यादा है। हमारा आयात आठ अरब डॉलर है और हमारा निर्यात चार अरब डॉलर है। बैद ने कहा कि भारत में इस उद्योग को अगले स्तर तक बढ़ाने की सबसे अच्छी क्षमता है तथा वह एक विशेष देश पर आयात निर्भरता कम करने के लिए विश्व द्वारा अपनाई जा रही चीन प्लस वन रणनीति का लाभ उठा सकता है। सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और चीन की तुलना में कम लागत वाले श्रम के मामले में भारत में उपलब्ध प्रतिभा के आधार पर देश इसका लाभ उठाने को तैयार है। भारतीय चिकित्सा प्रौद्योगिकी उद्योग की निर्यात क्षमता पर उन्होंने कहा कि 2030 तक भारत का निर्यात 15 से 20 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है और हमारा आयात आठ अरब डॉलर से घटकर तीन से चार अरब डॉलर रह जाएगा।

# रियल्टी क्षेत्र की वृद्धि से कंपनियों में उत्साह

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनियां और वित्तीय संस्थान चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही के लिए इस क्षेत्र की वृद्धि क्षमता से उत्साहित हैं। जमीन, मकान के बारे में परामर्श देने वाली कंपनी नाइट फ्रैंक और रियल एस्टेट क्षेत्र का निकाय नारेडको ने शुक्रवार को रियल एस्टेट धारणा सूचकांक रिपोर्ट जारी की। इसमें इस क्षेत्र में आशावादी रुख का जिक्र है। रियल एस्टेट धारणा सूचकांक में सितंबर तिमाही में मामूली गिरावट रही और यह 64 पर रहा जबकि अप्रैल-जून में 65 था। भविष्य को लेकर कंपनियों की धारणा जून तिमाही के 65 से बढ़कर 67 हो गई।

# रिश्वत दिए जाने की बात सरासर गलत : सीएफओ

**मुंबई, एजेंसी**

- अडाणी समूह के मुख्य वित्तीय अधिकारी बोले- कोई राशि दी गई होती तो उन्हें जानकारी होती

अडाणी समूह के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) जुगेशिंदर सिंह ने शुक्रवार को कहा कि ठेके हासिल करने के लिए सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने की बात सरासर गलत है। साथ ही सिंह ने कहा कि अगर किसी बड़ी राशि का भुगतान किया जाता, तो उन्हें निश्चित रूप से उसकी जानकारी होती। उन्होंने वित्तीय सेवा मंच ट्रस्ट ग्रुप के कार्यक्रम में कहा कि हम शत-प्रतिशत इस बात से अवगत हैं कि इस तरह का कोई भी मामला नहीं है। क्योंकि अगर आप किसी को इतनी नकद राशि का भुगतान कर रहे हैं, तो मुझे निश्चित रूप से पता होगा। सिंह ने कहा कि समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी और उनके भतीजे सागर अडाणी सहित अन्य के खिलाफ अमेरिका में लगाए गए आरोप अभियोजन अधिकार के अनूठे उपयोग का मामला है। यह समूह पर हमला नहीं है। आरोपों में जिन व्यक्तियों के नाम हैं, वे मामले में उचित मंच पर जवाब देंगे।

# प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन वृद्धि घटकर 3.1 प्रतिशत पर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- अक्टूबर की वृद्धि दर सितंबर में दर्ज 2.4 प्रतिशत के मुकाबले अधिक

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन अक्टूबर 2024 में घटकर 3.1 प्रतिशत रहा। पिछले साल के इसी महीने में यह 12.7 प्रतिशत था। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

अक्टूबर 2024 की वृद्धि दर हालांकि इससे पिछले महीने सितंबर 2024 में दर्ज 2.4 प्रतिशत के मुकाबले अधिक है। अक्टूबर में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में कमी आई है। कोयला, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली के उत्पादन में वृद्धि क्रमशः 7.8, 0.4, 4.2 और 0.6 प्रतिशत रही। पिछले साल अक्टूबर में यह आंकड़ा क्रमशः 18.4, 5.3, 16.9 और 20.4 प्रतिशत था। समीक्षाधीन महीने में रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन बढ़कर 5.2 प्रतिशत हो गया। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अक्टूबर के दौरान प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों - कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली - की वृद्धि दर 4.1 प्रतिशत रही। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 8.8 प्रतिशत थी। ये आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्र औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं।

# विदेशी मुद्रा भंडार 1.31 अरब डॉलर घटकर 656.58 अरब डॉलर पर

- सितंबर के अंत में 704.88 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंचा था

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 1.31 अरब डॉलर घटकर 656.58 अरब डॉलर रहा। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 15 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17.76 अरब डॉलर की रिकॉर्ड गिरावट के साथ 657.89 अरब डॉलर रहा था। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। उसके बाद से इसमें पिछले कई हफ्ते से गिरावट आ रही है। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.04 अरब डॉलर घटकर 566.79 अरब डॉलर रही।

# सोना 700 रुपये तेज, चांदी 1,300 बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सोने की कीमत 79,400 रुपये प्रति 10 ग्राम तो चांदी हुई 92,200 रुपये प्रति किलो

विदेशी बाजारों में मजबूत रुख और स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली बढ़ने से शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 700 रुपये की तेजी के साथ 79,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

गुरुवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। चांदी की कीमत भी 1,300 रुपये उछलकर 92,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। जबकि बृहस्पतिवार को चांदी 4,900 रुपये टूटकर 90,900 रुपये प्रति किलो रही थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 700 रुपये बढ़कर 79,000 रुपये पहुंच गया जो गुरुवार को 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सूत्रों ने कहा कि विदेशी में सकारात्मक रुख और घरेलू मांग में वृद्धि से बाजार धारणा मजबूत हुई, जिससे मुख्यतः सोने की कीमतों में तेजी आई। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष, शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा कि वर्तमान भू-राजनीतिक चिंताओं के बीच सुरक्षित निवेश की मांग के कारण एमसीएक्स पर सोने में सकारात्मक कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना वायदा 20.60 डॉलर प्रति औंस या 0.77 प्रतिशत बढ़कर 2,685.40 डॉलर प्रति औंस हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि खरीदारी और फेडरल रिजर्व द्वारा दिसंबर में ब्याज दर में कटौती की संभावना से तेजी आई।

# पामतेल दर बढ़ने से साबुन की कीमतों में 7-8% की बढ़ोत्तरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एचयूएल और टाटा कंज्यूमर ने हाल ही में चाय की कीमतों में भी की है बढ़ोत्तरी

दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली एचयूएल और विप्रो जैसी प्रमुख कंपनियों ने पामतेल कीमतों में वृद्धि के प्रभाव को कम करने के लिए साबुन की कीमतों में सात-आठ प्रतिशत की वृद्धि की है। पामतेल, साबुन उत्पाद का एक प्रमुख कच्चा माल है।

एचयूएल और टाटा कंज्यूमर जैसी कंपनियों ने हाल ही में चाय की कीमतों में भी वृद्धि की है, क्योंकि अनियमित मौसम से उत्पादन में गिरावट आई है। सितंबर तिमाही के परिणामों के दौरान कई सूचीबद्ध कंपनियों ने अपने मार्जिन को सुरक्षित रखने के लिए चालू तिमाही में साबुन की कीमतों में वृद्धि का संकेत दिया। ये कंपनियां पामतेल, कॉफी और कोको जैसे जिंस आदानों की लागत में वृद्धि का सामना कर रही थीं। विप्रो कंज्यूमर केयर के सीईओ नीरज खत्री ने कहा कि साबुन बनाने में प्रमुख कच्चे माल की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसमें इस साल की शुरुआत से 30% से अधिक की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप सभी प्रमुख कारोबारियों ने वृद्धि को आंशिक रूप से संतुलित करने के लिए 7-8 प्रतिशत की मूल्य वृद्धि की है।

# नियमों के उल्लंघन पर रिलायंस सिक्योरिटीज पर नौ लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को बाजार मानदंडों के साथ शेयर ब्रोकरों के नियमों का उल्लंघन करने पर रिलायंस सिक्योरिटीज पर नौ लाख का जुर्माना लगाया। यह आदेश नियामक और एनएसई और बीएसई द्वारा सेबी-पंजीकृत ब्रोकर रिलायंस सिक्योरिटीज लिमिटेड के अधिकृत व्यक्तियों के खातों, रिकॉर्ड और दस्तावेजों की जांच के बाद आया है। ये निरीक्षण यह पता लगाने को हुआ कि क्या ब्रोकर नियमों, एनएसईआईएल पूंजी बाजार विनियमों और वायदा व विकल्प कारोबार के प्रावधानों के संबंध में आरएसएल द्वारा अपेक्षित तरीके से इनका रखरखाव किया जा रहा है।

## खेती की बातें

### चार साल की योजना तैयार, क्रियान्वयन पर खर्च होंगे 236 करोड़ रुपये

# दलहन-तिलहन में आत्मनिर्भर बनेगा उप्र

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**



- किसानों को मुफ्त मिलेगा बीज, कृषि वैज्ञानिक सिखाएंगे उन्नत तौर-तरीके

**अमृत विचार :** दलहन और तिलहन उत्पादन में प्रदेश अगले कुछ वर्षों में आत्मनिर्भर हो जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर कृषि विभाग ने चार साल की कार्ययोजना तैयार की है। इसके क्रियान्वयन पर करीब 236 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके तहत दलहनी व तिलहनी फसलों के बीज के मिनी किट का निःशुल्क वितरण, प्रगतिशील किसानों के यहां प्रदर्शन और किसान पाठशालाओं के जरिये विशेषज्ञों द्वारा खेती के उन्नत तौर-तरीकों की जानकारी देना शामिल है।

योजना के तहत प्रदेश के अलग-अलग कृषि जलवायु के अनुरूप तय समयावधि में संबंधित क्षेत्र के किसानों को दलहनी फसलों के लिए उर्द, मूंग, अरहर, चना, मटर, मसूर और तिलहनी फसलों में तिल, मूंगफली, राई/सरसों और अलसी के बीज निःशुल्क दिए जाएंगे। विश्व बैंक की मदद से चलने वाली यूपी एग्रीज योजना भी दलहन और तिलहन में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने में मददगार होगी। खासकर, झांसी और इससे सटे इलाकों में मूंगफली की खेती को प्रोत्साहन देने के लिए क्लस्टर विकसित करने की योजना है।

### अभी मांग की तुलना में काफी पीछे प्रदेश

फिलहाल खाद्य तेलों की आवश्यकता के सापेक्ष 30-35 फीसदी और दलहन की आवश्यकता के सापेक्ष प्रदेश में 40-45 फीसदी ही उत्पादन हो रहा है। दलहनी और तिलहनी फसलों में आत्मनिर्भर होने के बाद मांग एवं आपूर्ति में संतुलित होने पर ऐसा नहीं हो सकेगा।

### केंद्र सरकार ने भी चयनित किए हैं जिले

दलहनी फसलों में सर्वाधिक खपत अरहर दाल की होती है, इसलिए केंद्र सरकार ने अरहर की खेती के लिए 35 और उर्द की खेती को प्रोत्साहन देने के लिए 18 जिले चयनित किए हैं। प्रदेश सरकार पहले से दलहनी फसलों के प्रोत्साहन के लिए बुंदेलखंड को फोकस कर दलहन ग्राम योजना चला रही है।

# भारत फिर चुना गया संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग का सदस्य

न्यूयॉर्क, एजेंसी



भारत को 2025-2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग के सदस्य के रूप में फिर से चुना गया है। आयोग में भारत का वर्तमान कार्यकाल 31 दिसंबर को समाप्त होगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत को 2025-2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग (पीबीसी) के लिए फिर से चुना गया है।

संस्थापक सदस्य और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में भारत वैश्विक शांति और स्थिरता की दिशा में काम करने के वास्ते पीबीसी के साथ अपना जुड़ाव जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। पीबीसी में 31 सदस्य देश हैं जो संयुक्त राष्ट्र महासभा, सुरक्षा परिषद और आर्थिक एवं सामाजिक परिषद से चुने जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में शीर्ष वित्तीय योगदान देने वाले देश और शीर्ष सैन्य योगदान देने वाले देश भी इसके सदस्य हैं। भारत संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में वर्दीधारी कर्मियों के रूप में सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक है। संयुक्त राष्ट्र के अभियानों के तहत वर्तमान में भारत के लगभग 6,000 सैन्य और पुलिसकर्मी अबेई, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, साइप्रस, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, लेबनान, पश्चिम एशिया, सोमालिया, दक्षिण सूडान और पश्चिमी सहारा में तैनात हैं।

शांति अभियानों में लगभग 180 भारतीय शांति सैनिकों ने कर्तव्य निर्वहन के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया है, जो योगदानकर्ता के रूप में किसी अन्य देश के मुकाबले अब तक की सबसे अधिक संख्या है।

# अंतरिक्ष के क्षेत्र में स्टार्टअप की भूमिका महत्वपूर्ण

- इसरो प्रमुख ने कहा- वैश्विक बाजार में अधिक हिस्सेदारी हासिल कर सकता है भारत

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

इसरो के चेयरमैन एस सोमनाथ ने शुक्रवार को कहा कि भारत में अंतरिक्ष गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में निजी क्षेत्र व स्टार्टअप की महत्वपूर्ण भूमिका है। इनकी मदद से देश वैश्विक बाजार में अधिक हिस्सेदारी हासिल कर सकता है। वह यहां केरल स्टार्टअप मिशन के कार्यक्रम हडल ग्लोबल 2024 में इसरो के विजन और भारत में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कंपनियों के उदय पर बोल रहे थे।

सोमनाथ ने कोवलम में स्टार्टअप उत्सव के दूसरे दिन अपने संबोधन में कहा, एक स्वीकृत अंतरिक्ष ताकत होने के बावजूद, वैश्विक कारोबार में भारत की हिस्सेदारी सिर्फ दो प्रतिशत यानी 386 अरब अमेरिकी डॉलर है। भारत की योजना इसे 2030 तक 500 अरब डॉलर और 2047 तक 1,500 अरब डॉलर तक बढ़ाने की है। निजी क्षेत्र के लिए व्यावसायिक गतिविधियों की संभावनाओं की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के पास सिर्फ 15 परिचालन अंतरिक्ष उपग्रह हैं, जो अपेक्षाकृत कम है। सोमनाथ ने कहा कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की विशेषज्ञता और उपग्रह निर्माण कंपनियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए देश अंतरिक्ष में कम से कम 500 उपग्रह रखने की क्षमता रखता है। अब बाजार में कई निजी इकाइयां उभर रही हैं, जिनके पास उपग्रहों का निर्माण करने और उन्हें कक्षा में स्थापित करने की क्षमता है और यहां तक कि निजी 'लॉन्चपैड' भी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2014 में जहां अंतरिक्ष से संबंधित सिर्फ एक स्टार्टअप था, वहीं 2024 तक यह संख्या बढ़कर 250 से ज्यादा हो गई है।



कार्यक्रम में संबोधित करते इसरो प्रमुख सोमनाथ।

## गगनयान मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के लिए प्रारंभिक प्रशिक्षण पूरा

चेन्नई। अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर इसरो-नासा संयुक्त मिशन के लिए गगनयात्रियों के प्रशिक्षण का प्रारंभिक चरण पूरा हो गया है। अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को बताया कि आईएसएस के लिए इसरो-नासा के संयुक्त प्रयास को पूरा करने के लक्ष्य की ओर, एक्सिओम मिशन-4 (एक्स-4) के लिए नियुक्त दो गगनयात्रियों (प्राइम-ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और बैकअप-ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर) ने अगस्त, 2024 के पहले सप्ताह से अमेरिका में अपना प्रशिक्षण शुरू किया था और 28 नवंबर को प्रशिक्षण का प्रारंभिक चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। प्रारंभिक प्रशिक्षण के चरणों में ग्राउंड सुविधा पर्यटन, मिशन लॉन्च चरणों का प्रारंभिक अवलोकन, स्पेसएक्स सूट फिट चेक और चयनित अंतरिक्ष भोजन विकल्प शामिल थे। इसके अलावा, प्रशिक्षण में स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान और अंतरिक्ष से फोटोग्राफी, दैनिक संचालन दिनचर्या और संचार प्रोटोकॉल समेत आईएसएस की विभिन्न ऑनबोर्ड प्रणालियों के साथ परिचय सत्र भी शामिल थे।

## एक नजर

### वार्ताकार प्लास्टिक प्रदूषण संधि पर सहमति के करीब

**दक्षिण कोरिया।** प्लास्टिक प्रदूषण के वैश्विक संकट से निपटने के लिए काम कर रहे वार्ताकार शुक्रवार को एक संधि पर सहमति बनाने के और करीब पहुंच गए क्योंकि और भी देशों ने कहा है कि वे इस समस्या का समाधान करना चाहते हैं। वार्ता का सबसे विवादास्पद मुद्दा यह है कि क्या प्लास्टिक के उत्पादन की सीमा तय की जाए। पनामा ने प्लास्टिक उत्पादन के समाधान के लिए संधि के वास्ते एक मसौदे का प्रस्ताव किया। पनामा के प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख जुआन कारलोस मोंटेरी ने कहा कि संधि के वास्ते आम सहमति बनाने के लिए यह प्रस्ताव लाया गया है और इसमें उत्पादन की सीमा शामिल नहीं की गई है। पनामा के प्रस्ताव को 100 से अधिक देशों का समर्थन मिला है।

### बुशरा बीबी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अधिकारी 19 करोड़ पाउंड के कथित भ्रष्टाचार मामले में अदालत में पेश नहीं होने पर जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को गिरफ्तार करने के लिए जोर आजमाइश कर रहे हैं। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के मुताबिक जवाबदेही अदालत द्वारा 22 नवंबर को सुनाए गए फैसले के बाद सख्ती की जा रही है। बुशरा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए गए थे, क्योंकि वह लगातार आठ सुनवाई में अनुपस्थित रही थीं।

### अरबपति मलेशियाई का 86 वर्ष की आयु में निधन

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के सबसे अमीर लोगों में शामिल दूरसंचार, मीडिया, पेट्रोलियम और रियल इस्टेट उद्यमी आनंद कृष्णन का निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। कृष्णन की निवेश कंपनी उसाहा टेगास ने बताया कि उनके परिवार ने लोगों से निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया है। बयान में निधन का कारण नहीं बताया गया। इसके अनुसार आनंद ने राष्ट्र निर्माण और कॉर्पोरेट जगत में बड़ा योगदान दिया है। उनके परोपकार के कार्यों ने कई लोगों की जिंदगियों को प्रभावित किया है।

### ब्रिटेन की मंत्री ने धोखाधड़ी मामले में दिया इस्तीफा

**लंदन।** ब्रिटेन की परिवहन मंत्री लुइस हेग ने एक दशक पुराने सेलफोन धोखाधड़ी मामले में दोषी पाए जाने के बाद शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। प्रधानमंत्री कीअर स्टार्मर को लिखे एक पत्र में हेग ने कहा, मैं अपनी राजनीतिक जिम्मेदारियों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं, लेकिन अब मेरा मानना है कि पद से इस्तीफा देना ही सबसे उपयुक्त होगा।

### ईरान यूरेनियम संवर्धन पर शुरू करेगा कार्यः संरा

**दुबई।** संयुक्त राष्ट्र (संरा) की एक निगरानी एजेंसी ने शुक्रवार को कहा कि ईरान अपने दो मुख्य परमाणु संयंत्रों (फोर्डो और नतानज) में हजारों उन्नत 'सेंट्रीफ्यूज' के साथ यूरेनियम संवर्धन का काम शुरू कर देगा। तेहरान के इस कार्यक्रम को लेकर तनाव फिर से बढ़ गया है। आईएईए के नोटिस में कहा गया है कि केवल पांच प्रतिशत शुद्धता और नए सेंट्रीफ्यूज के साथ ईरान द्वारा यूरेनियम का संवर्धन किया जा रहा है, जो उसकी संवर्धन करने की मौजूदा क्षमता (60 प्रतिशत) से काफी कम है।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की हो रक्षा

## भारत ने कहा- अंतरिम सरकार निभाए जिम्मेदारी, उग्र बयानबाजी व हिंसा की घटनाएं चिंताजनक

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने शुक्रवार को कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा की अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। साथ ही, उसने पड़ोसी देश में उग्र बयानबाजी और हिंसा की बढ़ती घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश सरकार के समक्ष हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ खतरों और लक्षित हमलों का मुद्दा लगातार और दृढ़ता से उठाया है। उन्होंने कहा इस मामले पर हमारा रुख स्पष्ट है।

अंतरिम सरकार को सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा की अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। जायसवाल ने कहा हम आक्रामक बयानबाजी, हिंसा और उकसावे की बढ़ती घटनाओं से चिंतित हैं। इन घटनाक्रम को केवल यह कहकर खारिज नहीं किया जा सकता कि मीडिया में बढा-चढ़ाकर दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा हम एक बार फिर बांग्लादेश से अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए सभी कदम उठाने का आह्वान करते हैं। बांग्लादेशी अधिकारियों द्वारा हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी पर जायसवाल ने कहा कि भारत ने पाया है कि मामले में कानूनी प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा जहां तक व्यक्तियों के खिलाफ मामलों का सवाल है, हमने पाया है कि कानूनी प्रक्रियाएं चल रही हैं। जायसवाल ने कहा हमें उम्मीद है कि ये प्रक्रियाएं मामले को न्यायसंगत, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निपटाएंगी, जिससे सभी संबंधित लोगों के कानूनी अधिकारों का पूरा सम्मान सुनिश्चित होगा।



जानकारी देते रणधीर जायसवाल।

### बांग्लादेश ने भारत से उसके राजनयिक मिशन की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा

**ढाका।** बांग्लादेश ने कोलकाता स्थित उप उच्चायोग पर हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन पर गहरी चिंता व्यक्त की और भारत से देश में उसके सभी राजनयिक मिशन की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। विदेश मंत्रालय के दावा किया प्रदर्शन में बांग्लादेश का झंडा फूंका गया।

### ब्रिटेन की संसद में उठा हिंदुओं पर अत्याचार का मुद्दा

**लंदन।** ब्रिटेन के संसद सदस्य और ब्रिटिश हिंदुओं के ऑल पार्टी पार्लियामेंट्री ग्रुप (एपीपीजी) के अध्यक्ष बॉब ब्लैकमैन ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित हमलों को लेकर संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में चिंता जताई। संसद सत्र के दौरान उत्तरी लंदन में हैरो ईस्ट के सांसद ब्लैकमैन ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के कथित उत्पीड़न और हिंदू आध्यात्मिक नेता चिन्मय कृष्ण दास को जेल भेजने की निंदा की।

### बांग्लादेश ने दोहरे मापदंड अपनाने का लगाया आरोप

**ढाका।** बांग्लादेश ने दावा किया कि भारत अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा पर दोहरे मानदंड अपना रहा है और पड़ोसी देश (भारत) की मीडिया पर ढाका के खिलाफ बहुत बड़े पैमाने पर दुष्प्रचार अभियान चलाने का आरोप लगाया। कानून मामलों के सलाहकार आसिफ नजरूल ने कहा कि बांग्लादेश को लेकर भारत की गैर वाजिब चिंता जारी है। नजरूल ने लिखा भारत में अल्पसंख्यक के प्रति क्रूरता की अनगिनत घटनाओं का होना जारी है, लेकिन कोई पछतावा या शर्मिंदगी नहीं है।

## चिन्मय सहित 16 अन्य के बैंक खाते फ्रीज करने के आदेश



बांग्लादेश में इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने की मांग पर जुटी भीड़।

**ढाका।** बांग्लादेश वित्तीय खुफिया इकाई (बीएफआईयू) ने अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी से जुड़े 17 लोगों के बैंक खाते 30 दिन के लिए फ्रीज करने का आदेश दिया है। यह निर्देश गुरुवार को जारी किया गया और देश के विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थानों को भेजा गया। ढाका ट्रिब्यून ने बीएफआईयू के हवाले से बताया कि इसमें खातों से एक महीने के लिए सभी लेन-देन निलंबित कर दिए गए हैं। इसके अलावा अन्य 16 लोगों में कार्तिक चंद्र डे, अनिक पाल, सरोज रॉय, सुशांत दास, बिस्वा कुमार सिंघा, चंडीदास बाला, जयदेव कर्माकर, लिपि रानी कर्माकर, सुधामा गौर दास, लक्ष्मण कांति दास, प्रियतोष दास, रूपन दास, रूपन कुमार धर, आशीष पुरोहित, जगदीश चंद्र अधिकारी और सजल दास शामिल हैं। बीएफआईयू ने बैंकों से इन व्यक्तियों के स्वामित्व वाले सभी व्यवसायों के लिए खाता खोलने के फॉर्म, केवाईसी फॉर्म और शुरुआत से लेन-देन का ब्यौरा सहित विस्तृत खाता जानकारी भी मांगी है। यह जानकारी तीन कार्य दिवसों के भीतर प्रदान की जानी चाहिए। यह कार्रवाई हाल ही में सनातन जागरण जोत के प्रवक्ता चिन्मय की गिरफ्तारी के बाद की गई है। वहीं, मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शुक्रवार को भी इस्कॉन पर प्रतिबां लगाने की मांग की।

# पाकिस्तानी महिला एजेंट को सात माह तक दी राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जानकारी

- गुजरात एटीएस ने किया गिरफ्तार आरोपी के खाते में डालती थी पैसे

अहमदाबाद, एजेंसी

राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जानकारी पाकिस्तानी एजेंट को देने के आरोप में गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस ) ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एटीएस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि गुजरात एटीएस को खुफिया सूचना मिली थी कि देवभूमि-द्वारका निवासी दीपेशभाई बटुकभाई गोहेल पिछले कुछ समय से व्हाट्सएप के जरिए पाकिस्तानी आर्मी या जासूसी एजेंसी आईएसआई के किसी अधिकारी या महिला एजेंट के संपर्क में है।

सूचना के आधार पर दीपेशभाई गोहेल को पूछताछ के लिये गुजरात के अहमदाबाद एटीएस ऑफिस बुलाया गया। पूछताछ में पता चला कि वह पिछले तीन साल से ओखा जेट्टी पर कोस्ट गार्ड की नावों की मरम्मत का काम कर रहा है। आज से करीब सात महीने पहले वह साहिमा नाम की एक फेसबुक प्रोफाइल के संपर्क में आया। साहिमा फेसबुक प्रोफाइल धारक ने उसे बताया कि वह एक महिला है और पाकिस्तान नौसेना के लिये काम कर रही है। साहिमा फेसबुक प्रोफाइल धारक ने वाटसएप के माध्यम से भी उसका संपर्क किया। इसी बीच, उक्त साहिमा ने दीपेश गोहेल से उसके काम के बारे में पूछा तब उसने बताया कि वह ओखा पोर्ट पर डिफेंस बोट में वेल्डिंग और इलेक्ट्रिकल तथा फर्नीचर संबंधी काम करता है। साहिमा ने तब उससे कहा कि वह उसे ओखा बंदरगाह पर तैनात किसी भी तटरक्षक जहाज का नाम और नंबर दे दें। वह उसे दो सौ रुपये रोज के हिसाब से हर महीने उसके बैंक खाते में पैसे जमा करेगी।

इसलिए दीपेश गोहेल ने व्हाट्सएप के जरिये साहिमा को पैसे के लिये हर दिन ओखा जेट्टी जाकर वहां मौजूद नावों के नाम और नंबर और अपने दोस्तों के यूपीआई-लिंक्ड नंबर भेजे। इसके लिये साहिमा ने उसके दोस्तों के बैंक खाते में पिछले सात-आठ महीने के दौरान यूपीआई के माध्यम से 42,000 रुपये जमा किये हैं। जिस व्हाट्सएप अकाउंट पर साहिमा ने दीपेश गोहेल के साथ चैट की वह पाकिस्तान से संचालित होता पाया गया।



गिरफ्तार आरोपी दीपेशभाई गोहेल।

## चक्रवात की आशंका



आईएमडी द्वारा समुद्र में न जाने की चेतावनी के बीच तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में मछुआरे अपनी नावों को समुद्र से दूर ले जाते हुए। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने गहरे दबाव के चक्रवात फेंगल में तब्दील होने की आशंका है।

## अमेरिका ने परमाणु हथियार वितरण प्रणाली को किया उन्नत

**वाशिंगटन।** अमेरिका अपने परमाणु त्रिकोण परमाणु हथियार, मिसाइल और रणनीतिक बमवर्षक ले जाने वाली पनडुब्बियां को उन्नत कर रहा है। आरआईए नोवोस्ती की ओर से प्राप्त रोसकांग्रेस फाउंडेशन की एक रिपोर्ट में कहा गया नए एलजीएम-35 सेंटिनल अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का विकास जारी है। जिसे पहले ग्राउंड-बेस्ड स्ट्रैटेजिक डिटरेंट (जीबीएसडी) के नाम से जाना जाता था। यह मौजूदा मिनटमैन तृतीय आईसीबीएम की पूरी तरह से जगह ले लेगा।

## असाध्य रोगियों के जीवन समाप्ति संबंधी विधेयक के पक्ष में मतदान

- ब्रिटिश सांसदों ने किया मतदान पक्ष में 330, विपक्ष में 275 मत पड़े

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में सांसदों ने इंग्लैंड और वेल्स में असाध्य रोग से पीड़ित व्यक्तियों को अपना जीवन समाप्त करने के लिए चिकित्सकीय सहायता का अनुरोध करने की अनुमति देने वाले ऐतिहासिक विधेयक के पक्ष में शुक्रवार को मतदान किया।

लेबर पार्टी की सांसद किम लेडबीटर द्वारा गैर सरकारी विधेयक के रूप में प्रस्तुत किए गए असाध्य रोग से पीड़ित वयस्कों (जीवन समाप्ति) विधेयक के पक्ष में 330 मत पड़े, जबकि विपक्ष में 275 मत पड़े। विधेयक को संशोधन एवं विचार के लिए संसद के उच्च सदन 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स' में भेजा जाएगा। कानून में बदलाव का फैसला संसद को करना है और प्रधानमंत्री ने आधिकारिक तौर पर कहा है कि वह ऐसा कुछ नहीं कहेंगे या करेंगे, जिससे अन्य लोगों पर उनके वोट के संबंध में दबाव पड़े। हर सांसद को अपना मन बनाना होगा और तय करना होगा कि वे क्या करना चाहते हैं।

## युद्धविराम उल्लंघन को रोकने के लिए दबाव डालने का आह्वान

**बेरूत।** लेबनान के प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने गुरुवार को इजराइल पर हिजबुल्ला के साथ युद्धविराम समझौते के उल्लंघन को रोकने के लिए दबाव डालने का आग्रह किया। लेबनान के मंत्रिमंडल की मंत्रिपरिषद के एक बयान में यह जानकारी दी गयी। मिकाती ने यह टिप्पणी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ फोन पर बातचीत के दौरान की। इस दौरान उन्होंने बुधवार तड़के संघर्ष विराम लागू होने के बाद लेबनान में मौजूदा स्थिति पर चर्चा की।

# रूसी रक्षा मंत्री उ. कोरिया पहुंचे सैन्य विस्तार पर होगी बातचीत

सियोल, एजेंसी

रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव सैन्य अधिकारियों और राजनीतिक नेताओं के साथ वार्ता के लिए शुक्रवार को उत्तर कोरिया पहुंचे। रूस के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। रूस की समाचार एजेंसी तास ने मंत्रालय के हवाले से दी गई अपनी खबर में हालांकि यह नहीं बताया कि बेलौसोव किससे मिलेंगे या बातचीत का उद्देश्य क्या है। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने इस यात्रा की पुष्टि नहीं की है।

पूर्व अर्थशास्त्री बेलौसोव ने मई में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सत्ता में पांचवां कार्यकाल शुरू करने के बाद रक्षा मंत्री के रूप में सर्गेई शोइगू का स्थान लिया था। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई तस्वीरों में बेलौसोव को उत्तर कोरियाई रक्षा मंत्री नो क्वांग चोल के साथ प्योंगयांग हवाई अड्डे पर 'रेड कार्पेट' पर चलते हुए दिखाया गया है। उत्तर कोरियाई सैन्य अधिकारियों को एक बैनर के तले ताली बजाते देखा गया, जिस पर लिखा था, लड़ रही रूस की सेना और उसके लोगों के प्रति पूर्ण समर्थन और एकजुटता। बेलौसोव ने अपने आगमन के बाद कहा कि दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग का विस्तार हो रहा है। उन्होंने प्योंगयांग में जून की बैठक के बाद पुतिन और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन द्वारा हस्ताक्षरित रणनीतिक साझेदारी समझौते की सराहना की।



## उपराष्ट्रपति पर महाभियोग समय की बर्बादी : राष्ट्रपति

**मनीला।** फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें जान से मारने की सार्वजनिक रूप से धमकी देने के बाद से कानूनी संकट में घिरीं उपराष्ट्रपति सारा दुतेर्ते के खिलाफ महाभियोग की शिकायत दर्ज करने से संसद के समय की बर्बादी होगी। कई समूह दुतेर्ते के खिलाफ महाभियोग की शिकायत दर्ज कराने की योजना बना रहे हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि राष्ट्रपति की इस टिप्पणी के बाद इन योजनाओं को रोक दिया जाएगा या नहीं। गोपनीय सरकारी धन का दुरुपयोग करने के आरोपों और राष्ट्रपति, उनकी पत्नी एवं प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष को हाल में दी गई सार्वजनिक धमकी के कारण दुतेर्ते संकट में घिर गई हैं। दुतेर्ते ने कहा था कि यदि वह स्वयं किसी साजिश में मारी गईं तो राष्ट्रपति, उनकी पत्नी और प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष को भी मरवा दिया जाएगा। उन्होंने साजिश का विस्तृत विवरण नहीं दिया था।

**खगोल विज्ञान** चकाचौंध कर देने वाली चमक है दूर की आकाशगंगा में

# वेब के कैमरे में पहली बार कैद हुई गैलेक्सी सोम्ब्रेरो

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** ब्रह्मांड की खोज खबर में जुटी जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने एक और कारनामा कर दिखाया है। इस बार 30 मिलियन प्रकाशवर्ष दूर की आकाशगंगा की तस्वीर कैमरे में कैद की है। यह आकाशगंगा चकाचौंध कर देने वाली चमक खुद में समाए हुए है, जो देखने में बेहद आकर्षक नजर आ रही है। जो महीन धूल से लेकर आंतरिक कोर क्षेत्र तारों के धब्बों को खुद मे समेटे है।

सोम्ब्रेरो आकाशगंगा (एम104) की नई तस्वीर को नासा ने दो दिन पहले जारी किया है। यह रोशनी से चकाचौंध कर देने वाली गैलेक्सी है। इसमें महीन धूल भरी पड़ी है। इसके आंतरिक कोर क्षेत्र में तारों को बखूबी देखा जा सकता है। नासा के अनुसार सोम्ब्रेरो आकाशगंगा विशेष रूप से अत्यधिक सक्रिय तारों का निर्माण नहीं करती है। इसके केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल मौजूद है। यह प्रति वर्ष एक से भी कम सौर द्रव्यमान वाले तारे उत्पन्न करती है। मगर बड़ी संख्या में तारों का उत्पादन होता है । मगर इसकी तुलना स्टारबर्स्ट गैलेक्सी M82 से करें तो मिल्की वे और सोम्ब्रेरो की तुलना में प्रति वर्ष 10 से 20 गुना अधिक तारे पैदा होते हैं। सोम्ब्रेरो आकाशगंगा के केंद्र में स्थित सुपरमैसिव ब्लैक होल का द्रव्यमान लगभग 9 बिलियन सौर द्रव्यमान है। सोम्ब्रेरो गैलेक्सी में लगभग 2,000 तारों का गोलाकार समूह है, जो गुरुत्वाकर्षण द्वारा गोलाकार झुरमुट में एक साथ बंधे होते हैं।

सोम्ब्रेरो आकाशगंगा कन्या राशि के निकट दक्षिणपूर्वी सीमा पर स्थित है। तस्वीरों में एम 104 एक आश्चर्यजनक आकाशगंगा नजर आती है। इसका परिमाण यानी चमक 8.3 मैग्नेट्यूट है। इसे छोटी दूरबीन से देख सकते हैं। यह एक चमकदार कोर वाली सर्पिल आकाशगंगा है।



## लगातार विस्तार की ओर ब्रह्मांड

**नैनीताल :** ब्रह्मांड का विस्तार निरंतर जारी है। यह कब तक जारी रहेगा, कहा नहीं जा सकता। खगोलविदों का कहना है कि जेम्स वेब की सुविधा उपलब्ध हो जाने से अंतरिक्ष की दुनिया को समझने व देखने में काफी मदद मिली है। इस तरह की अभी कई दूरबीन अंतरिक्ष में स्थापित करनी होगी, तभी हम ब्रह्मांड को भलीभांति समझ पाने में सक्षम हो पाएंगे। इस कार्य में दुनिया के सभी देशों को एकजुट होना होगा और सूचनाओं का आदान प्रदान करना होगा।